दैनिक समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 150 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 11 मार्च 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

डीएपी की कीमत स्थिर, किसानों को रबी सीजन में राहत

समाज जागरण

नई दिल्ली, 10 मार्च 2026 - केंद्र सरकार ने रबी सीजन 2025-26 के लिए किसानों को बड़ी राहत दी है। सरकार ने डाय-अमोनियम फॉस्फेट उर्वरक की कीमत 1350 रुपये प्रति 50 किलोग्राम बैग पर स्थिर रखने का फैसला किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद किसानों पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं डाला जाएगा। रसायन और उर्वरक मंत्रालय के अनुसार, डीएपी की कीमत स्थिर रखने के लिए सरकार ने 3500 रुपये प्रति मीट्रिक टन की विशेष व्यवस्था की है, जिसमें फैक्टरी से खेत तक लॉजिस्टिक्स लागत, जीएसटी और निमार्ताओं के लिए लगभग 4 प्रतिशत लाभ शामिल है।

उपलब्धताः जरूरत से ज्यादा

सरकार ने बताया कि देश में फॉस्फेटिक और पोटाश उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। 5 मार्च 2026 तक के आंकड़े इस प्रकार हैंः

डीएपीः जरूरत 51.38 लाख मीट्रिक टन, उपलब्धता 71.89 लाख मीट्रिक टन

एमओपी : जरूरत 14.18 लाख मीट्रिक टन, उपलब्धता 18.17 लाख मीट्रिक टन

एनपीकेएसः जरूरत 76.48 लाख मीट्रिक टन, उपलब्धता 108.39 लाख मीट्रिक टन

सरकार ने उर्वरकों की आपूर्ति और आवाजाही के लिए iFMS नामक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का उपयोग कर निगरानी बढ़ा दी है।

नई नीति और सब्सिडी

न्यूट्रिएंट बेस्ड सब्सिडी ढांचे के तहत अब 10:26:26 और 12:32:16 जैसे नए उर्वरक ग्रेड भी शामिल हैं। इसके तहत नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटाश की मात्रा के आधार पर सब्सिडी दी जाएगी, जिससे किसान अपनी फसल और मिट्टी की जरूरत के अनुसार उर्वरक का चयन कर सकेंगे।

रेल मंत्रालय के साथ समन्वय कर समय पर राज्यों तक उर्वरक पहुंचाने के लिए रेल रैक को प्राथमिकता दी जा रही है।

अन्य प्रमुख उर्वरकों की कीमत

NPK 10-26-26: 1814.82 रुपये

NPK 12-32-16: 1711.87 रुपये

MOP: 1710.54 रुपये

सरकार का कहना है कि इस नीति से संतुलित पोषण बढ़ेगा, यूरिया पर अत्यधिक निर्भरता कम होगी और मिट्टी की सेहत बेहतर बनी रहेगी। यह जानकारी रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने 10 मार्च 2026 को राज्यसभा में लिखित रूप में दी।

केंद्र ने रसोई गैस और पाइपलाइन गैस की निर्बाध आपूर्ति के दिए निर्देश

नई दिल्ली, 10 मार्च 2026 - केंद्र सरकार ने मध्य पूर्व में जारी युद्ध के कारण गैस आपूर्ति में संभावित बाधाओं को ध्यान में रखते हुए घरेलू रसोई, परिवहन और औद्योगिक उपयोग के लिए प्राकृतिक गैस, एलपीजी और सीएनजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के आदेश जारी किए हैं। यह निर्देश आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत दिया गया है और इसे सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर लागू किया जाएगा।

प्राथमिकता वाले क्षेत्र और गैस आपूर्ति

प्राकृतिक गैसः पहले प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को भेजी जाएगी। यह कदम होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से एलएनजी शिपमेंट में संभावित रुकावट के मद्देनजर लिया गया है।

एलपीजी उत्पादनः रिफाइनरियों और पेट्रोकेमिकल इकाइयों को एलपीजी का उत्पादन अधिकतम करने और प्रमुख हाइड्रोकार्बन स्ट्रीम को एलपीजी पूल में भेजने के निर्देश दिए गए हैं। अब एलपीजी सिलेंडर की दो बुकिंग के बीच का अंतर 25 दिन होगा।

उर्वरक और औद्योगिक इकाइयों के लिए नियम

प्राथमिकता क्षेत्र 2 में सूचीबद्ध उर्वरक संयंत्र केवल उर्वरक उत्पादन के लिए गैस का उपयोग करेंगे। उन्हें पिछले छह महीनों की औसत गैस खपत के 70 प्रतिशत के बराबर गैस उपलब्ध कराई जाएगी।

प्राथमिकता क्षेत्र 1 में चाय उद्योग, विनिर्माण और अन्य औद्योगिक उपभोक्ता राष्ट्रीय गैस ग्रिड के माध्यम से, पिछले छह महीनों की औसत खपत का 80 प्रतिशत गैस प्राप्त करेंगे।

सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नेटवर्क के माध्यम से औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को भी पिछले छह महीनों की औसत खपत का 80 प्रतिशत गैस सुनिश्चित की जाएगी।

सरकार का कहना है कि इन आदेशों से जमाखोरी और कालाबाजारी पर लगाम लगेगी, घरेलू रसोई गैस की उपलब्धता बनी रहेगी और औद्योगिक गतिविधियों में व्यवधान नहीं होगा।

पुलिस महानिदेशक ने की राज्यस्तरीय अपराध समीक्षा, जनशिकायतों में कमी पर जताई संतुष्टि

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने सभी जनपदीय प्रभारियों के साथ ऑनलाइन माध्यम से राज्यस्तरीय अपराध समीक्षा बैठक की।

बैठक में जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, विवेचनाओं की गुणवत्ता और समयबद्धता, जीरो फैटलिटी डिस्ट्रिक्ट (जेडएफडी) अभियान, यक्ष ऐप के प्रभावी उपयोग तथा ई-साक्ष्य से जुड़े मामलों की समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान पाया गया कि सतत निगरानी और प्रभावी पुलिसिंग के कारण प्रदेश में जनशिकायतों की संख्या में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। सम्भल, फिरोजाबाद और इटावा जिलों में शिकायतों में लगभग 70 प्रतिशत तक कमी आई है। वहीं विवेचनाओं के समयबद्ध निस्तारण के मामले में केंद्रीय रैंकिंग में उत्तर प्रदेश देश में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है।

बैठक में बताया गया कि जीरो फैटलिटी डिस्ट्रिक्ट (जेडएफ-डी) अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन से सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी दर्ज की गई है। इस अभियान के तहत श्रावस्ती जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में लगभग 83 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई है, जो उल्लेखनीय उपलब्धि है।

संसद में पश्चिम एशिया संकट पर हंगामा, लोकसभा की कार्यवाही 12 बजे तक स्थगित

समाज जागरण

नई दिल्ली, 10 मार्च 2026 - पश्चिम एशिया में ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव को लेकर मंगलवार को संसद में हंगामा देखने को मिला। विपक्षी दलों ने सदन में तत्काल चर्चा कराने की मांग की, जिसके चलते लोकसभा की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।



विपक्षी नारेबाजी और अविश्वास प्रस्ताव

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पश्चिम एशिया संकट पर बहस कराने की मांग की। विपक्षी सदस्य लगातार नारेबाजी करते हुए सरकार से वक्तव्य और चर्चा कराने की जरूरत जताते रहे।

इस बीच, आज अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष की ओर से अविश्वास प्रस्ताव पेश किया जाना है। प्रस्ताव में उन पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए उन्हें पद से हटाने की मांग की गई है। इसे बिहार के किशनगंज से सांसद मोहम्मद जावेद पेश करेंगे। आवश्यक 50 सांसदों का समर्थन मिलने के कारण प्रस्ताव स्वीकार कर लिया गया है।

लगातार हंगामा

सोमवार को भी विपक्षी सदस्यों ने पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा की मांग को लेकर लोकसभा में हंगामा किया था। दो बार स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही पूरे दिन के लिए स्थगित करनी पड़ी थी। उस दौरान कांग्रेस समेत विपक्षी सदस्य आसन के समीप जाकर नारेबाजी कर रहे थे और राहुल गांधी को बोलने की अनुमति देने की मांग कर रहे थे।

बिहार में खत्म होगा 'MP-CP' कल्चर, मंत्री का बड़ा ऐलान

समाज जागरण

पटना, 10 मार्च 2026 - बिहार सरकार ने 'मुखिया पति' और 'चेयरमैन पति' (MP-CP) कल्चर को समाप्त करने की तैयारी कर ली है। अब महिला जनप्रतिनिधियों के पति या परिवार के पुरुष सदस्य अपनी गाड़ी पर बोर्ड लगाकर उनकी जगह काम नहीं कर सकेंगे।

महिला सशक्तिकरण पर जोर

बिहार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा कि महिला सशक्तिकरण तभी संभव है जब निर्वाचित महिलाएं खुद निर्णय लें और अपने अधिकारों का प्रयोग करें। कई जगहों पर देखा गया कि महिला प्रतिनिधि के नाम पर उनके पति या परिवार के पुरुष सदस्य कामकाज संभालते हैं और गाड़ियों पर **'MP'** या **'CP'** जैसे बोर्ड लगाकर प्रभाव दिखाने की कोशिश करते हैं।

प्रॉक्सी व्यवस्था पर रोक

मंत्री दीपक प्रकाश ने स्पष्ट किया कि यह प्रॉक्सी व्यवस्था लोकतंत्र और महिला सशक्तिकरण दोनों के खिलाफ है। सरकार इस पर नजर रख रही है और आवश्यक कदम उठाएगी। उनका कहना है कि पंचायतों में चुनी गई महिलाएं खुद नेतृत्व करें और निर्णय लेने की प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाएं।

लक्ष्य और प्राथमिकता

मंत्री ने कहा कि महिलाओं के भीतर निर्णय लेने की क्षमता विकसित करना बेहद जरूरी है। जब तक महिलाएं खुद फैसले नहीं लेंगी, तब तक उनके नेतृत्व का असली उद्देश्य पूरा नहीं होगा। सरकार का उद्देश्य है कि महिला जनप्रतिनिधियों को नेतृत्व के लिए प्रोत्साहित किया जाए और उन्हें सक्षम बनाया जाए।

ईरान युद्ध में रूस की चांदी! स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद, पुतिन मालामाल

समाज जागरण

नई दिल्ली, 10 मार्च 2026 - ईरान और इजराइल के बीच जारी युद्ध का वैश्विक असर अब रूस तक पहुंच गया है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में रुकावट और मिडिल ईस्ट की अस्थिरता ने कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ला दिया है, जिसका सबसे बड़ा लाभ रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को मिल रहा है।



क्रेमलिन प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि रूसी ऊर्जा की मांग में जबरदस्त इजाफा हुआ है और रूस भरोसेमंद सप्लाई प्रदान कर रहा है।

रूस की आर्थिक ताकत में इजाफा

रूस-यूक्रेन संघर्ष के बीच पुतिन की अर्थव्यवस्था को पश्चिमी प्रतिबंधों की वजह से पहले भारी नुकसान हुआ था।

अब तेल और LNG की बढ़ती कीमतों ने रूस को नई आर्थिक ताकत दी है।

स्ट्रेट ऑफ होर्मुज कैसे बन गया वरदान

यह समुद्री रास्ता वैश्विक तेल और LNG का पांचवां हिस्सा पार करता है और दुनिया के लिए अहम एनर्जी चोकपॉइंट है। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच तनाव के कारण यहाँ ट्रैफिक रुक गया, जिससे देशों ने सप्लाई के लिए रूस का रुख किया।

तेल की बढ़ती कीमतों ने रूस की युद्ध मशीनरी और आर्थिक स्थिति दोनों को मजबूत किया।

वैश्विक प्रभाव

मिडिल ईस्ट की अस्थिरता ने तेल बाजार में उछाल और ऊर्जा संकट पैदा किया। एशिया और यूरोप में तेल और गैस की कीमतें बढ़ीं, शेयर बाजार प्रभावित हुए। रूस की वैश्विक ऊर्जा मांग में बढ़ोतरी ने दुनिया को नई रणनीति अपनाने पर मजबूर किया। इस परिस्थिति ने स्पष्ट कर दिया है कि मिडिल ईस्ट संघर्ष के अर्थव्यवस्था और वैश्विक ऊर्जा बाजार पर दूरगामी प्रभाव पड़ सकते हैं। (इनपुटः एजेंसी)

ईरान-इजराइल संघर्ष ग्यारहवें दिन भी जारी, इजरायली पीएम का कड़ा बयान

समाज जागरण

तेहरान / बर्लिन / दोहा, 10 मार्च 2026 - ईरान और इजराइल के बीच जारी युद्ध ग्यारहवें दिन भी तेज बना हुआ है। ईरान की राजधानी तेहरान में कई धमाके हुए हैं, जबकि इजराइली प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी है कि "सत्ता की हड्डियां चूर-चूर कर देंगे।"

युद्ध का विवरण

ईरान ने पहली बार इजराइल की ओर मिसाइलें दागीं, यह हमला नए सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई की नियुक्ति के बाद किया गया।

इजराइल ने रेजीम इंफ्रास्ट्रक्चर और मिसाइल लॉन्च साइट्स को निशाना बनाया।

लेबनान में बेरूत के दक्षिणी इलाकों पर इजराइली हवाई हमले, हिज्बुल्लाह ठिकानों को निशाना बनाने के बाद।

क्षेत्रीय और वैश्विक असर

कतर की राजधानी दोहा में धमाकों की आवाजें और 313 लोगों की गिरफ्तारी।

सऊदी अरब ने शायबह तेल क्षेत्र पर भेजे गए ड्रोन को मार गिराया।

बहरीन ने ईरानी हमलों से ऊर्जा ढांचे को नुकसान होने की सूचना दी।

कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर, यूरोप में गैस की कीमतों में उछाल।

एशिया और यूरोप के शेयर बाजारों में आपूर्ति बाधाओं के कारण गिरावट।

मानवाधिकार और अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया

ह्यूमन राइट्स वॉच ने आरोप लगाया कि इजराइल ने दक्षिणी लेबनान में व्हाइट फॉस्फोरस का इस्तेमाल किया, जो अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का उल्लंघन है।

डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने करीब एक घंटे तक वार्ता कर युद्ध रोकने और मिडिल ईस्ट में ऊर्जा संकट को लेकर चर्चा की।

स्थिति अब भी तनावपूर्ण

वर्तमान में पूरे पश्चिम एशिया में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। विशेषज्ञों का कहना है कि संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा और सुरक्षा पर भी गंभीर असर पड़ सकता है। (इनपुटः एजेंसी)

सरकारी कर्मचारियों के आचरण नियमों में बदलाव, निवेश और संपत्ति की जानकारी देना होगा अनिवार्य

सरकारी कर्मचारियों को हर वर्ष अपनी अचल संपत्ति की जानकारी देना होगा अनिवार्य

समाज जागरण

लखनऊ, 10 मार्च। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारियों की आचरण नियमावली, 1956 के नियम-21 एवं नियम 24 में संशोधन प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। इस बदलाव का उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों के निवेश और संपत्ति से जुड़े मामलों में अधिक पारदर्शिता लाना है। इन संशोधनों से सरकारी कर्मचारियों की वित्तीय गतिविधियों में पारदर्शिता बढ़ेगी और जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी।

संशोधन के तहत नियम-21 में यह व्यवस्था की जा रही है कि यदि कोई सरकारी कर्मचारी एक कैलेंडर वर्ष में अपने मूल वेतन के छह महीने से अधिक की राशि स्टॉक, शेयर या अन्य निवेश में लगाता है, तो उसे इसकी सूचना अपने समुचित प्राधिकारी को देनी होगी।

इसी तरह नियम-24 में भी बदलाव किया गया है। अब यदि कोई कर्मचारी दो महीने के मूल वेतन से अधिक मूल्य की कोई चल संपत्ति खरीदता है, तो उसे इसकी जानकारी संबंधित प्राधिकारी को देनी होगी। पहले यह सीमा एक महीने के मूल वेतन के बराबर थी।

इसके अलावा अचल संपत्ति की घोषणा से संबंधित नियम में भी संशोधन किया गया है। पहले सरकारी कर्मचारियों को हर पांच वर्ष में अपनी अचल संपत्ति की जानकारी देनी होती थी, लेकिन अब यह जानकारी हर वर्ष देना अनिवार्य किया जाएगा।

माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 15 करोड़ की संपत्ति कुर्क

समाज जागरण

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश सरकार की कुख्यात माफियाओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की नीति के तहत मिजार्पुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंगलीडर शैलेश सिंह की अवैध रूप से अर्जित संपत्ति को कुर्क कर लिया है।

पुलिस के अनुसार गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत की गई इस कार्रवाई में लगभग 15 करोड़ रुपये मूल्य की अचल संपत्ति को कुर्क किया गया है। बताया गया कि उक्त संपत्ति अपराध के माध्यम से अर्जित की गई थी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में संगठित अपराध के खिलाफ अभियान लगातार जारी है और अपराधियों की अवैध संपत्तियों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि अपराध से अर्जित संपत्ति को जब्त करने की यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, ताकि संगठित अपराध की जड़ों पर प्रभावी प्रहार किया जा सके।

कैसे अजीत अगरकर के फैसलों ने टीम इंडिया को बनाया वर्ल्ड चैंपियन

भारतीय क्रिकेट के इतिहास में 8 मार्च 2026 का दिन एक यादगार तारीख बन गया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर तीसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब जीत लिया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 255/5 का विशाल स्कोर बनाया और जवाब में न्यूजीलैंड की पूरी टीम 159 रन पर सिमट गई। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने 4 विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता, जबकि पूरे टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए संजू सैमसन को प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट चुना गया।

इस जीत के साथ भारत ने सिर्फ एक और ट्रॉफी नहीं जीती, बल्कि इतिहास भी रच दिया। यह पहली बार था जब किसी टीम ने लगातार दो टी20 वर्ल्ड कप जीते और साथ ही मेजबान देश के रूप में भी खिताब अपने नाम किया। भारत इससे पहले 2007 और 2024 में भी टी20 विश्व कप जीत चुका था, और अब तीसरी बार इस ट्रॉफी पर कब्जा करके उसने विश्व क्रिकेट में अपनी ताकत का एक बार फिर परिचय दिया।

फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम का प्रदर्शन पूरी तरह एकतरफा रहा। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया, लेकिन भारतीय बल्लेबाजों ने शुरूआत से ही आक्रामक अंदाज अपनाया। संजू सैमसन ने 46 गेंदों में 89 रन की शानदार पारी खेली, जबकि अभिषेक शर्मा और ईशान किशन ने तेज अर्धशतक लगाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। भारतीय बल्लेबाजों की आक्रामक बल्लेबाजी की वजह से टीम ने टी20 वर्ल्ड कप फाइनल का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर बना दिया।

जब न्यूजीलैंड की टीम लक्ष्य का पीछा करने उतरी तो भारतीय गेंदबाजों ने भी उतनी ही धार दिखाई। जसप्रीत बुमराह ने अपने घातक यॉर्कर और धीमी गेंदों से विपक्षी बल्लेबाजों को परेशान किया और 4 विकेट लेकर मैच का रुख पूरी तरह भारत की ओर मोड़ दिया। उनके साथ अक्षर पटेल और अन्य गेंदबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन किया, जिससे न्यूजीलैंड की टीम 19 ओवर में ही 159 रन पर ढेर हो गई।

हालांकि इस ऐतिहासिक जीत के पीछे सिर्फ खिलाड़ियों का प्रदर्शन ही नहीं था। टीम के चयन और रणनीति में भी एक बड़ा दिमाग लगातार काम कर रहा था। वह व्यक्ति मैदान पर नजर नहीं आता, लेकिन उसके फैसलों का असर सीधे टीम की सफलता पर दिखाई देता है। वह नाम है भारतीय टीम के चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर का।

जुलाई 2023 में जब अजीत अगरकर को भारतीय टीम का मुख्य चयनकर्ता बनाया गया, तब टीम एक संक्रमण काल से गुजर रही थी। कई बड़े खिलाड़ी अपने करियर के अंतिम दौर में थे और टीम को नई दिशा देने की जरूरत थी। ऐसे समय में अगरकर ने कई ऐसे फैसले लिए जो शुरूआत में काफी विवादित लगे। लेकिन समय के साथ वही फैसले भारतीय क्रिकेट के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित हुए।

अगरकर का सबसे बड़ा गुण यह रहा कि उन्होंने टीम चयन में साहस दिखाया। उन्होंने कई बार ऐसे फैसले लिए जिनकी आलोचना भी हुई, लेकिन उन्होंने अपने निर्णयों पर भरोसा बनाए रखा। उदाहरण के लिए टी20 टीम की कप्तानी को लेकर उन्होंने सूर्यकुमार यादव पर भरोसा जताया। उस समय कई क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना था कि हार्दिक पंड्या इस भूमिका के लिए बेहतर विकल्प हो सकते थे, लेकिन चयन समिति ने अलग रास्ता चुना। बाद में सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टीम ने आक्रामक और आधुनिक टी20 क्रिकेट खेलते हुए लगातार सफलता हासिल की।

अगरकर की चयन नीति का एक और महत्वपूर्ण पहलू युवाओं को मौका देना था। उन्होंने कई युवा खिलाड़ियों को टीम में जगह दी और उन्हें खुद को साबित करने का मौका दिया। ईशान किशन, अभिषेक शर्मा और कई अन्य खिलाड़ियों को लगातार अवसर मिले। टी20 वर्ल्ड कप 2026 में इन खिलाड़ियों का प्रदर्शन यह साबित करने के लिए काफी था कि चयन समिति की रणनीति कितनी सही थी।

ईशान किशन की टीम में वापसी भी एक बड़ा निर्णय था। कुछ समय तक टीम से बाहर रहने के बाद उन्हें फिर मौका दिया गया और उन्होंने अपने प्रदर्शन से यह साबित कर दिया कि चयनकताओं का भरोसा सही था। बड़े मैचों में उनका आत्मविश्वास और आक्रामक खेल भारतीय टीम के लिए बेहद उपयोगी साबित हुआ।

अगरकर के कार्यकाल में भारतीय टीम ने लगातार बड़े टूनार्मेंटों में शानदार प्रदर्शन किया। 2023 के वनडे वर्ल्ड कप में भारत फाइनल तक पहुंचा था, हालांकि वहां उसे हार का सामना करना पड़ा। लेकिन उस हार से टीम ने सबक लिया और अगले वर्षों में और भी मजबूत होकर सामने आई।

इसके बाद 2024 में भारत ने टी20 वर्ल्ड कप जीतकर एक लंबे अंतराल के बाद आईसीसी ट्रॉफी हासिल की। उस जीत ने भारतीय क्रिकेट में आत्मविश्वास की नई लहर पैदा की। फिर 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर टीम ने यह साबित कर दिया कि उसकी सफलता कोई संयोग नहीं थी।

और अंततः 2026 में टी20 वर्ल्ड कप जीतकर भारत ने अपने स्वर्णिम दौर को और भी मजबूत कर दिया। लगातार बड़े टूनार्मेंट जीतना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं होता, लेकिन भारतीय टीम ने यह करके दिखाया।

इस पूरी यात्रा में खिलाड़ियों की प्रतिभा, कोचिंग स्टाफ की मेहनत और टीम के भीतर का आत्मविश्वास तो महत्वपूर्ण था ही, लेकिन चयन समिति की दूरदृष्टि भी उतनी ही अहम रही। अजीत अगरकर ने यह दिखाया कि सही समय पर सही फैसले लेना कितना जरूरी होता है।

आज भारतीय क्रिकेट जिस मुकाम पर खड़ा है, वहां यह साफ दिखाई देता है कि टीम सिर्फ प्रतिभा के दम पर नहीं, बल्कि एक स्पष्ट रणनीति और मजबूत नेतृत्व के कारण भी आगे बढ़ रही है। टी20 वर्ल्ड कप 2026 की जीत इसी सोच और साहस का परिणाम है।

मैदान पर चमकते सितारों के पीछे अक्सर कुछ ऐसे लोग होते हैं जिनका नाम कम लिया जाता है, लेकिन उनका योगदान बेहद बड़ा होता है। अजीत अगरकर भी उन्हीं में से एक हैं। उन्होंने आलोचनाओं की परवाह किए बिना जो फैसले लिए, वही आज भारतीय क्रिकेट की सबसे बड़ी ताकत बन चुके हैं।

टी20 वर्ल्ड कप 2026 की यह जीत सिर्फ एक ट्रॉफी नहीं है, बल्कि यह उस विश्वास की जीत है जो कठिन फैसले लेने का साहस रखता है और भविष्य की ओर देखने की दृष्टि भी। भारतीय क्रिकेट के इस नए स्वर्णिम दौर में अजीत अगरकर का योगदान लंबे समय तक याद रखा जाएगा।

महेन्द्र तिवारी

पश्चिम एशिया युद्ध के बीच भारत की रसोई गैस सुरक्षा पर बड़ा संकट

पश्चिम एशिया में भड़का युद्ध अब केवल भू-राजनीति का सवाल नहीं रह गया है, बल्कि यह सीधे भारत की रसोई और अर्थव्यवस्था तक पहुंच चुका है। अमेरिका-ईरान संघर्ष और उसके बाद स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में पैदा हुई अस्थिरता ने भारत की ऊर्जा सुरक्षा की कमजोरियों को उजागर कर दिया है। इसी खतरे को देखते हुए केंद्र सरकार ने रसोई गैस यानी एलपीजी की आपूर्ति बनाए रखने के लिए असाधारण कदम उठाए हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने तेल रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए हैं और अतिरिक्त उत्पादन को घरेलू खपत के लिए आरक्षित करने का फैसला किया है। यह कदम बताता है कि संकट की स्थिति में सरकार की पहली प्राथमिकता आम नागरिकों की रसोई को सुरक्षित रखना है। भारत की ऊर्जा संरचना का एक बड़ा सच यह है कि देश अपनी जरूरतों के मुकाबले एलपीजी का पर्याप्त उत्पादन नहीं करता। सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2024-25 में भारत में कुल 31.3 मिलियन टन एलपीजी की खपत हुई, जबकि घरेलू उत्पादन केवल 12.8 मिलियन टन रहा। यानी देश की कुल जरूरत का लगभग 60 प्रतिशत से अधिक हिस्सा आयात के सहारे पूरा होता है। यही वजह है कि जब भी खाड़ी क्षेत्र में अस्थिरता बढ़ती है तो उसका असर सीधे भारत की ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ता है।भारत के लिए यह निर्भरता इसलिए भी जोखिमपूर्ण है क्योंकि एलपीजी का बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से आता है। अनुमान है कि भारत के एलपीजी आयात का लगभग 85-90 प्रतिशत हिस्सा सऊदी अरब, कतर, कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों से आता है। इन सभी देशों से आने वाली ऊर्जा आपूर्ति का मुख्य मार्ग स्ट्रेट ऑफ होर्मुज है, जो विश्व ऊर्जा व्यापार की सबसे महत्वपूर्ण समुद्री गलियों में से एक है। जब यह मार्ग युद्ध या तनाव के कारण बाधित होता है तो पूरी वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हो जाती है।मौजूदा संघर्ष में भी यही स्थिति पैदा हुई है। ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के कारण इस समुद्री मार्ग में जहाजों की आवाजाही प्रभावित हुई है। इससे वैश्विक तेल और गैस बाजार में अनिश्चितता बढ़ी है और कई देशों ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा को लेकर आपात योजनाएं बनानी शुरू कर दी हैं। भारत ने भी इसी पृष्ठभूमि में एलपीजी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आपातकालीन प्रावधानों का सहारा लिया है।

सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए गैस की आपूर्ति को प्राथमिकता के आधार पर नियंत्रित करने का फैसला किया है। इसके तहत घरेलू रसोई गैस की सप्लाई को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। साथ ही पाइप्ड नेचुरल गैस यानी पीएनजी और वाहनों के लिए सीएनजी की आपूर्ति को भी 100 प्रतिशत सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा उर्वरक संयंत्रों को लगभग 70 प्रतिशत और उद्योगों को लगभग 80 प्रतिशत गैस उपलब्ध कराने की व्यवस्था तय की गई है।इन कदमों का उद्देश्य स्पष्ट है अगर ऊर्जा संकट गहराता है तो सबसे पहले घरों और परिवहन क्षेत्र को गैस मिलेगी, उसके बाद उद्योगों और अन्य क्षेत्रों को। सरकार ने एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए 25 दिन का इंटर-बुकिंग नियम भी लागू किया है, ताकि कोई भी उपभोक्ता तय समय से पहले सिलेंडर बुक न कर सके।लेकिन इस नीति का असर व्यावसायिक क्षेत्रों पर दिखने लगा है। देश के कई शहरों में कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति घटने लगी है। होटल और रेस्टोरेंट उद्योग से जुड़े संगठनों का कहना है कि कई स्थानों पर कमर्शियल गैस की सप्लाई 10 से 20 प्रतिशत तक कम हो गई है। इससे खासतौर पर छोटे और मध्यम आकार के होटल-रेस्टोरेंट पर बड़ा दबाव पड़ा है, जो रोज मिलने वाली गैस सप्लाई पर ही निर्भर रहते हैं।कुछ शहरों में स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि होटल संगठनों ने कारोबार बंद होने की चेतावनी तक दे दी है। उनका कहना है कि अगर कमर्शियल गैस सिलेंडरों की नियमित आपूर्ति नहीं होती तो कई रेस्टोरेंट अगले कुछ दिनों में बंद होने की स्थिति में पहुंच सकते हैं। इसका असर केवल कारोबारियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उन लाखों कर्मचारियों और ग्राहकों पर भी पड़ेगा जो रोजमर्रा के भोजन के लिए इन प्रतिष्ठानों पर निर्भर हैं।सरकार ने इस समस्या को देखते हुए तेल विपणन कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों की एक समिति भी बनाई है। यह समिति होटल, रेस्टोरेंट और अन्य उद्योगों की गैस जरूरतों की समीक्षा करेगी और तय करेगी कि सीमित संसाधनों के बीच इन क्षेत्रों को कितनी आपूर्ति दी जा सकती है।

दरअसल यह संकट केवल तत्कालीन आपूर्ति का नहीं, बल्कि भारत की दीर्घकालिक ऊर्जा रणनीति का भी सवाल है। पिछले एक दशक में देश में एलपीजी की खपत तेजी से बढ़ी है। उज्ज्वला योजना और शहरीकरण के कारण करोड़ों नए परिवार गैस पर निर्भर हो गए हैं। यही वजह है कि एलपीजी की मांग लगातार बढ़ रही है और आयात पर निर्भरता भी बढ़ती जा रही है।ऊर्जा विशेषज्ञों का मानना है कि भारत को भविष्य में ऐसे संकटों से बचने के लिए कई स्तरों पर तैयारी करनी होगी। सबसे पहला कदम घरेलू उत्पादन बढ़ाने का है। इसके लिए नई रिफाइनरियों, गैस प्रोसेसिंग संयंत्रों और पेट्रोकेमिकल ढांचे में निवेश बढ़ाना होगा। दूसरा महत्वपूर्ण कदम ऊर्जा स्त्रोतों में विविधता लाना है, ताकि खाड़ी क्षेत्र पर अत्यधिक निर्भरता कम हो सके।इसके अलावा एलपीजी के रणनीतिक भंडार तैयार करने की जरूरत भी लंबे समय से महसूस की जा रही है। जिस तरह भारत ने कच्चे तेल के लिए रणनीतिक भंडारण बनाए हैं, उसी तरह एलपीजी के लिए भी बड़े भंडार तैयार किए जाएं तो संकट की स्थिति में कुछ महीनों तक घरेलू जरूरतों को आसानी से पूरा किया जा सकता है।पश्चिम एशिया का मौजूदा युद्ध शायद कुछ समय बाद खत्म हो जाए, लेकिन इसने भारत को एक अहम सबक जरूर दिया है। ऊर्जा सुरक्षा केवल आर्थिक नीति का विषय नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक स्थिरता से भी जुड़ा सवाल है। जब वैश्विक भू-राजनीतिक संकट पैदा होता है तो उसका असर सबसे पहले आम नागरिक की रसोई पर पड़ता है। भारत के सामने चुनौती यही है कि वह इस संकट को चेतावनी के रूप में ले और अपनी ऊर्जा नीति को अधिक मजबूत और आत्मनिर्भर बनाए। क्योंकि जब तक देश अपनी बढ़ती ऊर्जा जरूरतों के लिए बाहरी स्त्रोतों पर निर्भर रहेगा, तब तक दुनिया के किसी भी कोने में भड़की आग उसकी रसोई तक पहुंचती रहेगी।

अजय कुमार

नेपाल में ऐतिहासिक सत्ता परिवर्तन और भारत

भारत के अहम पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में युवाओं के व्यापक आंदोलन के बाद संपन्न हुए चुनावों के परिणाम आ चुके हैं। काठमांडू के पूर्व मेयर रैपर बालेन शाह का नेपाल के सबसे युवा प्रधानमंत्री बनना निश्चित हो चुका है। नेपाल के इतिहास में पहली बार किसी राजनैतिक दल को पूर्ण बहुमत प्राप्त हुआ है अतः अब देश में विकास की धारा बहने की आशा भी बलवती है।

नेपाल विगत दो दशकों से राजनैतिक अस्थिरता के दौर से गुजर रहा था जिसके कारण वहां भ्रष्टाचार चरम पर पहुँच गया था और जनता त्रस्त थी। नेपाल के चुनाव परिणाम बताते हैं कि देश कोई भी हो जनता राजनैतिक अस्थिरता, परिवारवाद व नेताओं व दलों के मध्य बारंबार होने वाले अनैतिक गठबंधनों को पसंद नहीं करती है, उसको जैसे ही अवसर मिलता है वह परंपरागत दलों को हटाकर नया विकल्प चुन लेती है फिर चाहे यह विकल्प अनुभवहीन ही क्यों न हो। नेपाल को पहली बार ओली और प्रचंड की नूरा कुश्ती से स्वतंत्रता मिली है। नेपाल के वामपंथी दलों ने गठबंधन बनाकर स्वयं को जीवित रखने का प्रयास किया था किंतु नेपाल की जनता ने उन्हें पूरी तरह बाहर का रास्ता दिखाकर बता दिया कि अब वामपंथ की दुनिया उजड़ रही है।

नेपाल की प्रातिनिधि सभा में 275 सदस्य होते हैं जिसमें 164 सदस्य सीधे मतदान के माध्यम से चुने जाते है। इन चुनावों में बालेन शाह के नेतृत्व वाली राष्टीय स्वतंत्र पार्टी 120 सीटों पर विजय प्राप्त कर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है जबकि दशकों तक राज करने वाली नेपाली कांग्रेस को मतदाताओ के आक्रोश का सामना करना पड़ा और वह मात्र 17 सीटो पर ही सिमट कर रह गई । कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल और नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी केवल सात -सात सीटों पर ही सिमट कर रह गईं। नेपाल में चुनाव मतपत्र के माध्यम से कराए जाते हैं और वहां इस बार 60 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग कर ऐतिहासिक सत्ता परिवर्तन किया है।

कौन हैं बालेन शाह - रैपर से काठमांडू के मेयर बने बालेन शाह मधेशी समाज के नेता हैं जो पहली बार देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। दस वर्ष पूर्व तक किसी मधेशी नेता का प्रधानमंत्री बनना अकल्पनीय था। मधेशी लोगों की भाषा ,संस्कृति और रहन -सहन भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों से बहुत मिलता है। ये लोग मुख्य रूप से मधेश या तराई क्षेत्र में रहते हैं जो नेपाल और भारत का सीमावर्ती क्षेत्र है। मधेशी समुदाय में मैथिली, भोजपुरी, अवधी और हिंदी जैसी भाषाएं बोलने वाले लोग हैं। लंबे समय तक नेपाल की राजनीति में इन्हें प्रतिनिधित्व और अधिकारों को लेकर संघर्ष करना पड़ा जिसके कारण कई बार अलग मधेश राज्य बनाने की मांग को लेकर तीव्र आंदोलन हुए। अब पहली बार एक मधेशी नेता को वहां का प्रधानमंत्री बनने का अवसर प्राप्त होने जा रहा है। चुनाव प्रचार के दौरान बालेन ने स्वयं को मधेश का बेटा बताया था और उनकी पार्टी ने, अबकी बार बालेन सरकार नारे के साथ अभियान प्रारंभ किया था। मधेश प्रांत के आठ जिलों की कुल 32सीटों में अधिकतर पर स्वतंत्र पार्टी को भारी सफलता प्राप्त हुई है।

जेन- जी के व्यापक समर्थन से नेपाल के नए प्रधानमंत्री बनने जा रहे बालेन शाह के समक्ष अनेक चुनौतियां भी हैं। नेपाल में भड़के जन आंदोलन के दौरान सबसे बड़ा मुद्दा युवाओं के लिए रोजगार की भारी कमी, पलायन का और भ्रष्टाचार का था। स्वाभाविक तौर पर जनता इन समस्याओं का समाधान मांगेगी। नेपाल के नए प्रधानमंत्री को विदेश नीति के अतर्गत भारत और चीन के मध्य सामंजस्य व संतुलन स्थापित करके चलना होगा। भारत को लेकर बालेन कई बार विवादों में रहे हैं। एक बार बालेन शाह ने अपने कार्यालय में ग्रेटर नेपाल का नक्शा लगा लिया था जिसमें भारत के अनेक क्षेत्रों को नेपाल का हिस्सा दिखाया गया था बाद में विवाद व आलोचना के कारण बालेन को वह नक्शा हटाना पड़ा था । पूर्व प्रधानमंत्री ओली भी इस प्रकार की नादानियां करते रहे हैं और उन्हें भारत से पंगा लेने का पुरस्कार भी वहां की जनता ने दे दिया है। वह आदिपुरूष फिल्म और माता सीता को नेपाल की बेटी बताकर भी भारत के साथ भिड़ गए थे। बालेन को भारत और नेपाल के रोटी-बेटी सम्बन्ध को समझना होगा।

राजनैतिक विश्लेषकों का अनुमान है कि बालेन शाह भारत का खुलकर विरोध करने की स्थिति में कतई नहीं हैं क्योंकि नेपाल में जिन- जिन लोगों ने भारत के साथ सामरिक चतुराई दिखाने का प्रयास किया है वो नेपथ्य में चले गए हैं। बालेन शाह ने राष्ट्रवाद के नाम पर कई बार भारत से पंगा लिया है और भारत के खिलाफ नैरेटिव खड़ा करने का प्रयास किया है। यद्यपि बालेन शाह ने भारत में ही अपनी पढ़ाई पूरी की किंतु उनका भारत विरोधी दृष्टिकोण कई बार सामने आ चुका है। नए संसद भवन में बने अखंड भारत के मानचित्र पर उन्होंने घोर आपत्ति जताई थी जबकि बालेन ने नेपाल के नक्शे में यूपी, बिहार से लेकर बंगाल तक के अनेक हिस्सों को नेपाल का बता दिया था। बालेन ने भारत ,अमेरिका और चीन के खिलाफ एक पोस्ट लिखा था जिसमें सबसे बड़ा भाग भारत के खिलाफ था, इस पोस्ट पर राजनैतिक विवाद होने पर उन्होंने यह पोस्ट वापस ले ली थी। आदिपुरूष फिल्म के दौरान हुए विवाद के समय उन्होंने अपनी आपत्ति प्रकट की थी और यहां तक धमकी दे डाली थी कि जब तक उनकी आपत्ति का निराकरण नहीं जाता तब तक वह नेपाल की राजधानी काठमांडू व अन्य शहरों मे भारतीय फिल्मों को नहीं चलने देगे। यही कारण है कि भारत नेपाल के घटनाक्रमों पर बराबर नजर बनाए रखे हुए है और वहां की स्थिति पर काफी संतुलित बयान दे रहा है क्योंकि बालेन शाह के साथ भारत का कोई बहुत अच्छा अनुभव नहीं रहा है। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई भी नेपाल की राजनीति को प्रभावित करने के लिए अपनी गतिविधियां लगातार संचालित कर रही है। चुनावों के दौरान भी भारत के सटे सीमावर्ती क्षेत्रों में आईएसआई ने दंगे फैलाने की साजिशें रची थीं।

इन सबके बाद भी दशकों बाद नेपाल में पूर्ण बहुमत की सरकार आने से एक नई आशा बंधी है कि अब वहां स्थिर विकास हो सकेगा और युवाओं की अपेक्षाएं पूरी हो सकेंगी। बालेन शाह राष्ट्रवादी और मधेशी ब्राह्मण नेता हैं, भारत अपना रुख उनके प्रति सकारात्मक रखेगा क्योंकि बालेन शाह चाहते है कि यदि उन्हें बराबरी का सम्मान दिया गया तो वह प्रथम दृष्टया भारत के साथ ही जाना पसंद करेंगे। नेपाल की नई सरकार को नेपाल का पुनर्निर्माण करना है और उसमें भी युवाओं की आकांक्षा व सपनो को पूरा करना है इसलिए नये शासक को सभी के साथ मिलकर चलना ही होगा।

मृत्युंजय दीक्षित

दांडी यात्रा अंग्रेजी सत्ता के खिलाफ क्रांति का सिंहनाद

दांडी यात्रा यानि नमक सत्याग्रह की शुरूआत 12 मार्च 1930 को हुई थी। महात्मा गांधी के नेतृत्व में 24 दिन का यह अहिंसा मार्च 6 अप्रैल को दांडी पहुंचा और अंग्रेजों का बनाया नमक कानून तोड़ा। उस वक्त देश पर अंग्रेजों का राज था और किसी भी भारतीय के नमक इकट्ठा करने या बेचने पर रोक थी। यही नहीं भारतीयों को नमक अंग्रेजों से ही खरीदना पड़ता था। नमक बनाने के मामले में अंग्रेजों की मोनोपॉली चलती थी और वह नमक पर भारी टैक्स भी वसूलते थे।

नमक सत्याग्रह अंग्रेजों के अत्याचार के खिलाफ एक बड़ी रैली थी। दांडी में समुद्र किनारे पहुंचकर महात्मा गांधी ने गैर-कानूनी तरीके से नमक बनाया और अंग्रेजों का नमक कानून तोड़ा। आगे चलकर यह एक बड़ा नमक सत्याग्रह बन गया और हजारों लोगों ने न सिर्फ नमक बनाया, बल्कि अंग्रेजी कानून तो धता बताते हुए गैर-कानूनी नमक खरीदा भी।

नमक सत्याग्रह की शुरूआत करीब 80 लोगों के साथ हुई थी। जैसे-जैसे यह यात्रा अहमदाबाद से दांडी की तरफ बढ़ी, वैसे-वैसे इस 390 किमी लंबी यात्रा में लोग जुड़ते चले गए। दांडी पहुंचने तक इस अहिंसक नमक सत्याग्रह में 50 हजार से ज्यादा लोग जुड़ चुके थे। नमक सत्याग्रह जिस तरह से बिना किसी हिंसा के आगे बढ़ा और बड़ी ही शालीनता से अंग्रेजों के एकतरफा कानून को तोड़ा गया, उसकी दुनियाभर में चर्चा होने लगी।

इस दांडी मार्च ने अंग्रेजी हुकूमत को भी हिलाकर रख दिया था। नमक सत्याग्रह को अखबारों ने खूब जगह दी और इससे भारत के स्वाधीनता आंदोलन को नई दिशा भी मिली।गांधी ने इस मार्च की शुरूआत अपने 78 भरोसेमंद स्वयंसेवकों के साथ की थी। मार्च 240 मील (390 किमी), साबरमती आश्रम से दांडी तक फैला, जिसे उस समय (अब गुजरात राज्य में) नवसारी कहा जाता था। रास्ते में भारतीयों की बढ़ती संख्या उनके साथ जुड़ गई।

जब गांधी ने 6 अप्रैल 1930 को सुबह 8:30 बजे ब्रिटिश राज नमक कानूनों को तोड़ा, तो इसने लाखों भारतीयों द्वारा नमक कानूनों के खिलाफ बड़े पैमाने पर सविनय अवज्ञा के कृत्यों को जन्म दिया। दांडी में वाष्पीकरण द्वारा नमक बनाने के बाद, गांधी तट के साथ दक्षिण की ओर बढ़ते रहे, नमक बनाते रहे और रास्ते में सभाओं को संबोधित करते रहे। कांग्रेस पार्टी ने दांडी से 130,000 फीट (40 कि०मी०) दक्षिण में धरसाना साल्ट वर्क्स में सत्याग्रह करने की योजना बनाई। हालाँकि, गांधी को धरसाना में नियोजित कार्रवाई से कुछ दिन पहले 4-5 मई 1930 की मध्यरात्रि को गिरफ्तार कर लिया गया था।

दांडी मार्च और आगामी धरसाना सत्याग्रह ने व्यापक समाचार पत्रों और न्यूजरील कवरेज के माध्यम से भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की ओर दुनिया भर का ध्यान आकर्षित किया। नमक कर के खिलाफ सत्याग्रह लगभग एक साल तक जारी रहा, गांधी की जेल से रिहाई और दूसरे गोलमेज सम्मेलन में लॉर्ड इरविन के साथ बातचीत के साथ समाप्त हुआ। हालांकि नमक सत्याग्रह के परिणामस्वरूप 60,000 से अधिक भारतीयों को जेल में डाल दिया गया, अंग्रेजों ने तत्काल बड़ी रियायतें नहीं दीं।

नमक सत्याग्रह अभियान गांधी के अहिंसक विरोध के सिद्धांतों पर आधारित था, जिसे सत्याग्रह कहा जाता है, जिसका उन्होंने संक्षेप में "सत्य-बल" के रूप में अनुवाद किया। शाब्दिक रूप से, यह संस्कृत के शब्द सत्य, "सत्य", और अग्रहा, "आग्रह" से बना है। 1930 की शुरूआत में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने ब्रिटिश शासन से भारतीय संप्रभुता और स्व-शासन जीतने के लिए अपनी मुख्य रणनीति के रूप में सत्याग्रह को चुना और अभियान को व्यवस्थित करने के लिए गांधी को नियुक्त किया। गांधी ने 1882 के ब्रिटिश नमक अधिनियम को सत्याग्रह के पहले लक्ष्य के रूप में चुना।

- सुरेश सिंह बैस "शाश्वत"

गैस टंकी की मार पड़ी...?

गैस टंकी चार को बुक कराई,
सात को कीमत बढ़कर आई।
यहाँ साठ रुपए की मार पड़ी,
जेब पे हमारे ये भारी हैं पड़ी।

वाह ! रे..हमारी प्यारी सरकार,
क्यों? किया हम पे अत्याचार।
सात तारीख बाद वसूल करते,
समझ में आता खुशी से भरते।

सोचा था थोड़ा सुकून मिलेगा,
रसोई का खर्चा तो कम रहेगा।
बावल्या ट्रंप युद्ध आग झेलेगा,
अरे ये विश्व पगल्या को सहेगा?
(संदर्भ - 7 से गैस 60/-महंगी,
सरकार मार्च से वसूल रहीं)

संजय एम तराणेकर

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

नोएडा में शराब दुकानों पर छापा, ओवररेटिंग पर जीरो टॉलरेंस की चेतावनी

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा। आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर व पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी गौतमबुद्धनगर के पर्यवेक्षण में जनपद में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया।

इस अभियान के तहत 8 मार्च 2026 को जनपद में स्थित देशी शराब दुकानों, कम्पोजिट शॉप, मॉडल शॉप, प्रीमियम रिटेल शॉप और बार अनुज्ञापनों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान दुकानों के साथ-साथ कैंटीनों की भी गहनता से जांच की गई।

अधिकारियों ने सभी दुकानों पर निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही ओवर रेटिंग पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाते हुए गोपनीय रूप से टेस्ट परचेज भी कराई गई, ताकि यह जांचा जा सके कि कहीं ग्राहकों से निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली तो नहीं की जा रही है।

निरीक्षण के दौरान सभी मदिरा दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को रियल टाइम में संचालित रखने और बिक्री को पीओएस मशीन के माध्यम से 100 प्रतिशत दर्ज करने के निर्देश अनुज्ञापियों और विक्रेताओं को दिए गए।

आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित दुकानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सामाजिक सौहार्द के लिए पहल, नोएडा मीडिया क्लब ने पुलिस कमिश्नर व जिलाधिकारी को आमंत्रित किया

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा। नोएडा मीडिया क्लब द्वारा मार्च माह में होली-ईद मिलन समारोह आयोजित करने का प्रस्ताव किया गया है। इस आयोजन के माध्यम से समाज में प्रेम, सौहार्द और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा।

कार्यक्रम के सिलसिले में मीडिया क्लब के अध्यक्ष आलोक द्विवेदी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने गौतमबुद्धनगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह तथा जिलाधिकारी मेधा रूपम से मुलाकात कर उन्हें समारोह में ससम्मान आमंत्रित किया। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें कार्यक्रम के उद्देश्य और स्वरूप की जानकारी देते हुए उनके गरिमामयी आगमन का अनुरोध किया।

इस अवसर पर महासचिव जयप्रकाश सिंह, सचिव जगदीश शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार सुरेश चौधरी, दिनेश शर्मा, मोहम्मद आजाद, अरुण सिन्हा, विजय गौड़, राजेश शर्मा, रंजीत पांडे, अकरम चौधरी, हरवीर चौहान, योगेश राणा, संदीप, रोहित, प्रमोद दीक्षित, प्रिया राणा, सुमन चौधरी सहित नोएडा मीडिया क्लब के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

प्रतिनिधिमंडल ने आशा व्यक्त की कि दोनों वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ेगी और पत्रकारों में उत्साह के साथ-साथ समाज में सौहार्द का संदेश और मजबूत होगा।

एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाला अंतर्राज्यीय गिरोह पकड़ा, 3 आरोपी गिरफ्तार

आगरा। एटीएम मशीन से पैसा निकालने आए लोगों के कार्ड बदलकर ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का आगरा पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से 153 एटीएम कार्ड, 1 लाख 6 हजार 500 रुपये नकद, तीन मोबाइल फोन तथा वारदात में प्रयुक्त एक चार पहिया वाहन बरामद किया गया है।

जांच में सामने आया कि आरोपी ऐसे एटीएम बूथ की तलाश करते थे जहां सुरक्षा गार्ड मौजूद न हो या भीड़ कम हो। इसके बाद वे एटीएम मशीन के कार्ड स्लॉट में फेवीक्विक लगाकर मशीन को जाम कर देते थे।

जब कोई व्यक्ति पैसा निकालने आता और मशीन से पैसे नहीं निकलते, तो आरोपी उसकी मदद करने के बहाने उसका एटीएम पिन देख लेते थे। इसके बाद चालाकी से उसका असली एटीएम कार्ड बदलकर उसे नकली कार्ड दे देते थे और बाद में खाते से पैसे निकाल लेते थे।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही लोगों से अपील की है कि एटीएम से पैसे निकालते समय किसी अजनबी की मदद न लें और

यामाहा मोटर्स ने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत ब्लड बैंक व फिजियोथेरेपी विभाग को आधुनिक मशीनें दीं

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा। यामाहा मोटर्स ने अपने सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के तहत अस्पताल के ब्लड बैंक और फिजियोथेरेपी विभाग को आधुनिक मशीनें दान कीं। इन मशीनों के उद्घाटन अवसर पर कंपनी के कॉर्पोरेट निदेशक अत्सुशी नागशिमा, विनय गुप्ता, कौशल कुमार तिवारी और श्यामल कुमार आचार मौजूद रहे।

अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय राणा ने कंपनी के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन आधुनिक मशीनों के मिलने से मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि इस पहल से ब्लड बैंक और फिजियोथेरेपी विभाग की सेवाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी तथा मरीजों के उपचार में काफी सहायता मिलेगी।

14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत, तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा। जनपद गौतमबुद्धनगर में आगामी 14 मार्च 2026 को जनपद मुख्यालय स्थित दीवानी न्यायालय तथा समस्त तहसील न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में दीवानी वाद, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, दाखिल-खारिज और भूमि पट्टा संबंधी प्रकरण, श्रम संबंधी मामले, शमनीय प्रकृति के फौजदारी वाद, बैंक ऋण प्रकरण, राजस्व संबंधी मामले, वन भूमि प्रकरण, भूमि अर्जन से जुड़े वाद तथा मोटर वाहन दुर्घटना मुआवजा दावों सहित विभिन्न मामलों का आपसी सुलह-सहमति के आधार पर त्वरित निस्तारण किया जाएगा।

राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकतम वादों के निस्तारण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद न्यायाधीश अतुल श्रीवास्तव के निर्देश पर अपर जिला जज/विशेष न्यायाधीश (एससी एसटी एक्ट) एवं नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत सोमप्रभा मिश्रा की अध्यक्षता में न्यायालय सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए नोडल अधिकारी ने कहा कि आम नागरिकों को सरल, सहज और त्वरित न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से अपने-अपने विभागों से संबंधित वादों का पूर्व चिन्हांकन कर समयबद्ध तैयारी सुनिश्चित करने को कहा, ताकि 14 मार्च को अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण हो सके और नागरिकों को इसका अधिकतम लाभ मिल सके।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि उनके अधीन विभागों में लंबित वादों की अग्रिम पहचान कर त्वरित निस्तारण की तैयारी शुरू की जाए। इसी क्रम में पुलिस व ट्रैफिक विभाग, एनपीसीएल, जिला लीड बैंक प्रबंधक, जिला पूर्ति विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों को भी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही राष्ट्रीय लोक अदालत के लाभ को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर भी जोर दिया गया।

बैठक में सचिव (पूर्णकालिक) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवानी त्यागी, एडीसीपी (मुख्यालय) पूनम मिश्रा, एसीपी ट्रैफिक शकील मोहम्मद, मुख्य लेखा अधिकारी सुनील यादव, लेखाधिकारी सतीश चौहान, एएलडीएम, एनपीसीएल, जिला पूर्ति विभाग सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

आबकारी विभाग का विशेष प्रवर्तन अभियान, शराब दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा। आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर व पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी गौतमबुद्धनगर के पर्यवेक्षण में जनपद में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया।

इस अभियान के तहत 9 मार्च 2026 को जनपद में स्थित देशी शराब दुकानों, कम्पोजिट शॉप, मॉडल शॉप, प्रीमियम रिटेल शॉप और बार अनुज्ञापनों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान कैंटीनों की भी गहनता से जांच की गई।

निरीक्षण के दौरान सभी दुकानों पर निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही



ओवररेटिंग पर सख्त रुख अपनाते हुए जीरो टॉलरेंस नीति के तहत गोपनीय रूप से टेस्ट खरीदारी कराई गई, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ग्राहकों से निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली न की जाए।

आबकारी विभाग ने सभी अनुज्ञापियों और विक्रेताओं को निर्देशित किया कि दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे लगातार चालू रखें तथा बिक्री को पीओएस मशीन के माध्यम से 100 प्रतिशत दर्ज करें। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित दुकानों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार के लिए वाहन रवाना, जनपद न्यायाधीश ने दिखाई हरी झंडी

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा। माननीय जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर अतुल श्रीवास्तव ने आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च 2026 (द्वितीय शनिवार) को प्रातः 10 बजे से जनपद मुख्यालय तथा समस्त तहसील न्यायालयों में आयोजित की जाएगी।

माननीय जनपद न्यायाधीश ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न प्रकार के वादों का निस्तारण आपसी सहमति और समझौते के आधार पर किया जाएगा। इसके अंतर्गत मोटर दुर्घटना प्रतिकर अधिनियम के वाद, वैवाहिक वाद, भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के वाद, दीवानी वाद, चेक अनादरण से संबंधित वाद, ई-चालान, मध्यस्थता से जुड़े वाद, लघु शमनीय वाद, विद्युत अधिनियम के वाद तथा भू-राजस्व संबंधी मामलों सहित अन्य कई प्रकार के मामलों का निस्तारण किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त सेवा संबंधी मामले, पेंशन के प्रकरण, श्रम विवाद, प्री-लिटिगेशन स्तर पर बैंक ऋण से जुड़े मामले तथा विद्युत एवं दूरभाष बिल से संबंधित प्रकरणों का भी आपसी समझौते के आधार पर समाधान कराया जाएगा।

जनपद न्यायाधीश ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे अपने लंबित मामलों के त्वरित और सुलभ निस्तारण के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा संबंधित न्यायालयों से संपर्क स्थापित करें। अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के ई-मेल dlsa.gbnnoida@gmail.com अथवा कार्यालय के मोबाइल नंबर 9716535451 व 7678643985 पर संपर्क किया जा सकता है। इस अवसर पर पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण वत्सल श्रीवास्तव, अपर जिला जज-प्रथम सुनील कुमार, अपर जिला जज/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो विकास नागर, अपर जिला जज-षष्ठम प्रतिक्षा नागर, अपर जिला जज/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो-द्वितीय विजय कुमार हिमांशु, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवानी त्यागी, सिविल जज अंकिता सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

लक्ष्य की स्पष्टता, सकारात्मक दृष्टिकोण, और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी

तीर्थंकर महावीर नर्सिंग कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर और एल्युमिनाई रिलेशन सेल की ओर से फ्रॉम स्टुडेंट टू एम्स नर्सिंग ऑफिसरः माय जर्नी पर केंद्रित एल्युमिनाई टॉक

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की 2024 बैच की एल्युमिना एवम् एम्स, नई दिल्ली की नर्सिंग ऑफिसर श्रीमती काजल यादव ने कहा, नर्सिंग पेशे में भावनात्मक स्थिरता, दबाव में काम करने की दक्षता और आपातकालीन निर्णय लेने की क्षमताएं महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने स्टुडेंट्स को सलाह दी कि चुनौतियों को सीखने और अनुभव प्राप्त करने के अवसर बनाएं। इससे आप न केवल अपने पेशे में दक्ष होंगे, बल्कि मानसिक और भावनात्मक रूप से भी सशक्त बनेंगे। श्रीमती यादव बोलीं, लक्ष्य की स्पष्टता, सतत परिश्रम, आत्मविश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण ही सफलता की कुंजी है। श्रीमती काजल तीर्थंकर महावीर नर्सिंग कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर और एल्युमिनाई रिलेशन सेल की ओर से फ्रॉम स्टुडेंट टू एम्स नर्सिंग ऑफिसरः माय जर्नी पर केंद्रित एल्युमिनाई टॉक में बतौर मुख्य वक्ता बोल रही थीं। इससे पूर्व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके एल्युमिनाई टॉक का शंखनाद हुआ। अंत में मुख्य वक्ता को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, प्राचार्या, प्रो. जसलीन एम., एआरसी के एडी प्रो. सिद्धार्थ माथुर आदि मौजूद रहे। संचालन फैकल्टी श्री गौरव कुमार ने किया।

श्रीमती यादव ने बताया कि नर्सिंग केवल अस्पताल तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें शोध, शिक्षा, प्रशासन और सामुदायिक स्वास्थ्य जैसे विविध अवसर भी हैं। उन्होंने स्टुडेंट्स को अपने कौशल और रुचियों के अनुसार करियर विकल्प चुनने की सलाह दी। सरकारी क्षेत्र में नर्सिंग अधिकारियों के विभिन्न पद, जबकि निजी क्षेत्र में क्लिनिक, बहुराष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान और नर्सिंग एजेंसियों में भी असीम अवसर हैं। उन्होंने उच्च शिक्षा के विकल्प जैसे मास्टर्स और पीएचडी में प्रवेश के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में श्रीमती काजल ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, समय प्रबंधन, अध्ययन पद्धति और साक्षात्कार की रणनीतियों पर भी विस्तृत चर्चा करते हुए कहा, नियमित अध्ययन, स्वयं मूल्यांकन और परीक्षा पैटर्न की गहन समझ सफलता के लिए अनिवार्य हैं। नर्सिंग स्टुडेंट्स ने करियर संभावनाओं, सरकारी और निजी क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों, उच्च शिक्षा, कार्य-जीवन संतुलन और पेशेवर चुनौतियों से संबंधित कई प्रश्न पूछे।

नोएडा प्राधिकरण के सीईओ का शहर का निरीक्षण, लापरवाही पर कर्मियों की सेवा समाप्त करने के निर्देश

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा। नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्णा करुणेश ने सोमवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर अनुरक्षण कार्य, सफाई व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान प्राधिकरण के महाप्रबंधक (सिविल) एस.पी. सिंह सहित विभिन्न वर्क सर्किलों के वरिष्ठ प्रबंधक भी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर गंदगी, मलबा और क्षतिग्रस्त नालियां मिलने पर सीईओ ने नाराजगी जताते हुए संबंधित कर्मियों और अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। सेक्टर-8 के ई-9 के पास मलबे का ढेर मिलने पर वहां तैनात सफाईकर्मी राहुल और सोनी तथा हेल्थ सुपरवाइजर श्रीप्रकाश मिश्रा की सेवा समाप्त करने के निर्देश दिए गए, जबकि अवर अभियंता हरेन्द्र मलिक का 10 दिन का वेतन रोकने को कहा गया।

इसी तरह सेक्टर-57 में कूड़ा और मलबा मिलने पर सुपरवाइजर आजाद को सेवा से हटाने के निर्देश दिए गए। सेक्टर-63 में नाले में अत्यधिक कूड़ा मिलने और नाला जाम होने पर सफाईकर्मी धर्मवीर और सुपरवाइजर आकाश की सेवा समाप्त करने, प्रबंधक को चेतावनी देने और संबंधित संविदाकार को ब्लैकलिस्ट करने के लिए नोटिस जारी करने को कहा गया।

निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त नालियों की मरम्मत कराने, सेक्टर-11 के एच-ब्लॉक मार्केट के पास ड्रेन पर प्रीकास्ट स्लैब लगाकर पाथवे जोड़ने और सेक्टर-55 में मलबा हटाने के निर्देश दिए गए। सेक्टर-62 में सड़कों पर उद्यानिक कचरा मिलने पर तत्काल सफाई कराने को कहा गया। वहीं निराश्रित गायों को अभियान चलाकर गौशाला भेजने के निर्देश भी दिए गए।

सीईओ ने सेक्टर-62 के बारातघर का निरीक्षण कर उसके नवीनीकरण, फोर्टिस अस्पताल के पास सड़क के सौंदर्यीकरण और नाले के ऊपर फुटपाथ बनाने के निर्देश दिए। इसके अलावा नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर एमिटी स्कूल की ओर जाने वाली सर्विस रोड क्षतिग्रस्त मिलने पर तुरंत पैच मरम्मत कराने को कहा गया।

दौरे के दौरान कई स्थानों पर झुग्गियां बनाकर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए भी नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। साथ ही डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण व्यवस्था संतोषजनक न मिलने पर संबंधित एजेंसी पर 5 लाख रुपये का जुमार्ना लगाने के निर्देश दिए गए। सीईओ ने सभी वर्क सर्किलों को निर्देश दिया कि शहर में प्रतिदिन सुबह 10 बजे तक सभी स्थानों से कूड़ा उठाना हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही नालों का सर्वे कर कवर ठीक कराने, बस स्टॉप की मरम्मत व नियमित सफाई तथा शहर के सभी लेफ्ट टर्न को जल्द सुगम बनाने के निर्देश भी दिए गए।

क्रूज में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, नोएडा पुलिस ने 6 आरोपियों को किया गिरफ्तार

समाज जागरण

नोएडा। सोशल मीडिया के जरिए देश-विदेश में क्रूज जहाजों पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर लोगों से ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए नोएडा पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मोबाइल फोन, लैपटॉप, मॉनिटर, सीपीयू, राउटर और कई सिम कार्ड भी बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार आरोपी एम/एस रिक्रूट सर्विस कंपनी के नाम से फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर "वी आर हायरिंग" के पेड विज्ञापन चलाते थे। इन विज्ञापनों के जरिए लोगों से ऑनलाइन फॉर्म भरवाया जाता था। फॉर्म भरने के बाद आरोपी नौकरी दिलाने के नाम पर पीड़ितों से 40 हजार से 60 हजार रुपये तक वसूल लेते थे। इसके बाद उन्हें ईमेल के माध्यम से फर्जी जॉइनिंग लेटर भेज दिया जाता था।

जांच में सामने आया कि आरोपी लंबे समय से सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को क्रूज जहाजों और विदेश में नौकरी का झांसा देकर ठगी कर रहे थे।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि सोशल मीडिया पर नौकरी के नाम पर आने वाले संदिग्ध विज्ञापनों से सावधान रहें और बिना जांच-पड़ताल के किसी को पैसा न दें।

साइबर फ्रॉड शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर उपनिरीक्षक नेहा कुमारी सम्मानित

समाज जागरण

नोएडा। थाना फेस-1 की साइबर हेल्प डेस्क पर तैनात उपनिरीक्षक नेहा कुमारी द्वारा साइबर अपराध से संबंधित शिकायतों के त्वरित निस्तारण में उत्कृष्ट कार्य करने पर उन्हें सम्मानित किया गया।

जानकारी के अनुसार उपनिरीक्षक नेहा कुमारी ने एनसीआरपी पोर्टल पर प्राप्त साइबर फ्रॉड की शिकायतों के त्वरित समाधान, फर्जी मोबाइल नंबर और आईएमईआई ब्लॉक कराने, शिकायतों को पुनः आवंटित कराने तथा धोखाधड़ी से जुड़ी धनराशि को लीन मार्क कराने में नोएडा जोन के सभी थानों में सराहनीय कार्य किया।

उनके इस उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए एसीपी-2 नोएडा द्वारा उपनिरीक्षक नेहा कुमारी को 1100 रुपये नकद पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया। पुलिस अधिकारियों ने उनके कार्य की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी तरह सक्रियता के साथ साइबर अपराध पर अंकुश लगाने की अपेक्षा जताई।

अवैध खनन के दौरान मिट्टी की ढांग गिरी, चार मजदूर दबे; एक की मौत, तीन घायल

बहजोई/संभल। (समाज जागरण) बहजोई कोतवाली क्षेत्र के गांव किसोली के पास अवैध खनन के दौरान बड़ा हादसा हो गया। खनन करते समय मिट्टी की ढांग अचानक गिरने से चार मजदूर दब गए। ग्रामीणों ने किसी तरह सभी को बाहर निकाला, लेकिन तब तक एक युवक की मौके पर ही मौत हो चुकी थी, जबकि तीन अन्य घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव किसोली और रफीपुर के बीच धार्मिक मणि के पास लंबे समय से अवैध खनन किया जा रहा था। मंगलवार सुबह करीब 9 बजे मजदूर ट्रैक्टर-ट्रॉली से मिट्टी का खनन कर रहे थे। इसी दौरान गहरी खुदाई के कारण बनी मिट्टी की ढांग अचानक भरभराकर गिर गई और वहां काम कर रहे चार युवक उसके नीचे दब गए।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तुरंत राहत कार्य शुरू कर चारों युवकों को बाहर निकाला। इस दौरान वुद्धसेन नामक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद खनन माफिया ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर मौके से फरार हो गया।

घटना की जानकारी मिलते ही खनन अधिकारी शिवम कुमार, तहसीलदार चंदौसी रवि सोनकर और सीओ बहजोई प्रदीप कुमार भी मौके पर पहुंच गए और मामले की जांच शुरू कर दी।

ग्रामीणों का आरोप है कि इस क्षेत्र में काफी समय से अवैध खनन चल रहा था, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की। लोगों ने आरोप लगाया कि भवन पुलिस चौकी इंचार्ज महेश कुमार की मिलीभगत से खनन माफिया लगातार अवैध खनन कर रहे थे, जिसके कारण खतरनाक ढांग बन गई थी और आखिरकार यह हादसा हो गया।

मृतक के चाचा ने बताया कि रात करीब 3 बजे से ही अवैध खनन शुरू हो जाता था और गांव के मजदूरों को काम पर लगाया जाता था। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते प्रशासन कार्रवाई करता तो उनके भतीजे की जान नहीं जाती।

वहीं सीओ बहजोई प्रदीप कुमार ने बताया कि खनन के दौरान मिट्टी की ढांग गिरने से दो युवक दब गए थे, जिनमें एक की मौत हो गई है जबकि दूसरे का इलाज चल रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

विकास खण्ड गुन्नौर में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

समाज जागरण

संभल। जिलाधिकारी के निदेशों के क्रम में ब्लॉक बाल कल्याण एवं सरंक्षण समिति की बैठक खण्ड विकास अधिकारी कमलकान्त सिंह की अध्यक्षता में विकास खण्ड गुन्नौर सभागार में संपन्न हुई। समिति की बैठक में बालको को बाल संरक्षण एवं सशक्त सरक्षणात्मक परिवेश पालन पोषण करने, बाल श्रम, बाल तस्करी बाल विवाह, परिवार की देख-रेख पाने, हिंसा व दुर्व्यवहार से बचने और संरक्षण जैसे विषय पर चर्चा की गयी। प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी जीनम द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं सरक्षण) अधिनियम 2015 एवं बाल संरक्षण एवं कल्याण से जुडी योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से बताते हुए आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के सहयोग से नियमित समीक्षा हेतु कहा। बैठक में संरक्षण अधिकारी तेजपालसिंह ने सरकार द्वारा बालकों एवं छात्राओं के हितार्थ चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, बाल विवाह, बाल श्रम आदि एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1098, 181 112, 1076 आदि हेल्पलाइन नंबर जिनका प्रयोग आपातकाल स्थिति में किया जा सकता है के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। सहायक विकास अधिकारी प्रमोद कुमार ने बैठक के माध्यम से सभी सचिवों को निर्देश दिये कि ग्राम पंचायत स्तर की बैठक में समस्त सदस्यों की सक्रिय सहभागिता होनी चाहिए, इसमे किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। बैठक में शिक्षा विभाग से अनु शर्मा, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. आशीष कुमार गुप्ता, पुलिस विभाग से गुरजिन्दर कौर एस.आई, मोहित भाटी, कमल सिंह, विवेक कुमार, मनोज कुमार, सोमपाल सिंह, विकेश कुमार एवं हदेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

दाऊजी महाराज मंदिर में 12 मार्च को माता पूजन व रायसत्ती मेले का भव्य आयोजन

चंदौसी। (समाज जागरण)

कैथल गेट स्थित श्री दाऊजी महाराज मंदिर में गुरुवार 12 मार्च 2026 को माता का पूजन एवं रायसत्ती मेले का भव्य आयोजन किया जाएगा। मेले को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

मंदिर के ट्रस्टी चौधरी विवेक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दाऊजी मंदिर में माता का पूजन और रायसत्ती मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर में साफ-सफाई और पीने के पानी की उचित व्यवस्था की गई है। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर परिसर में पुलिस बल भी तैनात रहेगा।

उन्होंने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी मेले के दौरान स्वर्गीय चौधरी प्रेम शंकर जी की स्मृति में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को चौधरी प्रेमशंकर स्मृति ट्रस्ट की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

ट्रस्टी विवेक कुमार ने यह भी बताया कि मंदिर परिसर में लगने वाली खेल-खिलौने, चाट-पकौड़ी आदि की दुकानें भी पूर्व वर्षों की तरह इस बार निःशुल्क लगाई जाएंगी, जिससे मेले में आने वाले लोगों को सुविधा मिल सके।

पुलिस ने ग्रामीण की मौत के आरोपी को किया गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान

नगीना दुल्हेंडा के दिन पिता पुत्र के झगड़े में बीच बचाव करने वाले ग्रामीण को आरोपियों ने लाठी डंडों से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई थी। ग्रामीण की मौत के बाद उसके पिता ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया है।

नगीना थाना कोतवाली पुलिस ने बताया कि शनिवार को जयराम सिंह पुत्र लाला सिंह निवासी ग्राम बूढ़ावाला ने थाना नगीना में दी एक तहरीर में बताया कि मंगलवार को आरोपी नेतराम व चतराम पुत्रगण निहाल सिंह निवासी ग्राम बूढ़ावाला थाना नगीना ने उसके पुत्र के साथ लाठी डन्डों से मारपीट कर उसे गम्भीर रुप से घायल कर दिया। घायल पुत्र की उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी। पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर थाना नगीना ने आरोपियों के खिलाफ मु.अ.सं. 59/2026 धारा 105 बीएनएस के तहत दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू करते हुए सोमवार को पुलिस ने इस मुकदमें में वांछित आरोपी नेतराम पुत्र निहाल सिंह को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

पड़ोसी गांव के ही दूसरे समुदाय के एक युवक पर गलत फोटो वीडियो वायरल करने की धमकी देने पर पुलिस को दी तहरीर

दैनिक समाज जागरण
ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर नगीना। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती ने पड़ोसी गांव के ही दूसरे समुदाय के एक युवक पर बात न करने पर गलत फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाते हुये पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

मंझेडा पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव सराय निवासी एक व्यक्ति की पुत्री द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि पडौस के ग्राम मंझेडा शकरु निवासी शाहनवाज नामक युवक उसके मोबाइल न. पर मैसैज भेजकर बात करने के लिए जबरन मजबूर कर रहा है तथा बात न करने पर मेरी बड़ी बहन के अश्लील फोटो डालकर उसे ब्लैक मेल कर रहा है और कह रहा है कि अब भी मुझसे बात न की तो इससे भी गंदे -गंदे फोटो वायरल कर बदनाम कर दूंगा , पीडित युवती ने पुलिस से मामले मे.रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है , उधर थाना क्षेत्र के ग्राम मंझेडा पुलिस चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है मामले में जांच कर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

अवैध कॉलोनियों पर गरजा बाबा का बुलडोजर

तालिब खालिद सहित कई कॉलोनाइजरों की अवैध कॉलोनी पर चला बुलडोजर

दैनिक समाज जागरण
ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर जनपद में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी है। सोमवार को एसडीएम सदर रीतू रानी एवं तहसीलदार आशीष सक्सेना के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने जेसीबी मशीन के साथ कई स्थानों पर अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। इस दौरान अधिकारियों की मौजूदगी में करीब एक दर्जन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया गया। तालिब खालिद सहित कई कॉलोनाइजरों द्वारा बिना लेआउट पास कराए तथा नियमों की अनदेखी करते हुए अवैध रूप से कॉलोनियां विकसित की जा रही थीं। इन कॉलोनियों के संबंध में पहले ही नोटिस जारी किए गए थे और मौके पर बोर्ड भी लगाए गए थे। नोटिस का संतोषजनक जवाब न मिलने पर तहसील प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाकर अवैध निमार्णों को ध्वस्त कर दिया।

सोमवार को एसडीएम सदर रीतू रानी के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू की। इस दौरान अधिकारियों ने कई स्थानों पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग की टीम और पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा। एसडीएम सदर रीतू रानी ने प्रेस नोट के माध्यम से बताया कि अभिलेखों के अनुसार ग्राम कस्बा बिजनौर के गाटा संख्या 3291 व 3292 में अफीलेखानुसार शाजाद पुत्र यूसुफ, शमशाद अहमद पुत्र मोहम्मद शमीम आदि के नाम अंकित भूमि पर बिना लेआउट पास कराए अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी, जिसे ध्वस्त कर दिया गया।

इसी प्रकार ग्राम कस्बा बिजनौर के गाटा संख्या 3196 व 3197 में अभिलेखानुसार इरशाद अहमद, मोहम्मद खालिद, मोहम्मद तालिब, मोहम्मद आबिद, मोहम्मद आदिल तथा महबूबा आदि के नाम अंकित भूमि पर भी बिना अनुमति के कॉलोनी विकसित की जा रही थी जिसको सोमवार को प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन से इन अवैध निमार्णों को भी गिरा दिया। इसके अलावा ग्राम फतेहपुर नौआबाद में गाटा संख्या 282 में राजे पुत्र बिहारी, गाटा संख्या 276 में नफीसा पत्नी हबीब, गाटा संख्या 278 में शमीमा बेगम पत्नी अब्दुल वाहिद, गाटा संख्या 280 में खुर्शीद व तसलीम अहमद पुत्रगण अब्दुल हमीद तथा गाटा संख्या 281 में नफीसा पत्नी हबीब आदि के नाम दर्ज भूमि पर भी बिना लेआउट पास कराए अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। प्रशासन ने इन स्थानों पर भी बुलडोजर चलाकर अवैध निमार्णों को ध्वस्त कर दिया। इसके अतिरिक्त गाटा संख्या 211 में इमरान अली पुत्र एहसान अली, गाटा संख्या 212 में असगर व बाबू पुत्रगण अब्दुल मजीद, गाटा संख्या 217 में इस्लामुद्दीन पुत्र इमामुद्दीन, गाटा संख्या 218 में मोहम्मद इस्माइल पुत्र सत्तार तथा गाटा संख्या 197 ख, 156 ख, 155 ख, 154 ख, 170 ख, 162 ख, 160 ख, 161 ख, 159 ख, 176, 153 ख, 158 ख आदि गाटा संख्याओं में भी

बिना लेआउट पास कराए अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। प्रशासन ने इन सभी स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध निमार्णों को ध्वस्त कर दिया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा बिना अनुमति कॉलोनी विकसित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आम लोगों से अपील की गई है कि किसी भी भूमि या प्लॉट को खरीदने से पहले संबंधित विभाग से उसकी वैधता की जांच अवश्य करा लें।

7लाख रुपये लेने के बाद भी दूसरी जगह शादी करने का झांसा देने पर दी थाने में तहरीर

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर नगीना। पीडित पिता ने थाना प्रभारी को तहरीर देकर होने वाले दामाद पर सगाई की रस्म होने और नौकरी का झांसा देकर 7 लाख रुपए लेने के बाद बिना बताए दूसरी जगह शादी करने की शिकायत करते हुए उसकी शादी रुकवा कर उसके खिलाफ कार्यवाही करने की गुहार की है।

बढ़ापुर थाना क्षेत्र के ग्राम सलाबतपुर गिरधर उर्फ भज्जावाला निवासी प्रताप सिंह पुत्र गंगाराम सिंह थाना प्रभारी को दी तहरीर मे कहा कि उसने अपनी पुत्री कु दीपा की शादी नगीना थाना क्षेत्र के ग्राम नैनपुर निवासी अंकुश पुत्र धर्मपाल सिंह से तय कर दी थी। उसके बाद अंकुश पुत्र धर्मपाल सिंह माता महादेवी भाई सचिन कुमार बहन सोनी बहाने राहुल कुमार ने दीप की गोद भर के दीपा को अपना दिया था। जिसके बाद प्रताप सिंह ने 12-- नवांबर 2018 को 50 हजार रुपए नकद, एक चांदी का सिक्का, एक सोने की अंगूठी, कपड़े आदि देखकर (सगाई) शादी तय कर दी थी। सगाई कि रस्म के बाद अंकुश ने अपनी होने वाली पत्नी कु दीपा से अपनी नौकरी लगने के को कहा जिसके लिए 7 लख रुपए रिश्वत जा रही है जो मेरे पास नहीं है तुम अपने पिता से मुझे 7 लाख रू दिलवा दो मेरी नौकरी लग जाएगी। जब दीपा ने अपने पिता प्रताप सिंह से इस बात को बतलाया तब उसने अपने जंगल की जमीन गिरवी रख दी और 5 लाख रू 3-अप्रैल 2019 को अंकुश पुत्र धर्मपाल सिंह को नगद दे दिए और 1, 50, 000 रुपए दिनांक 2-4- 2019 को अंकुश के बड़े भाई सचिन कुमार पुत्र धर्मपाल सिंह के बैंक खाते में डाल दिए इस प्रकार उसने यह रकम एटली। अब अंकुश शादी करने से इंकार कर रहा हैं। तहरीर मे पीड़ित पिता ने अपने परिवार के साथ मिलकर साजिश करके 7 लाख रू व सोने चांदी के जेवर आदि सामान कि ठगी करने ओर अब दूसरी जगह शादी करने जा रहा है का आरोप लगाते हुए उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कर ठगी रकम और सोने चांदी क्या भूषण वापस कराया जाने की गुहार की है ।उधर थाना प्रभारी अवनीत मान ने पीड़ित को बताया कि घटनाक्रम थाना क्षेत्र बढ़ापुर या अफजलगढ़ का है हमारे क्षेत्र का आरोपी है इसलिए मानवता के आधार पर आपकी मदद की जाएगी उन्होंने बताया कि आप अफजलगढ़ पुलिस क्षेत्र अधिकारी से जाकर मिले। थाना प्रभारी ने हल्का पुलिस टीम को तहरीर सौंप कर आरोपी को थाने लाने का आदेश दिया है।

भूसे से भरी ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलटी

दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर मंडावर। बालावाली से मंडावर रोड़ पर ओवरलोड भूसे से भरी ट्रेक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार मंगलवार की सुबह भूसे से भरी ट्रेक्टर ट्राली दयालवाला से निकलकर देशी शराब की दुकान के पास पहुंची तो ट्रैक्टर

ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई।गनीमत रही कि उस समय कोई आसपास नहीं था। नहीं तो कोई बहुत बड़ा हादसा हो सकता था। सबसे बड़ा सवाल यह है कि रोड पर इस तरह के ट्रैक्टर ट्राली,ट्रक जो मानक से अधिक वजन भर कर हवाई जहाज बनाकर रोड पर दौड़ आते हैं।जिसे स्वयं की नहीं बल्कि उसके पास से गुजरने वाले वाहन चालकों या पैदल यात्रियों को भी अपनी जान का खतरा बना रहता है। क्षेत्र वासियों की प्रशासन से अपील है कि ऐसे वाहनों पर कार्रवाई कर अंकुश लगाना चाहिए।

टूटी सड़क को कालोनी वासियों ने सही कराया, जगह जगह गड्ढे होने से दुर्घटना का अंदेशा

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर नजीबाबाद नगर के बुंदकी मार्ग पर स्थित न्यू लक्ष्मी नगर कालोनी (जालबपुर गुदढ) में सड़क पर गहरे गहरे गड्ढे होने से कालोनी वासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। गहरे गड्ढे होने से दुर्घटना का भी अंदेशा बना रहता था। सड़क से स्कूली बच्चों को निकलने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था।जिसको देखते हुए कालोनी वासियों ने ग्राम प्रधान को भी कई बार अवगत कराया लेकिन कालोनी का मुख्य मार्ग सही नहीं हो पाया। कालोनी वासियों ने आपस में रुपए एकत्रित कर उक्त सड़क पर गहरे गड्ढों को भरकर सड़क को सही कराया गया। कालोनी वासियों ने बताया कि बरसात के दिनों में तो कालोनी की सड़कों पर पानी भर जाने से उक्त सड़क से निकलना दुश्वार हो जाता है। सड़क पर पानी भर जाने से बिमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। सड़क को सही ना करायें जाने की स्थिति में कालोनी वासियों ने स्वयं ही सड़क को सही करना उचित समझा। कालोनी वासियों ने यह भी बताया कि कालोनी में पानी की निकासी, बिजली पानी आदि की व्यवस्था का बुरा हाल है। शिकायत किए जाने पर भी कोई हल नहीं निकला। कालोनी नाइजर कालोनियों को काट बेच देते हैं लेकिन जरूरी सुविधाओं को उपलब्ध नहीं कराया जाता।नगर में अनेकों कालोनी अवैध रूप से काटी जा रही है लेकिन प्रशासन अवैध कालोनियों पर कोई ध्यान नहीं दे रहा। इस दौरान राकेश कुमार,पवन कुमार, यश चौधरी, बुंदिया, अमित कुमार,राज कुमार,विजय पाल सिंह, सुधीर चौहान सहित अनेक कालोनी वासी उपस्थित रहे।

बिना परमिट चल रहे जर्जर वाहनों पर सख्ती, बच्चों की सुरक्षा को लेकर जारी निर्देश

दैनिक समाज जागरण
ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर । कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बिजनौर की ओर से जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रबंधकों एवं प्रधानाध्यापकों को निर्देश जारी किए गए हैं कि विद्यालयों में बच्चों के आवागमन के लिए उपयोग किए जा रहे वाहनों की जांच सुनिश्चित की जाए। बिना परमिट और जर्जर स्थिति में चल रहे वाहनों के कारण बच्चों की सुरक्षा को खतरा होने की आशंका को देखते हुए यह निर्देश जारी किए गए हैं।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि पूर्व में भी इस संबंध में कई बार निर्देश दिए जा चुके हैं, लेकिन कुछ विद्यालयों में अभी भी बिना परमिट के जर्जर वाहन संचालित होने की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। ऐसे में सभी विद्यालय प्रबंधकों और प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने विद्यालयों से संबंधित वाहनों की जांच कर लें और यदि कोई वाहन बिना परमिट या जर्जर स्थिति में पाया जाता है तो उसे तत्काल विद्यालय से हटा दिया जाए।

पत्र में स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी विद्यालय में बिना परमिट या जर्जर वाहन के कारण बच्चों की सुरक्षा को खतरा होता है तो उसके लिए संबंधित विद्यालय के प्रबंधक या प्रधानाध्यापक को जिम्मेदार माना जाएगा और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, संभागीय परिवहन अधिकारी तथा सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों को भी सूचना प्रेषित की गई है, ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

भारत ने जर्मनी और इंडोनेशिया के साथ पर्यटन और सतत यात्रा को बढ़ावा देने के लिए आईटीबी बर्लिन 2026 में द्विपक्षीय बैठकें कीं

पर्यटन मंत्रालयभारत ने विश्व प्रसिद्ध यात्रा प्रदर्शनी आईटीबी बर्लिन 2026 में भाग लिया

केंद्रीय पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भारतीय पवेलियन का उद्घाटन किया और पर्यटन सहयोग को बढ़ावा देने के लिए द्विपक्षीय बैठकें कीं

श्री गजेंद्र सिंह शेखावतः जर्मनी भारत के सबसे महत्वपूर्ण पर्यटन साझेदारों में से एक है

भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय ने 3 से 5 मार्च तक जर्मनी के मेस्से बर्लिन में आयोजित आईटीबी बर्लिन 2026 में भाग लिया। विश्व के अग्रणी यात्रा व्यापार मेले के रूप में, आईटीबी बर्लिन (इंटरनेशनल टूरिज्म-बोर्स बर्लिन) वैश्विक पर्यटन उद्योग के लिए मिलने जुलने का एक महत्वपूर्ण केंद्र है, जो भारत के यात्रा उद्योग से जुड़े हितधारकों को नेटवर्किंग और आदान-प्रदान का एक जरुरी मंच प्रदान करता है।

भारत ने देश भर से डेस्टिनेशन मैनेजमेंट कंपनियों (डीएमसी), होटल व्यवसायियों, राज्य सरकारों/केंद्र शासित प्रदेशों और टूर ऑपरेटरों के एक महत्वपूर्ण प्रतिनिधिमंडल के साथ भाग लिया। प्रदर्शनी का उद्घाटन केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने जर्मनी में भारतीय राजदूत श्री अजीत गुप्ते की मौजूदगी में किया।

इसके अलावा, लोगों के बीच के संबंधों को मजबूत करने के मकसद से, केंद्रीय पर्यटन मंत्री ने इंडोनेशिया की पर्यटन मंत्री महामहिम सुश्री विदियंती पुत्री वर्धना और जर्मनी के संघीय सरकार के पर्यटन आयुक्त डॉ. क्रिस्टोफ प्लोस के साथ सार्थक द्विपक्षीय बैठकें कीं। इन बैठकों में पर्यटन प्रवाह को बढ़ाने, सतत यात्रा को बढ़ावा देने, हवाई संपर्क का विस्तार करने और दोनों देशों के बीच लोगों में आपसी संबंधों को गहरा करने पर चर्चा हुई। केंद्रीय मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (यूएनडब्ल्यूटीओ) की महासचिव सुश्री शेखा अल नोवाइस से भी मुलाकात की और सतत पर्यटन विकास और पुनयोर्जी पर्यटन को बढ़ावा देने के विभिन्न तरीकों पर विचार-विमर्श किया।

केंद्रीय पर्यटन मंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि जर्मनी भारत के सबसे महत्वपूर्ण पर्यटन साझेदारों में से एक है। जर्मनी भारत के लिए पर्यटन का आठवां सबसे बड़ा स्रोत बाजार है, जहां से 2025 में 260,000 विदेशी पर्यटक आगमन (एफटीए)** होने की उम्मीद है।

आईटीबी बर्लिन में, केंद्रीय पर्यटन मंत्री ने मंत्रालय के लिए नेटफ्लिक्स द्वारा तैयार की गई दो लघु फिल्मों का भी विमोचन किया। एक फिल्म भारत की जीवंत संस्कृति, परंपराओं, त्योहारों और शाश्वत विरासत का जश्न मनाती है, जबकि दूसरी भारतीय व्यंजनों के समृद्ध स्वाद और विविधता को दशार्ती है। पर्यटन मंत्रालय ने वैश्विक दर्शकों के सामने भारतीय पर्यटन स्थलों को प्रदर्शित करने के लिए नेटफ्लिक्स के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत, इनक्रेडिबल इंडिया और नेटफ्लिक्स मिलकर पूरे वर्ष में दस लघु प्रचार वीडियो तैयार करेंगे। नेटफ्लिक्स की फिल्मों और श्रृंखलाओं से प्रेरित, हर वीडियो भारत के एक अनूठे पहलू को उजागर करता है, जिसमें इसके स्वाद और त्योहारों से लेकर रोमांच, वन्यजीव और प्राकृतिक सुंदरता तक शामिल हैं, जो पर्दे पर दिखाई देने वाली देश की गहराई और विविधता को दशार्ते हैं।

आईटीबी 2026 में भारत के पवेलियन ने देश की समृद्ध संस्कृति, भाषा और परंपराओं, विविध पर्यटन परिदृश्य और आध्यात्मिक तथा स्वास्थ्य, विवाह, साहसिक और पारिस्थितिक पर्यटन तथा लजीज भोजन जैसे विशिष्ट पर्यटन अनुभवों की विस्तृत श्रृंखला को प्रदर्शित किया। पवेलियन का विषय भारत के अनूठे और विविध पर्यटन अनुभवों पर केंद्रित था।

राजस्थान, केरल, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, गोवा, उत्तर प्रदेश, गुजरात, उत्तराखंड की राज्य सरकारों और लद्दाख तथा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) के साथ-साथ आईआरसीटीसी ने आईटीबी में अपने नवीनतम पर्यटन स्थलों और पेशकशों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ावा देने के लिए इसमें भाग लिया। भारतीय पर्यटन उद्योग और राज्य सरकारों के 42 हितधारकों ने भारत की जीवंत सांस्कृतिक विविधता और पर्यटन उत्पादों तथा गहन अनुभवों की व्यापक श्रृंखला को दशार्ने के लिए इंडिया पवेलियन में सह-प्रदर्शक के तौर पर हिस्सा लिया। हितधारकों ने लाभदायक व्यावसायिक बैठकें कीं और अपने अंतरराष्ट्रीय समकक्षों के साथ नए संपर्क भी स्थापित किए। आईटीबी में देखने को मिली उपस्थिति ने भारत के उस रणनीतिक लक्ष्य को साफ तौर पर उजागर किया, जिसके तहत भारत पर्यटन को और बढ़ावा देना चाहता है और देश को 365 दिनों के लिए प्रमुख वैश्विक पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करना चाहता है।

आईटीबी बर्लिन ने मौजूदा साझेदारियों को मजबूत करने, नए व्यापारिक संबंध बनाने और नए यात्रा मार्गों और अनुभवों को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया। भारत पवेलियन में मेहंदी, ब्लॉक प्रिंटिंग और सुलेख जैसी अन्य त्वरित गतिविधियों के जरिए आगंतुकों के लिए सांस्कृतिक और शिल्प विरासत की विविधता का भी प्रदर्शन किया गया।

घर में घुसकर मारपीट, महिला के कपड़े फाड़े

समाज जागरण

कैराना। घर में घुसकर मारपीट करने तथा महिला के कपड़े फाड़ने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।नगर के मोहल्ला आलदरम्यान निवासी एक महिला ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि मोहल्ले का ही शहनवाज उसके पति से रंजिश रखता है। विगत शुक्रवार को दोपहर दो बजे उसका बेटा मस्जिद में जुमे की नमाज पढ़कर घर आ रहा था। रास्ते में शहनवाज ने उसके बेटे को रोक कर गाली–गलौज और मारपीट की। उसका बेटा किसी तरह बचकर घर आ गया। इसके बाद रात को करीब दस बजे वह अपने पति और बेटे के साथ घर पर थी। आरोप है कि तभी शहनवाज, सरफराज, इरफान, इमरान, इस्माईल, नदीम, मुकीम और शहीद निवासीगण मोहल्ला आलदरम्यान तथा 8-10 अज्ञात युवक लाठी–डंडे लेकर उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने गाली–गलौज करते हुए उसके पति और बेटे ने साथ मारपीट की, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उसने अपने पति और बेटे को बचाने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट करते हुए कपड़े फाड़ दिए। अन्य लोगों के आ जाने पर आरोपी धमकी देते हुए भाग गए। मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

चाचा-भतीजे के साथ मारपीट

समाज जागरण

कैराना। मोहल्ला छड़ियान खारी कुई निवासी नसीम अहमद ने मुकदमा दर्ज कराया कि वह अपने घर पर था। इस दौरान मोहल्ले के ही दिलशाद, फारूक, फरदीन, शादान, हमजा और फैज लाठी–डंडे लेकर उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने गाली–गलौज करते हुए उसके तथा उसके भतीजे शहजाद के साथ मारपीट की, जिसमें दोनों घायल हो गए। बाद में आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए।

बकरा चोरी की रिपोर्ट दर्ज

समाज जागरण

कैराना। गांव मन्नामाजरा निवासी इरफान ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि विगत शनिवार दोपहर करीब तीन बजे उसका बकरा घर के सामने चर रहा था। इस दौरान बाइक सवार दो अज्ञात युवक आए तथा उसके बकरे को बोरे में डालकर चोरी कर ले गए। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

जानलेवा हमले के मामले में एक गिरफ्तार

समाज जागरण

कैराना। जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया। ग्राम ऊंचागांव निवासी प्रियांशु ने कोतवाली में तहरीर दी थी। बताया था कि उसके ताऊ वीरसैन व उसके पुत्र निखिल के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की गई। आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार से हमला किया। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। घटना में वांछित चल रहे अंशुल चौहान निवासी ऊंचागांव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का चालान कर दिया गया है।

40 लाख की स्मैक समेत आरोपी दबोचा

समाज जागरण

कैराना। पुलिस ने लगभग 40 लाख रुपए की कीमत की अवैध स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। एसआई गौरव चौहान ऑपरेशन सवेरा के तहत क्षेत्र में अभियान चलाए हुए थे। इसी दौरान पानीपत बाईपास फ्लाईओवर के निकट से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से 200 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सोनू उर्फ इनाम निवासी नई बस्ती काजी का बाग कैराना बताया। पुलिस ने बताया कि आरोपी से बरामद स्मैक की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग 40 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी का चालान कर दिया है।

टोल प्लाजा बोर्ड पर गांव के नाम की मांग किसानों का ट्रैक्टर मार्च

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग)क्षेत्र के गांव बंतीखेड़ा के दर्जनों ग्रामीणों ने मंगलवार को ट्रैक्टर मार्च निकालते हुए शामली कलेक्ट्रेट पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग-344 पर बन रहे टोल प्लाजा पर गांव बंतीखेड़ा का नाम अंकित बोर्ड लगवाने की मांग की।

मंगलवार को बाबरी क्षेत्र के गांव बंतीखेडा निवासी दर्जनों ग्रामीणों ने गांव से ट्रेक्टर मार्च निकाला। ट्रेक्टर मार्च हाईवे से होता हुआ शामली कलक्ट्रेट पहुंचा, जहां ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी की। इस दौरान ग्रामीण कलक्ट्रेट की सीढियों पर बैठ गए और ज्ञापन लेने पहुंचे एसडीएम न्यायिक हामिद हुसैन को ज्ञापन देने से इंकार कर दिया। उन्होने डीएम को मौके पर बुलाने की मांग की। बाद में उन्होने डीएम को दिए ज्ञापन में कहा कि दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग-344 पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा बनाए जा रहे टोल प्लाजा के लिए गांव बंतीखेड़ा का नाम गजट प्रकाशन की प्रक्रिया में पहले ही दर्ज किया जा चुका है। टोल प्लाजा के अधिकांश कार्य भी पूरे हो चुके हैं और अन्य बोर्ड भी प्रिंट होकर लगाए जा चुके हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि थाना बाबरी क्षेत्र के गांव करौदा हाथी के कुछ दबंग और अराजक तत्व सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए टोल प्लाजा पर गांव बंतीखेड़ा का बोर्ड लगने नहीं दे रहे हैं। उनका आरोप है कि उक्त लोग जबरदस्ती अपने गांव के नाम का बोर्ड लगवाने का प्रयास कर रहे हैं, जिसके चलते बंतीखेड़ा का प्रिंटेड बोर्ड अब तक नहीं लगाया जा सका है।ग्राम प्रधान सावित्री ने ज्ञापन के माध्यम से डीएम से मांग की कि चूंकि गजट प्रकाशन में गांव बंतीखेड़ा का नाम दर्ज हो चुका है, इसलिए उसी के अनुसार टोल प्लाजा पर बंतीखेड़ा नाम का बोर्ड लगवाया जाए तथा सरकारी कार्य में बाधा डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांग पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस अवसर पर विपिन कुमार, नरेश, दीपक तोमर, कपिल कुमार, राव इकबाल, राकेश कुमार, प्रियम, राजकुमार, तालिब खान, शिवकरण, वैभव चौधरी, रविन्द्र कुमार, सोम पाल, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

नवजात के जन्म के बाद महिला की हुई मौत परिजनों का अस्पताल में हंगामा

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) शहर के झिंझाना रोड स्थित एक प्राईवेट हॉस्पिटल में विवाहिता की मौके के बाद जमकर हंगामा हुआ। परिजनों ने महिला चिकित्सक पर लापरवाही बरते जाने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही किए जाने की मांग की। गुस्साऐं परिजनों ने जाम लगाने का भी प्रयास किया, लेकिन गणान्य लोगों ने समझा बुझाकर शांत किया। सूचना पर शहर कोतवाली पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई थी।

कांधला क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी 22 वर्षीय शालू को उसके पति अंकुश द्वारा गत रात्रि करीब 12 बजे प्रसव पीडा होने पर शहर के झिंझाना रोड स्थित वरदान हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। बताया जाता है कि रात्रि में की विवाहिता ने एक पुत्र को जन्म दिया, जिसके बाद महिला चिकित्सक चली गई। आरोप है कि सवेरे 6 बजे विवाहिता की हालत बिगड गई और परिजनों ने स्टाफ नर्स को जानकारी दी, लेकिन महिला चिकित्सक विवाहिता को देखने नही पहुंची। विवाहिता की लगातार हालत बिगडने के कारण सवेरे 11 बजे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने महिला चिकित्सक को जानकारी दी तो विवाहिता को हायर सेंटर के लिए

रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि वह दूसरे चिकित्सक के यहां लेकर गए तो चिकित्सक ने शालू को मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन विवाहिता के शव को लेकर वरदान हॉस्पिटल पहुंचे और शव रखकर जमकर हंगामा किया। उन्होने चिकित्सक पर लापरवाही बरते जाने का आरोप लगाते हुए जाम लगाने का भी प्रयास किया, लेकिन गणमान्य लोगों द्वारा समझा बुझाकर शांत किया गया। सूचना पाकर शहर कोतवाली पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और हंगामा कर रहे परिजनों को समझा बुझाकर शांत किया। देर शाम तक परिजनों द्वारा पुलिस को कोई तहरीर नही दी गई थी। 12 सिंतबर 2024 में विवाहिता की शादी हुई थी।

मार्च में बने जनवरी जैसे हालात आसमान में छाया घना कोहरा

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) मंगलवार सुबह शामली और आसपास के क्षेत्रों में अचानक घना स्मॉग छा जाने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। आसमान में फैले स्मॉग के कारण दृश्यता भी प्रभावित हुई और वातावरण में धुंध जैसी स्थिति बनी रही। कई लोगों ने सांस लेने में दिक्कत और गले में खराश की शिकायत की।

मंगलवार सुबह के समय जब लोग अपने दैनिक कार्यों के लिए घरों से बाहर निकले तो उन्हें वातावरण में भारीपन महसूस हुआ। कुछ लोगों ने आंखों में जलन और गले में खराश की भी शिकायत की। खासतौर पर बुजुर्गों, बच्चों और अस्थमा के मरीजों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा। सवेरे आसमान में छाये स्मॉग को कुछ लोगों ने कोहरा भी समझा और घरों से गर्म कपडे पहनकर निकले। स्मॉग दोपहर 12 बजे तक छाया रहा, जिसके बाद आसमान पूरी तरह से साफ हो गया था। तेज धूप में लोगों को एक बार फिर गर्मी का अहसास हुआ। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान में गर्माहट के बावजूद वातावरण में धुंध और स्मॉग की परत बनी रही। एक्यूआई 195 दर्ज किया गया, जो स्वास्थ्य के लिए मध्यम से खराब श्रेणी के करीब माना जाता है। इस स्तर की वायु गुणवत्ता में लंबे समय तक रहने से सांस संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं, खासकर संवेदनशील लोगों के लिए। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह के समय सड़कों पर निकलते ही उन्हें हवा में धुएं और प्रदूषण का असर महसूस हुआ। कई लोगों ने प्रदूषण बढ़ने के पीछे मौसम में बदलाव और बाहरी क्षेत्रों से आ रहे धुएं को कारण बताया। डॉक्टरों का कहना है कि इस प्रकार की स्थिति में बच्चों, बुजुर्गों और सांस के मरीजों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

रेलवे कर्मचारियों का हंगामा प्रदर्शन कार्रवाई की मांग

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) मंगलवार को रेलवे विभाग के कर्मचारियों ने रेलवे पथ के कार्यालय के बाहर एकत्रित होकर एसएसई के कथित व्यवहार के विरोध में अपना आक्रोश प्रकट किया। कर्मचारियों का आरोप है कि एसएसई के व्यवहार से सभी कर्मचारी काफी परेशान हैं और आए दिन उन्हें अनावश्यक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। कर्मचारियों ने बताया कि हाल ही में कुछ कर्मचारियों को केवल इस कारण ड्यूटी से हटा दिया गया कि वे अपने साथ

पानी की बोतल लेकर नहीं आए थे। कर्मचारियों का कहना है कि ड्यूटी के दौरान पानी पीने जाने पर भी आपत्ति जताई जाती है। इसी बात को लेकर एसएसई नाराज हो गए और उन्होंने बिना पानी की बोतल के कर्मचारियों को कार्य पर आने से मना कर दिया। आरोप है कि एसएसई कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं और कई बार गाली-गलौच भी करते हैं, जिससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। कर्मचारियों का कहना है कि इस मामले की जानकारी यूनियन के पदाधिकारियों को भी दी गई, लेकिन वे फोन तक नहीं उठा रहे हैं, जिससे कर्मचारियों की समस्या और बढ़ गई है रेलवे कर्मचारियों ने कहा कि यदि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वे आगे भी आंदोलन करने को मजबूर होंगे। कर्मचारियों ने विभाग के उच्च अधिकारियों से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

सफाई कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भेजा मुख्यमंत्री को पत्र

समाज जागरण

शामली। (फुरकान जंग) राष्ट्रीय वाल्मीकि समाज प्रतिनिधि मंच के पदाधिकारियों ने सफाई कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की

मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन थानाभवन विधायक अशरफ अली को सौंपा। रविवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद झंझोट के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने विधायक अशरफ अली के आवास पर पहुंचकर ज्ञापन दिया। ज्ञापन में संविदा व आउटसोर्सिंग पर कार्यरत सफाई कर्मचारियों को नियमित करने, उनका वेतन बढ़ाने, रविवार का अवकाश देने तथा बीमा सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि प्रदेश में बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी संविदा और आउटसोर्सिंग व्यवस्था के तहत कार्य कर रहे हैं, लेकिन उन्हें पर्याप्त वेतन और सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। साथ ही स्थायी भर्ती भी लंबे समय से नहीं की गई है, जिससे कर्मचारियों पर कार्य का भार बढ़ रहा है।उन्होंने मुख्यमंत्री तक सफाई कर्मचारियों की समस्याएं पहुंचाकर उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई कराने की मांग की। इस दौरान चौधरी सतेंद्र, डॉ. मुबारक अली, जिला संयोजक नंदू प्रसाद वाल्मीकि सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

घर-घर कूड़ा कलेक्शन के लिए वाहनों का शुभारंभ पालिका अध्यक्ष ने दिखाई झंडी

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) नगर पालिका के सौजन्य से मंगलवार को शहर में घर-घर से कूड़ा उठाने की नई व्यवस्था का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष अरविंद संगल ने हरी झंडी दिखाकर कचरा वाहनों को रवाना किया। यह कार्य अब अलीगढ़ की संस्था ग्रीन सिटी वेस्ट डिस्पोजल सर्विसेज द्वारा संचालित किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान पालिका अध्यक्ष अरविंद संगल ने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए घर-घर कूड़ा संग्रहण की व्यवस्था को और अधिक व्यवस्थित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस बार कूड़ा संग्रहण का कार्य ग्रीन सिटी वेस्ट डिस्पोजल सर्विसेज को दिया गया है, जो आधुनिक व्यवस्था के साथ यह कार्य करेगी। संस्था द्वारा कूड़ा उठाने के दौरान ऑनलाइन रसीद भी जारी की जाएगी, जिससे यह भ्रम समाप्त हो जाएगा कि किसी घर से महीने में दो बार शुल्क लिया गया है।उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा प्रत्येक घर का ऑनलाइन डाटा भी तैयार किया जाएगा, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि शहर के हर घर से नियमित रूप से कूड़ा एकत्रित किया जाए। जो लोग घर-घर कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों को कूड़ा देने के बजाय सड़कों, नालियों या सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए भारी जुमार्ना लगाया जाएगा। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि स्वच्छता बनाए रखने के लिए कूड़ा केवल डोर-टू-डोर कलेक्शन करने वाले कर्म चारियों को ही दें, ताकि शहर में गंदगी न फैले और स्वच्छ वातावरण बनाए रखा जा सके।कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता और सफाई बनाए रखने की शपथ भी दिलाई। मौके पर ईओ विनोद कुमार सोलंकी, ब्रांड एंबेसडर प्रदीप सिंघल, सभासद रोबिन गर्ग, पंकज गुप्ता, गुलजान मंसूरी, अरविंद खटीक, रामनिवास सैनी, एसएफआई अनिल, लक्ष्मण, डायरेक्टर एहसान सैफी, मैनेजर मोहम्मद राशिद मौजूद रहे।

गर्भवती महिला से मारपीट का आरोप, कार्रवाई की मांग

समाज जागरण कांधला।

थाना क्षेत्र के गांव नाला निवासी एक व्यक्ति ने अपने पड़ोस के दो लोगों पर उसके साथ तथा उसकी गर्भवती पत्नी के साथ मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।मंगलवार को थाना क्षेत्र के गांव नाला निवासी विक्की पुत्र धीर सिंह ने बताया कि उसके पड़ोसी पीड़ित और उसके परिवार से पुरानी रंजिश रखते हैं। इसी रंजिश के चलते आरोपी आए दिन पीड़ित और उसके परिवार के साथ गाली-गलौज करते रहते हैं तथा कई बार मारपीट भी कर चुकी हैं।पीड़ित का आरोप है कि मंगलवार को पड़ोस के दो लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान उसकी गर्भवती पत्नी काजल बीच-बचाव करने और अपने पति को छुड़ाने के लिए मौके पर पहुंची, तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट कर दी। आरोप है कि आरोपियों ने महिला के पेट में लात मार दी, जिससे वह घायल हो गई।शोर-शराबा होने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने अपनी गर्भवती पत्नी के साथ थाने पहुंचकर मामले की तहरीर पुलिस को देते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि मामले में तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है और जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बीच-बचाव करने पहुंचे युवक को लाठी-डंडों से पीटा, दो सगे भाइयों पर मुकदमा दर्ज

समाज जागरण
कांधला। (फुरकान जंग)

थाना क्षेत्र के गांव जसाला में एक सप्ताह पूर्व हुई मारपीट के मामले में घायल युवक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही दो सगे भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू करते हुए आरोपियों की तलाश तेज कर दी है। क्षेत्र के गांव जसाला निवासी हरविंदर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि विगत 4 मार्च को गांव के ही विशाल और मनीष के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया और लाठी-डंडों से मारपीट शुरू हो गई।पीड़ित का आरोप है कि उसी दौरान उसका भाई अनुज वहां से गुजर रहा था। उसने दोनों पक्षों को शांत कराने और बीच-बचाव करने का प्रयास किया, लेकिन आरोप है कि मनीष और उसके भाई गौरव ने गुस्से में आकर अनुज पर ही हमला कर दिया। दोनों आरोपियों ने लाठी-डंडों से उस पर हमला करते हुए बुरी तरह मारपीट कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के बाद परिजन घायल अनुज को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था। पीड़ित ने डॉक्टरी परीक्षण कराकर थाने में तहरीर दी गई, जिसमें दोनों आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस तलाश में जुटी हुई है।

थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

भगवान परशुराम शिविर में हुआ भव्य होली मिलन समारोह, मातृशक्ति को दी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं

समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। होली के पावन अवसर पर जिला ब्राह्मण महासभा पंजीकृत फिरोजाबाद के अध्यक्ष पंडित शिवकुमार शर्मा एडवोकेट द्वारा रामलीला स्थित भगवान परशुराम शिविर पर होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित अरविंद पचौरी जी ने की, जबकि संचालन योगेंद्र मोहन शर्मा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी ब्राह्मण समाज के लोगों ने मातृशक्ति को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और समाज में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पंडित शिवकुमार शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज की शक्ति उसकी एकता में है और समाज को संगठित रहकर आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में यूजीसी से जुड़े मुद्दों को लेकर भी चर्चा की गई और सभी ब्राह्मणों से एकजुट रहने की अपील की गई। वक्ताओं ने कहा कि समाज के हितों की रक्षा के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा।

समारोह के दौरान सभी लोगों ने फूलों की होली खेलकर आपसी प्रेम,

भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम में महिलाओं की संख्या अधिक होने पर विशेष हर्ष व्यक्त किया गया और समाज में उनकी सक्रिय भूमिका की सराहना की गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पंडित शिवकुमार शर्मा, पंडित दिनेश वशिष्ठ,पंडित मुकेश गौड़ (नगर अध्यक्ष शिकोहाबाद), उमाकांत पचौरी एडवोकेट, पंडित अखिलेश शर्मा, पंडित प्रदीप शर्मा गुड्डा पहलवान (महानगर अध्यक्ष, जिला ब्राह्मण महासभा फिरोजाबाद), अरविंद पचौरी, संगठन मंत्री पंडित विकास दुबे,रमाकांत उपाध्याय सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। महिला प्रतिनिधियों में सरोज शर्मा (पूर्व चेयरमैन, नगर पालिका परिषद सिरसागंज), लवली मिश्रा, मीना शर्मा (शिकोहाबाद), आशा भट्ट (शिकोहाबाद), प्रीति शर्मा तथा मिथलेश शर्मा (जिलाध्यक्ष, ब्राह्मण महासभा महिला प्रकोष्ठ) विशेष रूप से मौजूद रहीं।

कार्यक्रम का समापन सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देते हुए समाज में एकता और सद्भाव बनाए रखने के संकल्प के साथ किया।

आनन्द शर्मा, कृष्ण गोपाल शर्मा, विकास दुबे, अरविन्द पचौरी, जितेन्द्र कुमार शर्मा, गुड्डा पहलवान, झब्बूलाल तिवारी, उमाकान्त पचौरी, दिनेश वशिष्ठ, कन्हैया वशिष्ठ , राकेश शर्मा, मुन्नू शुक्ला, आशीष दीक्षित, पवन उपाध्याय (कौशल), योगेन्द्र चतुर्वेदी, संजय पाराशर, मदन मोहन क्षेत्रीय, पं० हरिप्रसाद शर्मा, पं० चंचल शर्मा, दुर्गा प्रसाद, खण्ड कुमार पचौरी, आचार्य अशोक कुमार शास्त्री, हरेश कुमार उपाध्याय, अमर शर्मा, विकास लहरी, राघवेन्द्र कुमार शर्मा, पं० सीताराम शर्मा, सरोज शर्मा (पूर्व चैयरमैन), अमित शर्मा (उपाध्यक्ष कपावली), गौरव उपाध्याय (नगला पान सहाय), विशन स्वरूप एडवोकेट, हितेन भारद्वाज, अरविन्द कुमार वशिष्ठ, पं० अखिलेश शर्मा (वैध), अनील मैनेजर, संजय पाराशर लंकेश,संजय प्रताप सिंह शर्मा,अरुण प्रताप सिंह शर्मा,लालजी शर्मा,ओम जी शर्मा ,पीयूष शर्मा, अनुपम शर्मा, मन्टू वशिष्ठ, प्रदुमन कुमार गोस्वामी, आकाश गोयल, सौरभ उपाध्याय, अमित उपाध्याय, सुनील वशिष्ठ, प्रशांत वशिष्ठ, मुकेश गौड़, प्रदीप शर्मा, विमल वशिष्ठ उमेश शर्मा, अश्वनी शर्मा, अनुराग राष्ट्रवादी, गुड्डा पहलवान, राघवेंद्र शर्मा टेनी पंडित स्नेह लता शर्मा, मधुरिमा वशिष्ठ, उमा दीक्षित, प्रीती शर्मा, सुनीता, कमलेश शर्मा, बिट्टी देवी, प्रिया दीक्षित, ममता पचौरी, रमा शर्मा, उर्मिला मिश्रा, कमलेश शर्मा, विषय तारा शर्मा, कादम्बिनी शर्मा, गीता देवी, रीना मिश्रा, स्नेह लता, शिखा प्रिया मुदगल, रेखा शर्मा, सरोज, ममता शर्मा, कु० अखिलेश शर्मा (पुत्री नवीन), रेखा पचौरी, संगीता मिश्रा, सुनीता शर्मा, सुकी शर्मा, मुन्नी देवी शर्मा, मीना शुक्ला, रेखा शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं को मिशन शक्ति के तहत विधिक जानकारी दी गई

समाज जागरण

फिरोजाबाद। दाऊदयाल महिला महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर रेनू वर्मा के कुशल निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा संचालित सात दिवसीय शिविर के तहत आज तीसरे दिन राष्ट्रीय सेवा योजना की संयुक्त इकाइयों के अंतर्गत स्वयं सेविकाओं ने गोपाल आश्रम का दौरा किया इस दौरान छात्राओं ने आसपास के क्षेत्रों में भीषण गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए जल संरक्षण की थीम पर रैली निकाल कर जन जागरूकता फैलाई। इसके अतिरिक्त अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत जिला-विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मिशन शक्ति फिरोजाबाद की ब्रांड एंबेसडर कल्पना राजौरिया ने अपने वक्तव्य में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को ध्यान में रखते हुए ज्ञानवर्धक विचार व्यक्त किये जो छात्राओं के भावी जीवन के लिए सुखद एवं सुंदर भविष्य का निर्माण करने में सफल एवं सक्षम साबित होंगे। छात्राओं में ऊर्जा का संचार करने हेतु उन्हें

खाद्य सामग्री भी वितरित की गई।कार्यक्रम योजना अधिकारी डॉ माधवी सिंह एवं डॉ अंजू गोयल ने छात्राओं का मार्गदर्शन कर आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया साथ ही कार्यक्रम की सफलता पर हर्ष प्रकट किया। इस अवसर पर पंकज का विशेष सहयोग रहा।

लोकतंत्र सेनानी चौधरी जयपाल सिंह का निधन, गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंतिम संस्कार

समाज जागरण

बागपत। वरिष्ठ किसान नेता और लोकतंत्र सेनानी चौधरी जयपाल सिंह का मंगलवार सुबह निधन हो गया। वे 96 वर्ष के थे और लंबे समय से सामाजिक और राजनीतिक जीवन में सक्रिय थे। उनके निधन पर पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। चौधरी जयपाल सिंह का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव नौरौजपुर गुर्जर में राजकीय सम्मान के साथ किया गया। उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और उनके बड़े पुत्र सतपाल सिंह ने मुखाग्नि दी। इस दौरान जिले भर से बड़ी संख्या में लोग उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे।

चौधरी जयपाल सिंह को चौधरी चरण सिंह का करीबी शिष्य माना जाता था। उन्होंने पीसीएस की नौकरी छोड़कर राजनीति में कदम रखा और किसानों तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए संघर्ष किया। वे इमरजेंसी के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के आंदोलन में सक्रिय रहे और जेल गए। उनके निधन पर पूर्व मंत्री चौधरी ओमवीर तोमर, डॉ. कुलदीप उज्ज्वल, और अन्य नेताओं ने शोक व्यक्त किया है। चौधरी जयपाल सिंह का जाना पश्चिमी उत्तर प्रदेश की किसान राजनीति और लोकतांत्रिक आंदोलनों की एक महत्वपूर्ण कड़ी के टूटने के रूप में देखा जा रहा है।

ब्राह्मण महासभा का विरोध प्रदर्शनः यूजीसी एक्ट को वापस लेने की मांग

समाज जागरण बड़ौत।

नगर में ब्राह्मण महासभा समिति ने यूजीसी एक्ट को खत्म करने के लिए सरकार से मांग की है। समिति के अध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने कहा कि सरकार को यह काला कानून वापस लेना चाहिए वरना विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।ब्राह्मण महासभा समिति के जिला अध्यक्ष बागपत महेंद्र शर्मा ने कहा कि इस समय सामान्य जाति के लोग जगह-जगह जुलूस प्रदर्शन धरने दे रहे हैं। सरकार को इसे वापस लेना चाहिए। अगर सरकार ने इस काले कानून को वापस नहीं लिया तो सामान्य जाति के लोगों का विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।यूजीसी एक्ट इस

काले कानून को लाकर सरकार ने सामान्य जाति के लोगों पर बड़ा जुर्म किया है। ब्राह्मण महासभा समिति के मेरठ मंडल अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि काला कानून ही नहीं हम इसे अंधा कानून भी कहेंगे। भाजपा सरकार सामान्य जाति के लोगों के साथ खिलवाड़ कर रही है जिसे कभी भी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक यह काला कानून वापस नहीं होगा तब तक विरोध प्रदर्शन होते रहेंगे।सामान्य जाति के लोग 19 मार्च को भारी संख्या में सड़कों पर उतरने का काम करें। सामान्य जाति के एक व्यक्ति ने आज दिल्ली स्टैंड पर अनोखा प्रदर्शन करते हुए कहा कि यह अंधा कानून है इसे वापस लो वरना हमारा विरोध प्रकट सरकार के खिलाफ जारी रहेगा।

कांग्रेस का एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि पर हंगामा

समाज जागरण बड़ौत।

शहर कांग्रेस कमेटी ने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि पर गहरा रोष प्रकट किया है। शहर कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक में पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने सरकार के इस फैसले की निंदा की। बैठक की

अध्यक्षता शहर अध्यक्ष रामहरि पंवार ने की और संचालन बिजेन्द्र शर्मा ने किया। रामहरि पंवार ने कहा कि भाजपा सरकार ने लगातार गैस की कीमतों को बढ़ाकर महिलाओं के रसोई के बजट को बिगाड़ने का काम किया है। महिलाएं रसोई के बोझ तले दब रही हैं और सरकार से उनका विश्वास उठ चुका है। सरकार से गैस पर बढ़ाए गए दामों को वापस लेने की मांग की गई है। इस मौके पर मदन सिंह दुहण, करताराम कश्यप, ओमबीर सिंह, प्रवीण रूहेला, मो प्रवेज इरशाद, डा सुभाष शर्मा, देवेन्द्र लोकेश, पांचाल सोनी, औकार दत्त आदि उपस्थित रहे।

दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता की हत्या का प्रयास , मायके में घुसकर लगाया फांसी का फंदा

समाज जागरण खेकड़ा।

दहेज में कार की मांग पूरी न होने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने विवाहिता को पहले मारपीट कर दूधमुंही बच्ची सहित घर से निकाल दिया। आरोप है कि बाद में वे मायके में पहुंचकर विवाहिता के गले में फंदा डालकर उसकी हत्या का प्रयास करने लगे। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला पुलिस अधीक्षक के आदेश पर दर्ज किया गया। पीड़िता ने बताया कि वह खेकड़ा की निवासी है और उसके पिता का निधन हो चुका है। उसके भाई ने एक दिसंबर 2020 को उसकी शादी बिजरोल गांव निवासी राहुल के साथ की थी। शादी में करीब 25 लाख रुपये खर्च किए गए थे, लेकिन इसके बावजूद ससुराल पक्ष दहेज से संतुष्ट नहीं हुआ और कार की मांग करने लगा। पीड़िता के अनुसार 26 नवंबर 2021 को उसने एक बेटी को जन्म दिया। इसके बाद से ससुरालियों ने कार की मांग को लेकर उसका शारीरिक और मान

सिक उत्पीड़न शुरू कर दिया। मांग पूरी न होने पर आरोपियों ने उसे मारपीट कर दूधमुंही बच्ची के साथ घर से निकाल दिया। पीड़िता ने बताया कि वैवाहिक जीवन बचाने की उम्मीद में उसने उस समय कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की और मायके में रहने लगी। आरोप है कि कुछ दिन पहले उसका पति, ससुर और ननद मायके पहुंचे और घर में अकेला पाकर फिर से कार या तलाक का दबाव बनाने लगे। विरोध करने पर उन्होंने उसके साथ मारपीट की और गले में फंदा डालकर जान से मारने का प्रयास किया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। कोतवाली प्रभारी प्रभाकर कैंतूरा ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर पति समेत ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

मजदूर पति-पत्नी की बुग्गी में टक्कर, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

समाज जागरण बागपत।

दिल्ली यमुनोत्री हाइवे पर गेटवे स्कूल के पास मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें एक मजदूर पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। नीटू

पुत्र हरबीर और उनकी पत्नी दीपा निवासी बुढाना, जो गौरीपुर में किराये के मकान में रहते हैं, अपने मजदूरी के पैसे लेने के लिए जा रहे थे, तभी उनकी बुग्गी में एक बाइक की टक्कर हो गई। राहगीरों ने तुरंत उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। नीटू एक भट्ठे पर काम करता है, जबकि दीपा हरियाणा में खेतों में मजदूरी करती है। दोनों 2 साल से गौरीपुर में रह रहे थे। हादसे की खबर सुनकर स्थानीय लोगों में शोक की लहर फैल गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

एनबीसीसी कॉलोनी में आपदा प्रबंधन पर मॉक ड्रिल, निवासियों को सिखाए बचाव के तरीके

समाज जागरण खेकड़ा।

कस्बे की एनबीसीसी कॉलोनी में मंगलवार को फायर विभाग की ओर से आपदा प्रबंधन को लेकर मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इस दौरान कॉलोनी में रहने वाले लोगों को आग, भूकंप और अन्य आपात स्थितियों में सुरक्षित रहने तथा त्वरित बचाव के तरीकों की जानकारी दी गई। मॉक ड्रिल के दौरान फायर विभाग की टीम ने लोगों को बताया कि आपदा की स्थिति में घबराने के बजाय संयम बनाए रखना और सही कदम उठाना बेहद जरूरी होता है। टीम ने आग लगने की स्थिति में तुरंत अलार्म देने, सुरक्षित स्थान पर पहुंचने और उपलब्ध संसाधनों से प्रारंभिक बचाव करने के तरीके भी समझाए। इसके साथ ही अग्निशमन उपकरणों के सही उपयोग और प्राथमिक स्तर

पर राहत व बचाव कार्य करने की व्यवहारिक जानकारी भी दी गई, ताकि लोग किसी भी आपात परिस्थिति में स्वयं और दूसरों की मदद कर सकें। फायर स्टेशन प्रभारी विश्वास मलिक ने कहा कि बड़ी आपदा के समय सही जानकारी और जागरूकता कई लोगों की जान बचा सकती है। इसलिए आम नागरिकों को आपदा प्रबंधन के मूलभूत उपायों की जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि आपात स्थिति में तुरंत प्रशासन को सूचना दें और सुरक्षा से जुड़े निर्देशों का पालन करें। मॉक ड्रिल के माध्यम से कॉलोनी के निवासियों को आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए जागरूक किया गया।

नर्सिंग कॉलेज में अव्यवस्थाओं को लेकर छात्रों का हंगामा, धरने पर बैठे

-प्रशासन के समाधान के आश्वासन के बाद शांत हुए छात्र

समाज जागरण खेकड़ा।

कस्बे के एक नर्सिंग कॉलेज में मंगलवार को छात्रों ने अव्यवस्थाओं और सुविधाओं के अभाव को लेकर जमकर हंगामा किया। नाराज छात्र-छात्राओं ने कॉलेज गेट पर धरना देकर विरोध जताया। बाद में कॉलेज प्रशासन द्वारा समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिए जाने पर छात्र शांत हो गए और धरना समाप्त कर दिया। मंगलवार सुबह बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं कॉलेज प्रशासन के कार्यालय के बाहर एकत्र हो गए। उनका आरोप था कि कॉलेज में प्रवेश के समय जिन सुविधाओं और मानकों का दावा किया गया था, वे अब तक उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। छात्रों का यह भी कहना था कि

कॉलेज को भारतीय नर्सिंग परिषद से मान्यता मिलने को लेकर भी स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही है। जब उन्होंने इस संबंध में कॉलेज प्रशासन से जवाब मांगा तो उन्हें संतोषजनक उत्तर देने के बजाय कार्रवाई की धमकी दी गई। इससे आक्रोशित छात्र-छात्राओं ने कॉलेज गेट पर धरना शुरू कर दिया और चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन तेज करेंगे। बाद में कॉलेज प्रशासन ने छात्रों के प्रतिनिधिमंडल से बातचीत कर उनकी शिकायतें सुनीं और जल्द ही समाधान कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद छात्रों ने अपना धरना समाप्त कर दिया।

बागपत पुलिस की बड़ी पहल

समाज जागरण बागपत।

बागपत में उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस व समकक्ष पद भर्ती-2025 की परीक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। परीक्षा 14 और 15 मार्च

2026 को आयोजित की जाएगी। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक बागपत ने प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की ब्रीफिंग की और परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। बागपत पुलिस की तैयारी जोरों पर पुलिस अधीक्षक बागपत ने परीक्षा ड्यूटी में लगाए गए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं, ताकि परीक्षा प्रक्रिया सुचारू रूप से चल सके। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से तैयार है।

बागपत पुलिस का अभ्यर्थियों के लिए बड़ा कदम

समाज जागरण बागपत।

उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा 2025 के मद्देनजर, बागपत पुलिस ने अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए एक बड़ा कदम उठाया है ! बागपत पुलिस ने जनरेट किए क्यूआर कोड, जानिए कैसे मिलेगा फायदा 14 और 15 मार्च 2025 को होने वाली इस महत्वपूर्ण परीक्षा के लिए बागपत पुलिस ने परीक्षा केंद्रों तक सुगम आवागमन के लिए क्यूआर कोड जनरेट किए हैं। इन कोड्स को स्कैन करके, अभ्यर्थी अपने परीक्षा केंद्र की लोकेशन और वहां तक पहुंचने का मार्ग आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। बागपत पुलिस की अपील बागपत पुलिस द्वारा अभ्यर्थियों से अपील की जाती है कि वे परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए समय से पूर्व अपने परीक्षा केंद्र की जानकारी प्राप्त कर लें और निर्धारित समय पर केंद्र पर पहुंचना सुनिश्चित करें। इससे किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सकता है। क्यूआर कोड स्कैन करके अभी अपने परीक्षा केंद्र की जानकारी प्राप्त करें।

सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन

समाज जागरण

चांदीनगर। सैठ तारीफ सिंह जैन डिग्री कॉलेज के सौजन्य से सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें स्वच्छता पर विशेष बल दिया गया। शिविर के पहले दिन गीत और प्रार्थना का आयोजन किया गया, जिसके बाद स्वयं सेवकों को चार ग्रुपों में बांटा गया - भगत सिंह ग्रुप, लक्ष्मी बाई ग्रुप, सरस्वती ग्रुप और कल्पना चावला ग्रुप। सभी स्वयं सेवकों को निष्ठापूर्वक कार्य करने की शपथ दिलाई गई। इसके बाद कार्यक्रम स्थल के पास साफ सफाई करायी गई और स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर डॉ. सतेन्द्र कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य युवाओं को समाज सेवा के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता एक महत्वपूर्ण पहल है और हमें इसके लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। शिविर में उपस्थित सभी स्वयं सेवकों

ने स्वच्छता की शपथ ली और समाज सेवा के लिए प्रतिबद्धता जताई। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सतेन्द्र कुमार, अतुल देव शर्मा, कमलकांत कौशिक, कुलदीप सिंह, सन्तोष देवी, देवेंद्र कुमार, जितेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

पीपीपी मॉडल पर होगा पाठशाला रोड स्थित तालाब का सौंदर्यीकरण

-नगरपालिका और मिशन समृद्धि संस्थान मिलकर करेंगे विकास कार्य

समाज जागरण खेकड़ा।

कस्बे के पाठशाला रोड स्थित प्राचीन तालाब का अब पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल पर सौंदर्यीकरण किया जाएगा। एडीके जैन मिशन समृद्धि संस्थान नगर पालिका के सहयोग से तालाब की साफ-सफाई, नवीनीकरण और हरित विकास का कार्य करेगा। इसके साथ ही यहां मॉर्निंग वॉक ट्रैक, ओपन

जिम, साइक्लिंग ट्रैक और बोटिंग जैसी सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। पाठशाला मार्ग पर बसई नाले से सटा यह तालाब कभी काफी विस्तृत क्षेत्र में फैला हुआ था, लेकिन समय के साथ हुए अतिक्रमण के कारण इसका दायरा लगातार सिमटता गया। वर्ष 2010 में तत्कालीन जिलाधिकारी मयूर महेश्वरी ने इसकी बची हुई भूमि को घेरवाकर सौंदर्यीकरण कराया था, मगर उचित देखरेख के अभाव में तालाब दोबारा बदहाल हो गया। मंगलवार को नगरपालिका प्रशासन और एडीके जैन मिशन समृद्धि संस्थान के संयुक्त प्रयास से पीपीपी मॉडल के तहत इसके पुनः सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगरपालिका चेयरपर्सन नीलम धामा ने बताया कि तालाब की व्यापक सफाई कर उसके चारों ओर मॉर्निंग वॉक के लिए मार्ग विकसित किया जाएगा। साथ ही साइक्लिंग ट्रैक बनाया जाएगा और तालाब में स्वच्छ जल भरकर पेडल बोटिंग की व्यवस्था भी की जाएगी। इस दौरान पीपीपी मॉडल के तहत जनभागीदारी से पौधारोपण भी किया गया। जैन गर्ल्स डिग्री कॉलेज की एनएसएस छात्राओं और नगर पालिका के सफाईकर्मियों ने मिलकर सफाई अभियान में भाग लिया। कार्यक्रम में मिशन समृद्धि के निदेशक डॉ. अमोद कुमार, अधिशासी अधिकारी हरिलाल पटेल, जलपुरुष कृष्णपाल,

बॉलीवुड कलाकार निर्मल सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि सुनील धामा, हेड लिपिक नीरज शर्मा, अमित धामा, संजय धामा, अमरीश महरौल सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

अयातुल्लाह कौन होते हैं ? समझिए ईरान की सत्ता चलाने वाला शिया धर्मगुरुओं का पूरा सिस्टम

खामेनेई के बाद उनके बेटे मुजतबा का सुप्रीम लीडर बनना ईरान की राजनीति में एक बड़ा बदलाव है , क्योंकि वह अयातुल्ला नहीं हैं जो इस पद के लिए जरूरी माना जाता है

पश्चिम एशिया में छिड़ी जंग के पहले ही दिन, यानी 28 फरवरी को, अमेरिका की घातक मिसाइल हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत हो गई। इससे पूरा ईरान सदमे में आ गया। काफी सोच-विचार और इंतजार के बाद, 9 मार्च को उनके बेटे मोजतबा खामेनेई को नया सुप्रीम लीडर चुन लिया गया। लेकिन एक बात सबके मन में घूम रही है कि मोजतबा के नाम के आगे अयातुल्लाह क्यों नहीं लगा? क्या सुप्रीम लीडर बनने के लिए ये जरूरी नहीं? आइए, इसकी पड़ताल करते हैं कि शिया इस्लाम में अयातुल्लाह क्या मायने रखता है और ईरान की राजनीति में धर्म कैसे घुलमिल गया है।

शिया इस्लाम में अयातुल्लाह शब्द का असली मतलब

शिया मुसलमानों के बीच अयातुल्लाह एक बड़ा सम्मानजनक खिताब है। अरबी में ये आयत अल्लाह से बना है, जिसका सीधा मतलब होता है अल्लाह का निशान। ये उन ऊंचे दर्जे के विद्वानों को दिया जाता है जो इस्लामी कानूनों की गहरी समझ रखते हैं। ऐसे लोग मुज्ताहिद कहलाते हैं, मतलब वो खुद सोच-समझकर धार्मिक नियमों की व्याख्या कर सकते हैं।

ये खिताब सिर्फ धार्मिक मामलों के लिए है। एक अयातुल्लाह को राजनीति में पड़ना जरूरी नहीं, और न ही हर नेता को अयातुल्लाह होना पड़ता है। लेकिन ईरान में ये चीजें आपस में जुड़ गई हैं। यहां राजनीति और धर्म एक-दूसरे से इतने करीब हैं कि कभी-कभी फर्क समझना मुश्किल हो जाता है। मिसाल के लिए, 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से सुप्रीम लीडर का पद धार्मिक विद्वान से जुड़ा हुआ है।

ईरान की राजनीति में धर्म का घालमेल कैसे हुआ

1979 में जब ईरान में क्रांति आई, तो अयातुल्लाह रूहोल्लाह खुमैनी पहले सुप्रीम लीडर बने। उनकी मौत के बाद, 1989 में अली खामेनेई को चुना गया, जो उस वक्त ईरान के राष्ट्रपति थे। लेकिन तब अली खामेनेई अयातुल्लाह नहीं थे, बल्कि होज्जतोलिस्लाम का दर्जा रखते थे। होज्जतोलिस्लाम का मतलब होता है इस्लाम का प्रमाण या ह्यइस्लाम पर अधिकार। ये अयातुल्लाह से नीचे का स्तर है।

फिर भी, अली खामेनेई को क्यों चुना गया? शायद इसलिए क्योंकि वो खुमैनी के करीबी थे और 1981 से 1989 तक राष्ट्रपति रहकर लोगों के बीच मशहूर हो चुके थे। कई बड़े धार्मिक नेता उनसे ऊपर थे, लेकिन सुप्रीम लीडर बनने के लिए राजनीतिक तजुर्बा और करीबियत ने काम किया। शुरू में ईरान के संविधान में सुप्रीम लीडर के लिए मरजा होना जरूरी था, जो बहुत ऊंचा धार्मिक पद है। लेकिन अली खामेनेई को चुनने के बाद 1989 में संविधान बदल दिया गया। मरजा की शर्त हटा ली गई, ताकि कम दर्जे का क्लेरिक भी सुप्रीम लीडर बन सके। उसके बाद अली खामेनेई को स्थायी नेता बना दिया गया।

ईरान में मुजतबा युग की शुरूआतः पिता से भी ज्यादा कट्टर हैं नए सर्वोच्च नेता, इजरायल ने दी सीधी धमकी अयातुल्लाह से ऊपर क्या होता हैः ग्रैंड अयातुल्लाह और मरजा शिया इस्लाम में अयातुल्लाह से भी ऊंचे पद हैं। सबसे बड़ा है ग्रैंड अयातुल्लाह, जिसे अयातुल्लाह अल-उज्मा भी कहते हैं। ये बहुत अनुभवी विद्वान होते हैं। और फिर आता है मरजा, जिसका मतलब है अनुसरण का स्रोत। मरजा वो होता है जिसकी धार्मिक राय को लाखों लोग मानते हैं और अपनी जिंदगी में अपनाते हैं।

ग्रैंड अयातुल्लाह अक्सर मरजा का काम भी करते हैं, और उनके फॉलोअर्स कई देशों में फैले होते हैं। जैसे, भारत का कोई शिया मुसलमान ईरान या इराक के ग्रैंड अयातुल्लाह की बात मान सकता है। आज ईरान में कई ग्रैंड अयातुल्लाह हैं, जिनकी पहचान पूरी शिया दुनिया में है। ये लोग धार्मिक फैसले लेते हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि राजनीति में पड़ें।

धार्मिक ताकत और राजनीतिक अधिकार में क्या फर्क है

शिया इस्लाम में एक बड़ा अयातुल्लाह क्या कर सकता है? वो पढ़ा सकता है, उपदेश दे सकता है, कानूनी राय जारी कर सकता है, मदरसों की देखभाल कर सकता है और लोगों को राह दिखा सकता है। अगर वो मरजा या ग्रैंड अयातुल्लाह है, तो उसकी पहुंच और भी ज्यादा होती है। उसके फॉलोअर्स खुद उसकी बातें अपनाते हैं, चाहे वो पूजा के तरीके हों या कानूनी मसले।

लेकिन अयातुल्लाह का पद पोप जैसा नहीं है। वो पूरी शिया दुनिया पर राज नहीं करता। शिया इस्लाम बहुत बिखरा हुआ है। एक ही समय में कई बड़े अयातुल्लाह और मरजा हो सकते हैं, जिनके चाहने वाले ईरान, इराक, लेबनान, खाड़ी देशों, साउथ एशिया, यूरोप और अमेरिका में फैले होते हैं। कोई एक केंद्र नहीं है जो सबको कंट्रोल करे।

शिया क्लेरिकल सिस्टम में कैसे ऊपर चढ़ते हैं क्लेरिक

शिया इस्लाम में क्लेरिक बनना आसान नहीं। इसमें कई स्तर हैं, जैसे सीढ़ियां चढ़ना। सबसे नीचे तलबेह होते हैं, जो मदरसे में पढ़ने वाले स्टूडेंट हैं। फिर आता है होज्जतोलिस्लाम, जो मिडिल लेवल का क्लेरिक है। उसके बाद अयातुल्लाह, जो सीनियर क्लेरिक और मुज्ताहिद होता है। फिर ग्रैंड अयातुल्लाह, जो बहुत ऊंचा विद्वान है। और सबसे टॉप पर मरजा अल-तकलीद, जो लोगों के लिए धार्मिक गाइड होता है। अयातुल्लाह बनने के लिए क्या लगता है? सबसे पहले लंबी पढ़ाई, जिसमें सालों लग जाते हैं। क्लेरिक अरबी, कुरान, हदीस, कानून, थ्योरी, धर्मशास्त्र, लॉजिक और फिलॉसफी पढ़ते हैं। फिर मुज्ताहिद की पहचान मिलती है, मतलब वो खुद कानून की व्याख्या कर सकें। इसके अलावा, अच्छी रेपुटेशन जरूरी है। क्लेरिक एडवांस क्लास पढ़ाते हैं, किताबें लिखते हैं, राय देते हैं और स्टूडेंट्स को आकर्षित करते हैं।

शिया व्यवस्था थोड़ी बिखरी हुई है, इसलिए यहां किसी पद पर पहुंचने के लिए सबसे जरूरी चीज है नाम और पहचान बनाना। जब मदरसों के विद्वान और आम लोग किसी धार्मिक विद्वान को अयातुल्लाह मानने लगते हैं, तभी उसे यह दर्जा मिलता है। यह खिताब 20वीं सदी में ज्यादा लोकप्रिय हुआ और अब पहले की तुलना में ज्यादा लोगों को दिया जाता है। वहीं मरजा बनना इससे भी कठिन है। इसके लिए किसी विद्वान को सबसे बड़ा और जानकार इस्लामी जुरिस्ट माना जाना पड़ता है। अंत में लोग खुद तय करते हैं कि वे किस मरजा की धार्मिक राय और मार्गदर्शन को मानेंगे।

मोजतबा खामेनेई का धार्मिक दर्जा क्या है

अभी मोजतबा खामेनेई अयातुल्लाह नहीं हैं। उनका दर्जा होज्जतोलिस्लाम है, जो अयातुल्लाह से नीचे है। लेकिन कुछ लोग कहते हैं

नशा तस्करों पर डबवाली पुलिस का डबल एक्शन: जेल के साथ अवैध संपत्ति भी फ्रीज

समाज जागरण
डबवाली, 10 मार्च (सुरेश जोरासिया)।
डबवाली पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए एक और बड़ा कदम उठाया है। अब नशा तस्करों को सिर्फ जेल भेजने तक ही कार्रवाई सीमित नहीं रहेगी, बल्कि नशे के कारोबार से अर्जित उनकी अवैध संपत्ति पर भी सीधा प्रहार किया जाएगा। इसी कड़ी में पुलिस ने आदतन तस्कर प्रगट सिंह उर्फ काका की नशा तस्करी से बनाई गई करीब 83 लाख रुपये की अवैध संपत्ति को फ्रीज कर दिया है, जिसकी वर्तमान अनुमानित कीमत करीब 1 करोड़ 32 लाख रुपये बताई जा रही है।
उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) कपिल अहलावत ने प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर (आईपीएस) के नेतृत्व में चल रहे नशा विरोधी अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि जो लोग नशा बेचकर युवाओं को बबार्दी की ओर धकेलते हुए अवैध संपत्ति बना रहे हैं, उनके खिलाफ डबवाली पुलिस जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है।

नशा तस्करी के मामले में आरोपी का रिकॉर्ड
प्रगट सिंह उर्फ काका पुत्र राज सिंह निवासी रघुआना, जिला सिरसा के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल 8 मामले दर्ज हैं। इनमें चार मामले वाणिज्यिक मात्रा से संबंधित हैं, जबकि चार मामले मध्यम मात्रा के हैं। इनमें से कई

मामलों में न्यायालय में सुनवाई चल रही है। वर्तमान में आरोपी पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से अंतरिम जमानत पर है।

मामले की पृष्ठभूमि
6 फरवरी 2025 को थाना शहर डबवाली में एनडीपीएस एक्ट की धारा 15(C) के तहत दर्ज मामले में सीआईए स्टाफ डबवाली ने 190 किलो 200 ग्राम डोडा चूरा पोस्त के साथ गुरचरण सिंह और जसविंद्र सिंह को मंडी डबवाली से गिरफ्तार किया था। पूछताछ में सामने आया कि यह नशीला पदार्थ इकबाल सिंह उर्फ टीटू ने सप्लाई किया था, जिसे बाद में गिरफ्तार किया गया। आगे की जांच में पता चला कि इकबाल सिंह को यह चूरा पोस्त प्रगट सिंह उर्फ काका ने उपलब्ध कराया था।

अवैध संपत्ति पर कार्रवाई
जांच के दौरान थाना शहर डबवाली और प्रॉपर्टी अटैचमेंट सेल ने एनडीपीएस अधिनियम की धारा 68F(1) के तहत आरोपी की आय और संपत्तियों की वित्तीय जांच की। जांच में पाया गया कि आरोपी की संपत्ति उसकी वैध आय से कई गुना अधिक है। इसके बाद 7 फरवरी 2026 को अवैध संपत्ति को फ्रीज करने के आदेश जारी किए गए, जिसे सक्षम प्राधिकारी SAFEMA (नई दिल्ली) ने 6 मार्च 2026 को मंजूरी दे दी।

फ्रीज की गई संपत्ति में शामिल हैं:
- गांव रघुआना स्थित पक्का मकान (लगभग 26.54 लाख रुपये)
- गांव रघुआना में करीब 3.5 एकड़ कृषि भूमि (वर्तमान अनुमानित कीमत लगभग 1.05 करोड़ रुपये)
- एचडीएफसी बैंक शाखा ओढ़ा में आरोपी के खाते में जमा 1,14,879 रुपये
- इन संपत्तियों को अब सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना बेचा या हस्तांतरित नहीं किया जा सकेगा।

पहले भी हो चुकी है कार्रवाई
बीते आठ महीनों में डबवाली पुलिस सात नशा तस्करों की करीब 2 करोड़ 18 लाख रुपये की अवैध संपत्ति फ्रीज कर चुकी है। इनमें पलमिंदर सिंह, इकबाल सिंह, जसविंदर सिंह, सुरेंद्र, हरगोविंद और चरणजीत सिंह जैसे आरोपियों की संपत्तियां शामिल हैं।

पुलिस की सख्त चेतावनी
डीएसपी कपिल अहलावत ने कहा कि डबवाली पुलिस की नशा तस्करी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति है। उन्होंने साफ कहा कि अब तस्करों को सिर्फ जेल भेजना ही पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि उनकी अवैध कमाई से बनाई गई हर संपत्ति को कानून के तहत जब्त किया जाएगा।

आम जनता से अपील
डबवाली पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि नशा तस्करी से जुड़ी किसी भी जानकारी की तुरंत पुलिस को सूचना दें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। पुलिस का कहना है कि नशा बेचने वालों को अब जेल के साथ-साथ अवैध कमाई का पूरा हिसाब भी देना पड़ेगा।

रेलयात्रियों को अब जोमैटो व स्विगी से सीट पर मिलेगा मनपसंद खाना

(मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)
जैतो,10 मार्च : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा मंगलवार को जारी प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि रेलयात्रियों की यात्रा को सुगम, सुविधाजनक तथा आनंददायक बनाने के उद्देश्य से भारतीय रेल द्वारा ई-कैटरिंग सेवा के माध्यम से यात्रियों को अब अपनी सीट पर ही मनपसंद भोजन मंगाने की सुविधा प्रदान की जा रही है। इस व्यवस्था के अंतर्गत यात्री अपने पीएनआर नंबर के माध्यम से ई-कैटरिंग प्लेटफॉर्म पर लॉग-इन कर जोमैटो और स्विगी जैसे अन्य प्रतिष्ठित फूड एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म से अपनी पसंद की रेस्तरां से भोजन ऑर्डर कर सकते हैं। ऑर्डर किया गया भोजन निर्धारित स्टेशन पर ट्रेन के आगमन के समय सीधे यात्री की सीट तक पहुंचाया जाएगा। यह स्मार्ट प्रणाली ट्रेन के समय को ट्रैक करके रखती है और उसी के अनुसार भोजन की डिलीवरी

सुनिश्चित करती है, जिससे यात्रियों को ताजा, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध हो सके।
फिरोजपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले विभिन्न स्टेशनों से यात्रा करने वाले यात्री भी इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। यह सुविधा मंडल के लुधियाना, फिरोजपुर कैंट, फगवाड़ा, जलंधर सिटी, जलंधर कैंट और अमृतसर रेलवे स्टेशनों पर उपलब्ध है। इस पहल से यात्रियों को यात्रा के दौरान विविध प्रकार के स्वादिष्ट भोजन का विकल्प उपलब्ध होगा, जिससे उनका रेल सफर और अधिक सुखद बन सकेगा।
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री परमदीप सिंह सैनी ने बताया कि फिरोजपुर मंडल रेलयात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक और बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा यह सुविधा उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही यह सुविधा रेलवन एप पर भी उपलब्ध है।

मोगा में भाजपा बदलाव रैली पंजाब में भ्रष्टाचार और माफिया राज के खिलाफ सबसे बड़ी लहर पैदा करेगी: सुखमिंदरपाल सिंह ग्रेवाल

(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)
जैतो /पंजाब,10 मार्च :राष्ट्रीय भाजपा नेता, एडवोकेट सुखमिंदरपाल सिंह ग्रेवाल भूखड़ी कलां ने मंगलवार को भारत के माननीय केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी के मजबूत नेतृत्व और दूरदर्शी सोच की सराहना करते हुए कहा कि 14 मार्च 2026 को जिला मोगा के किल्ली चहल गांव में अमित शाह जी द्वारा संबोधित की जाने वाली ऐतिहासिक बदलाव रैली पंजाब के राजनीतिक इतिहास में एक निर्णायक मोड़ साबित होगी।यहां मीडिया से बातचीत करते हुए ग्रेवाल ने कहा कि पूरे पंजाब के लोग इस ऐतिहासिक रैली का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो ईमानदार शासन, मजबूत कानून व्यवस्था, तेज विकास और भ्रष्टाचार, माफिया राज तथा वर्षों से चले आ रहे राजनीतिक कुप्रबंधन के अंत की मांग कर रही जनता की शक्तिशाली आवाज को बुलंद करेगी, जिसने राज्य को संकट और अनिश्चितता की ओर धकेल दिया है।उन्होंने कहा कि अमित शाह जी के निडर, निर्णायक और दूरदर्शी नेतृत्व में भाजपा उन लाखों नागरिकों के लिए उम्मीद की सबसे मजबूत

ताकत बनकर उभरी है जो पारदर्शिता, जवाबदेही और भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था चाहते हैं। ग्रेवाल ने कहा कि अमित शाह जी के साहस, स्पष्ट दृष्टि और राष्ट्रवादी प्रतिबद्धता ने पूरे पंजाब के लोगों को प्रेरित किया है और आने वाली यह रैली पूरे राज्य में राजनीतिक जागरण और परिवर्तन की एक शक्तिशाली लहर पैदा करेगी।ग्रेवाल ने कहा कि रैली को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए वह अपने साथियों के साथ जिला लुधियाना के विभिन्न क्षेत्रों का लगातार दौरा कर रहे हैं और वरिष्ठ नेताओं, समर्पित पार्टी कार्यकताओं तथा उत्साही समर्थकों के साथ बैठकों का सिलसिला जारी है ताकि मोगा में होने वाली रैली में अधिक से अधिक पंजाबियों की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।उन्होंने कहा कि पिछले दो सप्ताह से वह और उनकी टीम जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में लगातार बैठकें कर रहे हैं। ये बैठकें विधानसभा क्षेत्र खन्ना में खन्ना सिटी और गांव लिबड़ा, विधानसभा क्षेत्र समराला में गांव चक माफी, गांव लोपों और गांव नीलों, विधानसभा क्षेत्र साहनेवाल में गांव भामियां कलां, गांव बाजड़ा, गांव कादियाना, गांव कूम कलां, गांव शेरियां और गांव कनेच, विधानसभा क्षेत्र लुधियाना ईस्ट में विश्वकर्मा चौक, विधानसभा क्षेत्र लुधियाना साउथ में गांव डाबा, मोहल्ला शिमला पुरी और मोहल्ला भाई हिम्मत सिंह नगर, विधानसभा क्षेत्र आत्म नगर में दुगरी रोड स्थित मॉडल टाउन, विधानसभा क्षेत्र लुधियाना सेंट्रल में चौक डिवीजन नंबर 3, सीएमसी रोड के पास खुड मोहल्ला और ढोकां मोहल्ला बाबा थान सिंह चौक, विधानसभा क्षेत्र लुधियाना वेस्ट में गांव बाड़ेवाल, आशापुरी, फ्लावरडेल कॉलोनी, प्रोफेसर कॉलोनी और न्यू अग्र नगर, विधानसभा क्षेत्र लुधियाना नॉर्थ में मोहल्ला किचलू नगर, विधानसभा क्षेत्र गिल में गांव गिल और गांव किलाराएपुर, विधानसभा क्षेत्र पायल में गांव सियाड़ और दोराहा मंडी, विधानसभा क्षेत्र दाखा में गांव खैहरा बेट, गांव बग्गा और गांव हुंबड़ां, विधानसभा क्षेत्र रायकोट में गांव नूरपुरा, गांव सत्तोवाल, गांव झोरड़ां, गांव रूमी और गांव बुर्ज हरी सिंह तथा विधानसभा क्षेत्र जगराओं में गांव लम्मा जट्टपुरा, गांव मानूंके और गांव मल्हा, जिला लुधियाना में आयोजित की गईं।
ग्रेवाल ने कहा कि इन बैठकों में पार्टी कार्यकताओं और स्थानीय लोगों में जबरदस्त उत्साह और प्रतिबद्धता देखने को मिली, जो रैली को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए पूरी तरह संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकताओं, युवाओं, किसानों, व्यापारियों और आम नागरिकों में दिखाई दे रही ऊर्जा यह स्पष्ट संकेत देती है कि पंजाब के लोगों ने बदलाव का मन बना लिया है और वे भारतीय जनता पार्टी के साथ मजबूती से खड़े हैं।उन्होंने कहा कि यह रैली केवल एक राजनीतिक सभा नहीं होगी, बल्कि पंजाब के लोगों की आकांक्षाओं, संकल्प और सामूहिक इच्छा शक्ति की ऐतिहासिक अभिव्यक्ति होगी, जो अब ईमानदार नेतृत्व, विकास, न्याय और मजबूत शासन की मांग कर रहे हैं।
ग्रेवाल ने आगे कहा कि रैली को लेकर उत्साह केवल शहरों तक सीमित नहीं है बल्कि गांवों में भी जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। बड़ी संख्या में लोग मोगा पहुंचने की तैयारी कर रहे हैं ताकि इस रैली को पंजाब की सबसे बड़ी और ऐतिहासिक राजनीतिक सभाओं में से एक बनाया जा सके।पूरा विश्वास व्यक्त करते हुए ग्रेवाल ने कहा कि अमित शाह जी द्वारा संबोधित यह बदलाव रैली परिवर्तन की एक शक्तिशाली लहर पैदा करेगी और पंजाब में एक नए राजनीतिक अध्याय की शुरूआत करेगी, जहां विकास, सम्मान, स्थिरता और भ्रष्टाचार मुक्त भविष्य के लिए जनता की आवाज एकजुट होकर उठेगी।

क्रिकेट बना भाईचारे का माध्यम, निरंकारी युवाओं ने पेश की मिसाल

(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)
जैतो ,10 मार्च :सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी की असीम कृपा से 26वें बाबा गुरबचन सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूनामेंट का समापन आज संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा (हरियाणा) में अत्यंत हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। संत निरंकारी मिशन जोन फिरोजपुर के जोनल इंचार्ज ऐन एस गिल और जैतो ब्रांच के मुखी अशोक धीर ने जैतो प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि इस टूनामेंट का शुभारंभ फरवरी 2026 में हुआ था, जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों से चयनित 24 टीमों ने भाग लेकर खेल प्रतिभा के साथ-साथ आपसी भाईचारे और अनुशासन की भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया। युवा खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह, समर्पण और खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया और खेल के माध्यम से उन्होंने सहयोग, सहनशीलता, मयार्दा, आपसी सम्मान जैसे जीवन मूल्यों को व्यवहार में उतारते हुए निरंकारी मिशन की शिक्षाओं को साकार किया।आज 10 मार्च को खेले गए क्रिकेट के फाइनल मुकाबले में फिरोजपुर (पंजाब) और श्रीगंगानगर (राजस्थान) की श्रेष्ठ टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला, जिसमें श्रीगंगानगर (राजस्थान) विजेता टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी अपने नाम की। टूनामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी सोनू राजपूत (श्रीगंगानगर) को ह्लमैन ऑफ द मैचह्व के सम्मान से भी नवाजा गया।संपूर्ण आयोजन का संचालन आदरणीय श्री जोगिंदर सुखीजा (सचिव, संत निरंकारी मंडल) के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह टूनामेंट केवल खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि

युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने का एक सुंदर माध्यम है, जहाँ प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ प्रेम, सम्मान और सौहार्द की भावना भी विकसित होती है। प्रतियोगिता के दौरान सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।इसके अतिरिक्त प्रतिदिन सायंकाल युवाओं के लिए सत्संग कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाता रहा, जिसका उद्देश्य उन्हें शारीरिक रूप से सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ आध्यात्मिक जागरूकता, सकारात्मक सोच और मानसिक शांति की दिशा में प्रेरित करना था।समापन अवसर पर संत निरंकारी मंडल के मेंबर इंचार्ज, प्रचार विभाग आदरणीय श्री राकेश मुटरेजा जी ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सतगुरु ने हमें जोश के साथ होश का संदेश दिया है। संसार माया का रूप है, पर परमात्मा भी इसी में निहित है इसलिए संसार के हर कार्य में परमात्मा का दर्शन करना और उसके गुणों को जीवन में उतारना सतगुरु की कृपा से ही संभव है। यही कारण है कि निरंकारी मिशन प्रैक्टिकल स्पिरिचुअलिटी का संदेश देता है, जहाँ हर कार्य चाहे व्यवहार हो या खेल भक्ति के आधार पर किया जाता है। सतगुरु जीवन जीने का संदेश देते है कि हमें हर पल में सीखना है। खेलों से सीखो, चलते हुए सीखो और गिरते हुए भी सीखो यही जीवन जीने का सलीका है।उन्होंने आगे कहा कि यह टूनामेंट बाबा गुरबचन सिंह जी को समर्पित है, जो बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की कृपा से लुधियाना में प्रारम्भ हुआ और अब सतगुरु माता जी व निरंकारी राजपिता जी के आशीर्वाद से प्रतिवर्ष आयोजित हो रहा है।माया के प्रभाव का वर्णन करते हुए उन्होंने उदाहरण सहित समझाया कि माया उस कहानी के मगरमच्छ की भांति है जो ऊपर से रेशमी कंबल जैसी दिखाई देती है लेकिन मनुष्य को जकड़ लेती है।अंत में उन्होंने कहा कि सतगुरु ब्रह्मज्ञान देकर हमें माया से बचाते हैं और जीवन में विश्वास, भक्ति और आनंद का मार्ग दिखाते हैं। खेल जीत-हार के लिए नहीं, बल्कि सीख और अनुभव के लिए होते हैं। उन्होंने गंगानगर, फिरोजपुर, जयपुर और भीलवाड़ा की टीमों सहित सभी 24 टीमों को शुभकामनाएँ देते हुए कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित सभी संतों का धन्यवाद किया।निसंदेह इन खेलों का उद्देश्य समाज में प्रेम और सौहार्द की सुंदर भावना का संचार करना है, जिसे इस टूनामेंट में प्रतिभागियों ने सार्थक रूप से साकार किया।
टूनामेंट में पहले और दूसरे स्थान पर रही टीमों को सम्मानित करते हुए राकेश मुटरेजा जी।

रतिया में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में विशेष कार्यक्रम का आयोजन

दैनिक समाज जागरण
रतिया, 10 मार्च - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में अपेक्स वैलनेस क्लब में महिलाओं के सम्मान में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया

गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं को स्वास्थ्य, फिटनेस और संतुलित जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया।
कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए, क्लब की अध्यक्ष रोजी सचदेवा ने कहा कि महिला दिवस का महत्व इसलिए मनाया जाता है ताकि हम महिलाओं के योगदान को पहचान सकें और उन्हें समाज में बराबरी का दर्जा दे सकें। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ होती हैं और उनके बिना समाज का विकास असंभव है।
कार्यक्रम में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न फिटनेस गतिविधियों में हिस्सा लिया। क्लब की ओर से महिलाओं को सम्मानित भी किया गया तथा उन्हें नियमित व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।
कार्यक्रम का संचालन रोजी सचदेवा ने किया और सभी महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें और अपने परिवार और समाज के लिए एक सकारात्मक उदाहरण बनें।
कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से उन्हें अपने स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने क्लब की ओर से आयोजित किए गए इस कार्यक्रम की सराहना की और आगे भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में क्लब के सदस्य, महिलाएं और बच्चे शामिल थे। कार्यक्रम का समापन सभी महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं देने के साथ किया गया।

बहु-राज्य सहकारी ऋण समितियाँ

दैनिक समाज जागरण
बहुराज्य सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 2002 के उपबंधों के अधीन पंजीकृत सहकारी समितियां स्वायत्त सहकारी संगठनों के रूप में कार्य करती हैं और अपने सदस्यों के प्रति जवाबदेह होती हैं। बहुराज्य सहकारी समितियां, बहुराज्य सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 2002 और उसके अधीन निर्मित नियमों के उपबंधों के साथ पठित समिति की अनुमोदित उपविधियों के अनुसार कार्य करते हैं, जिसमें सदस्य, बोर्ड, समिति के साधारण निकाय और सहकारी समितियों के केंद्रीय रजिस्ट्रार (सीआरसीएस) की भूमिका और शक्तियां शामिल हैं ।

इफको द्वारा राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन, आधुनिक नैनो उर्वरक तकनीक और सहकारिता से किसानों की आय बढ़ाने पर हुई व्यापक चर्चा

दैनिक समाज जागरण
फतेहाबाद, 10मार्च इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (इफको) हरियाणा, द्वारा गांव गिल्लांखेड़ा में राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में किसानों, सहकारी समितियों के प्रतिनिधियों तथा कृषि क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, सहकारिता की भूमिका तथा विशेष रूप से नैनो उर्वरकों के उपयोग के बारे में जागरूक करना था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में के.जे. पटेल, प्रबंध निदेशक, इफको, नई दिल्ली उपस्थित रहे व अध्यक्षता प्रहलाद सिंह गिल्लांखेड़ा, निदेशक, इफको हरियाणा ने की। उनके साथ मंच पर विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. योगेंद्र कुमार, विपणन निदेशक, इफको नई दिल्ली, जगदीप सिंह नकई निदेशक, इफको पंजाब, रामनिवास गढ़वाल, निदेशक, इफको राजस्थान, गुरुप्रसाद त्रिपाठी ,चेयरमैंन आईएफएफडीसी, संजय कुलश्रेष्ठ, वरिष्ठ महाप्रबंधक (विपणन), इफको नई दिल्ली, डॉ. राजेश सिहाग, उप कृषि निदेशक फतेहाबाद, डॉ. देवी दयाल, राज्य विपणन प्रबंधक, इफको हरियाणा एवं दिल्ली, डॉ. निरंजन सिंह, वरिष्ठ क्षेत्र प्रबंधक, इफको हरियाणा तथा बहादुर सिंह, उप प्रबंधक, इफको हरियाणा सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।
कार्यक्रम की शुरूआत बहादुर सिंह द्वारा कार्यक्रम परिचय से की गई। उन्होंने कहा कि सहकारिता आंदोलन किसानों की आर्थिक प्रगति का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि इफको लगातार किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोडड़े का प्रयास कर रहा है, जिसमें नैनो उर्वरकों का उपयोग विशेष रूप से

महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि इन उर्वरकों के प्रयोग से खेती की लागत कम होती है तथा उत्पादन में वृद्धि होती है। डॉ.देवी दयाल ने कहा कि इफको किसानों तक आधुनिक कृषि तकनीकों और वैज्ञानिक खेती के तरीकों को पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। प्रगतिशील किसान आनंदवीर गिल्लांखेड़ा ने परंपरागत कृषि में नई तकनीकों के समाकलन विषय पर अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि आधुनिक तकनीकों तथा नैनो उर्वरकों के उपयोग से किसानों को बेहतर उत्पादन प्राप्त हो रहा है और खेती अधिक लाभकारी बन रही है। डॉ. राजेश सिहाग ने इफको के नये उर्वरकों नैनो यूरिया व नैनो डीएपी को किसानो की उपज बढाने व लागत कम करने हेतु लाभकारी बताया। संजय कुलश्रेष्ठ ने नैनो उर्वरकों के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। रामनिवास गढ़वाल ने कहा कि सहकारिता आंदोलन देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि सहकारी संस्थाओं के माध्यम से किसानों तक उन्नत तकनीक, उर्वरक और विभिन्न सेवाएं पहुंचाई जा रही हैं, जिससे किसानों की आय में वृद्धि संभव हो रही है। जगदीप सिंह नकई ने आधुनिक कृषि में सहकारी क्षेत्र के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसानों को समय के साथ नई तकनीकों को अपनाना चाहिए। डॉ. योगेंद्र कुमार ने किसानों की आय बढ़ाने में इफको की तकनीक और सेवाओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। प्रहलाद सिंह गिल्लांखेड़ा ने हरियाणा राज्य में इफको की विभिन्न गतिविधियों और किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने सभी किसानों को सलाह दी कि वे सभी अपनी 33 प्रतिशत भुमि पर नैनों उर्वरको का प्रयोग जरुर करे।
मुख्य अतिथि के.जे. पटेल ने कहा कि इफको का मुख्य उद्देश्य किसानों को सशक्त बनाना और कृषि को अधिक लाभकारी बनाना है। उन्होंने कहा कि आज इफको केवल उर्वरक उत्पादन तक सीमित नहीं है,बल्कि किसानों के समग्र विकास के लिए नई तकनीकों और आधुनिक समाधानों पर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि इफको द्वारा विकसित नैनो उर्वरक कृषि क्षेत्र में एक क्रांतिकारी परिवर्तन लेकर आए हैं, जो भविष्य की टिकाऊ खेती के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे नई तकनीकों को अपनाएं और सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाने में अपना योगदान दें। इफको ब्राजील में नैनों उर्वरक का नया संयंत्र खोलने जा रही है। कार्यक्रम के दौरान किसानों को सम्मानित किया गया तथा नैनो उर्वरकों के प्रदर्शन क्षेत्र का भ्रमण कराया गया, जहां किसानों को इन उर्वरकों के प्रयोग से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। अंत में संदीप कुमार, क्षेत्र अधिकारी, इफको फतेहाबाद द्वारा आए हुए अतिथियों व किसानों का आभार व्यक्त किया गया।

शिरोमणि कमेटी ने ऑल इंडिया पिंडवाड़ा चैरिटेबल सोसाइटी को 15 लाख रुपये की मदद दी

रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब
जैतो,10 मार्च :शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से ऑल इंडिया पिंडवाड़ा चैरिटेबल सोसाइटी श्री अमृतसर को 15 लाख रुपए की मदद राशि का चैक आज शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने सोसाइटी के प्रतिनिधियों को सौंपा।गौरतलब है कि शिरोमणि कमेटी हर साल पिंगलवाजा चैरिटेबल सोसाइटी को आर्थिक मदद देती है। एडवोकेट धामी ने कहा कि भगत पूरन सिंह ने मानवता की भलाई के लिए मिसाली सेवा की है, जिसकी सोच को पिंगलवाडा सोसाइटी आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि शिरोमणि कमेटी मानवता

की भलाई के लिए किए जाने वाले कामों में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाती रहेगी। उन्होंने कहा कि अंदरूनी कमेटी के फैसले के मुताबिक, पिंगलवाड़ा का आयोजन शिरोमणि कमेटी करेगी। हर साल चैरिटेबल सोसायटी द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों के लिए 15 लाख रुपये की मदद दी जाती है। इसी के तहत आज यह रकम मैनेजरों को सौंप दी गई है। इस मौके पर शिरोमणि कमेटी के सदस्य सुरजीत सिंह रायपुर, ओ.एस.डी. सतबीर सिंह, सेक्रेटरी बलविंदर सिंह काहलवां, गुरिंदर सिंह मथरेवाल, निजी सेक्रेटरी शहबाज सिंह, उप सेक्रेटरी हरभजन सिंह वक्ता ,श्री दरबार साहिब के मैनेजर भगवंत सिंह धंगेडा और अन्य मौजूद थे।

ग्राम पंचायत चीमो में 'जल अर्पण दिवस' का भव्य आयोजन: जल संरक्षण की ली शपथ

दैनिक समाज जागरण
रतिया, 10 मार्च :- जल महोत्सव पखवाड़े के तहत रतिया खंड के ग्राम पंचायत चीमो में 'जल अर्पण दिवस' बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व खंड संयोजक कुलदीप सिंह ने किया, जिसमें ग्रामीणों को जल की महत्ता और भविष्य के लिए इसकी बचत करने के प्रति जागरूक किया गया।

प्रमुख गतिविधियाँ और संदेश
कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए खंड संयोजक ने बताया कि बढ़ता जल संकट आने वाली पीढ़ियों के लिए एक गंभीर चुनौती है।
कुलदीप ने बताया कि जल अर्पण परंपरा ,प्राचीन परंपराओं को याद करते हुए जल स्त्रोतों की पूजा की गई और उन्हें स्वच्छ रखने का संकल्प लिया गया। बूंद-बूंद की कीमतः घरों में होने वाली पानी की बबार्दी को रोकने और वर्षा जल संचयन (Rainwater Harvesting) अपनाने की अपील की गई। सामुदायिक भागीदारीः गांव के जोहड़ों और सार्वजनिक नलों के रखरखाव में ग्रामीणों की सक्रिय भूमिका पर चर्चा हुई।
> "जल ही जीवन का आधार है और इसे बचाना केवल सरकार की नहीं, बल्कि हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। जल महोत्सव पखवाड़े का उद्देश्य हर व्यक्ति को जल प्रहरी बनाना है। इस कार्यक्रम के अंत में पंचायत सदस्यों और ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से शपथ ली कि वे अपने दैनिक जीवन में पानी का सदुपयोग करेंगे और गांव के जल स्त्रोतों को प्रदूषित होने से बचाएंगे। इस अवसर पर भारी संख्या में ग्रामीण, पंच-सरपंच और जल संरक्षण समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

बजट-पश्चात वेबिनार में स्कूलों और कॉलेजों में एवीजीसी कंटेंट क्रिएटर लैब्स स्थापित करने के रोडमैप पर प्रकाश डाला गया

समाज जागरण

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (एमआईबी) ने 9 मार्च 2026 को "सबका साथ, सबका विकास - जनता की आकांक्षाओं की पूर्तिः शिक्षा, कौशल और विश्वविद्यालय टाउनशिप" शीर्षक बजट-पश्चात वेबिनार के तहत "स्कूलों और कॉलेजों में एवीजीसी कंटेंट क्रिएटर लैब्स" पर एक सत्र का आयोजन किया। इस सत्र में केंद्रीय बजट 2026-27 में घोषित 15,000 माध्यमिक विद्यालयों और 500 उच्च शिक्षण संस्थानों में एवीजीसी कंटेंट क्रिएटर लैब्स (सीसीएल) की स्थापना के लिए कार्यान्वयन रोडमैप पर विचार-विमर्श किया गया।

वेबिनार श्रृंखला का उद्घाटन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किया, जिन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत नवाचार-संचालित अर्थव्यवस्था की ओर अपने बदलाव के हिस्से के रूप में एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स (एवीजीसी) सेक्टर को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने शिक्षण संस्थानों को उद्योग सहयोग और अनुसंधान-आधारित शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए प्रोत्साहित किया ताकि परिसर नवाचार और उद्योग सहभागिता के केंद्र के रूप में विकसित हो सकें। इससे छात्रों को वास्तविक दुनिया का अनुभव प्राप्त हो सकेगा और राष्ट्रीय कौशल इकोसिस्टम सुदृढ़ होगा।

इस अवसर पर केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार ने भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईसीटी) की स्थापना आईआईटी, आईआईएम और एम्स जैसे प्रमुख संस्थानों के अनुरूप की है। इस संस्थान में अत्याधुनिक मॉडल प्रयोगशालाएं हैं जिन्हें विश्व स्तर पर सर्वश्रेष्ठ माना जाता है और ये दुनिया की अग्रणी सुविधाओं के समकक्ष हैं। उन्होंने कहा कि यह संस्थान रचनात्मक, मीडिया और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों के उभरते क्षेत्रों में युवाओं को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करेगा। श्री वैष्णव ने यह भी बताया कि दूरदर्शन ने "क्रिएटर्स कॉर्नर" शुरू किया है, जो कंटेंट क्रिएटर्स को अपना काम प्रदर्शित करने, आय अर्जित करने और देश के साथ-साथ विश्व स्तर पर दर्शकों तक पहुंचने का अवसर प्रदान करता है।

इस सत्र में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव श्री संजय जाजू ने भी मुख्य भाषण दिया, जिसमें उन्होंने रचनात्मक प्रतिभा को पोषित करने और भारत को एवीजीसी सेक्टर में वैश्विक रूप से अग्रणी देश के रूप में स्थापित करने के लिए एक मजबूत इकोसिस्टम के निर्माण के महत्व पर प्रकाश डाला।

व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल के उपाध्यक्ष और सीटीओ श्री चैतन्य चिंचलिकर द्वारा संचालित इस सत्र में नीति निमार्ताओं, उद्योग जगत के शीर्ष व्यक्तियों, शिक्षकों और छात्रों को एक मंच लाया गया ताकि उभरती हुई निमार्ता अर्थव्यवस्था के लिए पाठ्यक्रम विकास, बुनियादी ढांचे, उद्योग सहयोग और कौशल विकास के रास्तों पर चर्चा की जा सके। पैनल में सरकार, उद्योग, शिक्षा जगत और रचनात्मक प्रौद्योगिकी इकोसिस्टम के प्रतिनिधि- जैसे सुश्री ए. श्रीजा (आर्थिक सलाहकार, विद्यालय शिक्षा एवं साक्षरता विभाग), डॉ. आशीष कुलकर्णी (अध्यक्ष, एफआईसीसीआई एवीजीसी फोरम), श्री राजन नवानी (संस्थापक एवं समूह सीईओ, जेटसिंथेसिस), सुश्री सोनम भगत (सीईओ, व्याग्र), डॉ. विश्वास देवस्कर (सीईओ, आईआईसीटी), श्री मुंजल श्रॉफ (निदेशक एवं सीओओ, ग्राफिटी स्टूडियोज), श्री बीरेन घोष (संस्थापक एवं सीईओ, एस्ट्रा स्टूडियोज), श्री मनवेंद्र शुक्ल (सीईओ, लक्ष्य डिजिटल), सुश्री माला शर्मा (ग्लोबल वीपी, शिक्षा एवं अंतर्राष्ट्रीय, एडोब) और सुश्री प्रीति व्यास (अध्यक्ष, मिथिक)- शामिल थे। साथ ही, इसमें छात्रों और स्वयंसेवकों की भागीदारी भी रही।

विचार-विमर्श के दौरान, प्रतिभागियों ने इस बात पर बल दिया कि स्कूलों और कॉलेजों में कंटेंट क्रिएटर लैब्स की स्थापना से छात्रों को एनीमेशन, गेमिंग, वीएफएक्स और डिजिटल स्टोरीटेलिंग में करियर तलाशने के लिए संरचित मार्ग प्रशस्त होंगे, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) और बहुविषयक शिक्षा, रचनात्मकता और डिजाइन थिंकिंग पर इसके जोर के अनुरूप है। हितधारकों ने मार्गदर्शन, इंटर्नशिप और वास्तविक दुनिया के अनुभव प्रदान करने के लिए उद्योग के साथ मजबूत साझेदारी के महत्व पर भी बल दिया।

चर्चा में चरणबद्ध कार्यान्वयन दृष्टिकोण पर बल दिया गया, जिसकी शुरूआत पायलट संस्थानों से होगी और तत्परता और प्रतिक्रिया के आधार पर इसका विस्तार किया जाएगा। साथ ही, दूसरे और तीसरे स्तर के शहरों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। प्रमुख कार्य बिंदुओं में प्रयोगशालाओं के लिए उपयुक्त संस्थानों की पहचान करना, संरचित एवीजीसी पाठ्यक्रम विकसित करना, उद्योग समर्थित प्रशिक्षण के माध्यम से संकाय क्षमता निर्माण करना और मानकीकृत बुनियादी ढांचा और प्रौद्योगिकी ढांचा स्थापित करना, साथ ही उद्योग-अकादमिक सहयोग को मजबूत करना शामिल था।

इस सत्र में व्यापक भागीदारी देखी गई, जिसमें देश भर के लगभग 500 स्कूलों, 50 कॉलेजों, उद्योग जगत के हितधारकों, अभिभावकों और व्यक्तिगत प्रतिभागियों सहित 16,600 से अधिक उपस्थित लोग शामिल हुए।

बजट-पश्चात वेबिनार के समापन सत्र में, सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने भारत की जीवंत संस्कृति और रचनात्मकता को प्रदर्शित करने के लिए नागरिकों को एक लोकतांत्रिक मंच प्रदान करने में रचनाकार अर्थव्यवस्था के बढ़ते महत्व पर जोर दिया। उन्होंने मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र के रूपांतरण में प्रौद्योगिकी की भूमिका को रेखांकित किया और कहा कि भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईसीटी) की विशेषज्ञता का उपयोग देश भर में कंटेंट क्रिएटर लैब्स की स्थापना में सहयोग के लिए किया जाएगा।

इन चचाओं का उद्देश्य एवीजीसी कंटेंट क्रिएटर लैब्स पहल के लिए एक मजबूत कार्यान्वयन ढांचा विकसित करने में योगदान देना है। इससे युवा भारतीयों को रचनात्मक और डिजिटल कौशल हासिल करने में मदद मिलेगी और वैश्विक एवीजीसी इकोसिस्टम में भारत की स्थिति सुदृढ़ होगी।

महिलाओं के खिलाफ अपराध रोकने के लिए उठाए गए कदम

समाज जागरण

भारतीय न्याय संहिता, 2023 के तहत महिला और बाल सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संबंधित प्रावधानों को एक ही अध्याय में संकलित किया गया है, जिसमें अपराधियों के लिए मृत्युदंड तक की कड़ी सजा का प्रावधान है। नए कानूनों के अनुसार, 18 वर्ष से कम आयु की युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में दोषी को शेष प्राकृतिक जीवन तक कारावास या मृत्युदंड दिया जाएगा, साथ ही शादी, नौकरी या पदोन्नति का झूठा वादा करने अथवा पहचान छिपाकर यौन संबंध बनाने को भी अब एक नए विशिष्ट अपराध के रूप में शामिल किया गया है।

न्यायिक प्रक्रिया की गति, दक्षता और पारदर्शिता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने के लिए नए आपराधिक कानूनों में यह प्रावधान किया गया है कि समन और वारंट जारी करने, उनकी तामील और निष्पादन, शिकायतकर्ता एवं गवाहों की जांच, साक्ष्य रिकॉर्ड करने तथा अपील या किसी भी अन्य अदालती कार्यवाही को इलेक्ट्रॉनिक संचार या ऑडियो-वीडियो माध्यमों से डिजिटल रूप में संचालित किया जा सकता है। इस संबंध में, सरकार ने ई-समन, ई-साक्ष्य और न्याय-श्रुति (वीसी) जैसे अनुप्रयोग भी विकसित किए हैं। ई-समन इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से समन की डिलीवरी की सुविधा प्रदान करता है। न्यायिक प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और तकनीक-संचालित बनाने के लिए ई-साक्ष्य डिजिटल सबूतों के कानूनी, वैज्ञानिक और छेड़छाड़-मुक्त संग्रह, संरक्षण और इलेक्ट्रॉनिक तरीके से जमा करने में मदद करता है, जिससे असली सबूत मिलते हैं और देरी कम होती है। न्याय-श्रुति (वीसी) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आरोपियों, गवाहों, पुलिस अधिकारियों, वकीलों, साइंटिफिक एक्सपर्ट्स, कैदियों की आभासी माध्यम से पेशी की सुविधा देता है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा नए आपराधिक कानूनों को लागू करने से न्याय प्रणाली की गति, दक्षता और पारदर्शिता बेहतर होती है, जिससे नागरिकों के लिए एक समयबद्ध और सुलभ न्याय वितरण प्रणाली सुनिश्चित होती है।

महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रावधान

भारतीय न्याय संहिता, 2023 के एक नए अध्याय-श में महिला और बच्चों के विरुद्ध अपराधों को अन्य सभी अपराधों की तुलना में प्राथमिकता दी गई है।

भारतीय न्याय संहिता में सामूहिक दुष्कर्म की शिकार नाबालिग पीड़ितों के लिए आयु के अंतर को समाप्त कर दिया गया है; जहाँ पहले 16 वर्ष और 12 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म के लिए अलग-अलग सजाएँ निर्धारित थीं, वहीं अब इस प्रावधान को संशोधित कर दिया गया है और 18 वर्ष से कम आयु की किसी भी महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म के लिए आजीवन कारावास या मृत्युदंड की सजा का प्रावधान है।

अब महिलाओं को परिवार के एक ऐसे वयस्क सदस्य के रूप में मान्यता दी गई है जो बुलाए गए व्यक्ति की ओर से समन प्राप्त कर सकती हैं। पहले के कानून में 'परिवार के किसी वयस्क पुरुष सदस्य' का उल्लेख था, जिसे अब बदलकर 'परिवार का कोई भी वयस्क सदस्य' कर दिया गया है।

बलात्कार के अपराध से जुड़ी जांच में पारदर्शिता लाने और पीड़ित को अधिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए, पुलिस द्वारा पीड़ित का बयान ऑडियो-वीडियो माध्यम से रिकॉर्ड करना अनिवार्य कर दिया गया है।

महिलाओं के खिलाफ कुछ विशिष्ट अपराधों के मामले में, पीड़िता का बयान, जहाँ तक संभव हो, एक महिला मजिस्ट्रेट द्वारा दर्ज किया जाएगा और उनकी अनुपस्थिति में, एक पुरुष मजिस्ट्रेट द्वारा किसी महिला की उपस्थिति में बयान दर्ज किया जाएगा। इसका उद्देश्य जांच में संवेदनशीलता और निष्पक्षता सुनिश्चित करना तथा पीड़ितों के लिए एक सहायक वातावरण बनाना है।

बलात्कार की पीड़िता की चिकित्सा जांच करने वाले डॉक्टरों के लिए यह अनिवार्य कर दिया गया है कि वे 7 दिनों के भीतर मेडिकल रिपोर्ट जांच अधिकारी को भेजें।

यह प्रावधान किया गया है कि 15 वर्ष से कम या 60 वर्ष से अधिक आयु के किसी भी पुरुष (पहले यह सीमा 65 वर्ष थी), अथवा किसी भी महिला, मानसिक या शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्ति, या गंभीर बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति को उनके निवास स्थान के अलावा किसी अन्य स्थान पर उपस्थित होने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा। हालांकि, यदि ऐसा व्यक्ति स्वेच्छा से पुलिस स्टेशन आने के लिए तैयार है, तो उन्हें ऐसा करने की अनुमति दी जा सकती है।

नए कानूनों के अंतर्गत, सभी अस्पतालों में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों के पीड़ितों के लिए निःशुल्क प्राथमिक उपचार या चिकित्सा उपचार का प्रावधान किया गया है। यह नियम चुनौतीपूर्ण समय के दौरान पीड़ितों के स्वास्थ्य और सुधार को प्राथमिकता देते हुए, उन्हें तुरंत आवश्यक चिकित्सा देखभाल सुनिश्चित करता है।

भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 95 के तहत, किसी भी बच्चे को अपराध करने के लिए काम पर रखना, नियोजित करना या उसे शामिल करना एक दंडनीय अपराध बना दिया गया है। इसके लिए कम से कम सात वर्ष के कारावास का प्रावधान है, जिसे दस वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। इस प्रावधान का मुख्य उद्देश्य गिरोहों या समूहों द्वारा बच्चों का उपयोग अपराध करने के लिए किए जाने को रोकना है।

यह जानकारी गृह राज्य मंत्री श्री बंदी संजय कुमार ने लोक सभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी।

महत्वपूर्ण डॉक इन्फ्रास्ट्रक्चर के आधुनिकीकरण और माल ढुलाई को बेहतर बनाने की परियोजना

समाज जागरण

केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री श्री सबानंद सोनोवाल ने कोलकाता के श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट पर स्थित ऐतिहासिक बैस्क्यूल ब्रिज के नवीनीकरण को 117.54 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से मंजूरी दे दी है।

कोलकाता डॉक सिस्टम (केडीएस) में ऐतिहासिक बैस्क्यूल ब्रिज के नवीनीकरण के लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट, कोलकाता के प्रस्ताव का मूल्यांकन पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता में आयोजित एक बैठक में प्रत्यायोजित निवेश बोर्ड (डीआईबी) द्वारा किया गया।

प्रत्यायोजित निवेश बोर्ड (डीआईबी) ने सागरमाला कार्यक्रम के तहत लगभग 41 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता सहित, कोलकाता डॉक सिस्टम में लगभग छह दशक पुराने बैस्क्यूल ब्रिज के नवीनीकरण के प्रस्ताव की पड़ताल की, जिसकी अनुमानित परियोजना लागत 117.54 करोड़ रुपये है।

इस परियोजना का उद्देश्य पत्तन क्षेत्र के भीतर माल और वाहनों की सुरक्षित, तेज और अधिक कुशल आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए ऐतिहासिक दोहरे पुल का आधुनिकीकरण करना है। मूल रूप से वागनर-बिरो ब्रिज सिस्टम्स एजी द्वारा निर्मित इस पुल का परिचालन सुरक्षा और दक्षता बढ़ाने के लिए व्यापक संरचनात्मक और विद्युत-यांत्रिक उन्नयन किया जाएगा।

नवीनीकरण परियोजना का कार्यान्वयन रेल विकास निगम लिमिटेड द्वारा किया जाएगा और कार्यों के निष्पादन का ठेका एचएंडएच फ्रेसीनेट को दिया गया है।

इस महत्वपूर्ण इन्फ्रास्ट्रक्चर के उन्नयन से कोलकाता डॉक सिस्टम में परिचालन दक्षता को मजबूत करने और बंदरगाह के भीतर माल और वाहनों की सुचारू आवाजाही को बढ़ावा देने की उम्मीद है, जिससे भारत के समुद्री इन्फ्रास्ट्रक्चर के निरंतर आधुनिकीकरण में योगदान मिलेगा।

उर्वरकों की कालाबाजारी और जबरन टैगिंग रोकने के लिए उत्तर प्रदेश में 52 एफआईआर दायर

समाज जागरण

सरकार ने स्पष्ट किया है कि खरीफ 2025 मौसम के दौरान यूरिया और डीएपी सहित प्रमुख उर्वरकों की उपलब्धता मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार और हरियाणा सहित सभी राज्यों में पर्याप्त रही। उर्वरक विभाग राज्य स्तर पर उपलब्धता सुनिश्चित करता है, जबकि राज्यों के भीतर वितरण का प्रबंधन संबंधित राज्य सरकारों द्वारा किया जाता है। इस मौसम के लिए आवश्यकता, उपलब्धता और बिक्री के आँकड़े संतोषजनक आपूर्ति स्थिति को दशार्ते हैं।

इसके अतिरिक्त, वर्तमान रबी 2025-26 मौसम में 1 अक्टूबर 2025 से 5 मार्च 2026 तक यूरिया, डीएपी, एमओपी और एनपीकेएस उर्वरकों की उपलब्धता भी कृषि मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त रही है और देश में इनका काफी भंडार बना हुआ है।

आयात के मुद्दे पर सरकार ने बताया कि चीन से डीएपी के आयात की वर्षवार मात्रा 2023झ24 में 22.28 लाख मीट्रिक टन और 2024-25 में 8.47 लाख मीट्रिक टन रही। आपूर्ति से जुड़े जोखिमों को कम करने और निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार संसाधनों से सम्पन्न देशों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ी हुई है तथा भारतीय उर्वरक कंपनियों और अंतरराष्ट्रीय आपूर्तिकताओं के बीच दीर्घकालिक समझौते और समझौता ज्ञापन को प्रोत्साहित किया है। इन व्यवस्थाओं के तहत सऊदी अरब से प्रतिवर्ष 31 लाख टन, रूस से 30.10 लाख टन और मोरक्को से 25 लाख टन उर्वरक आपूर्ति की व्यवस्था की गई है, जिससे 2025झ26 के दौरान भारत की उर्वरक आपूर्ति श्रृंखला और मजबूत होने की उम्मीद है।

उत्तर प्रदेश में कालाबाजारी और जबरन उत्पाद टैगिंग के संबंध में मंत्रालय ने दोहराया कि उर्वरकों का नियमन आवश्यक वस्तु कानून, 1955 और उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 के तहत किया जाता है, जो राज्यों को सख्त कार्रवाई करने का अधिकार देता है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 के बीच कालाबाजारी के मामलों में 52 एफआईआर और जबरन टैगिंग के मामलों में 7 एफआईआर दर्ज की गईं। इसके अलावा, राज्य सरकार ने 9 जनवरी 2026 को एक आदेश जारी कर सब्सिडी वाले उर्वरकों के साथ अन्य उत्पादों की टैगिंग पर रोक लगाने के निर्देश भी दिए हैं।

भारत की फॉस्फेटिक उर्वरकों के आयात पर भारी निर्भरता को कम करने के लिए सरकार ने घरेलू उत्पादन को मजबूत बनाने हेतु कई कदम उठाए हैं। इनमें 18 जनवरी 2024 को जारी दिशानिर्देश शामिल हैं, जिनका उद्देश्य पीऔरके उर्वरकों के अधिकतम खुदरा मूल्य की तार्किकता सुनिश्चित करना है। इसके अलावा, पोषक तत्व आधारित सब्सिडी योजना के तहत नई और विस्तारित विनिर्माण क्षमताओं को मान्यता दी गई है तथा एनबीएस के अंतर्गत आने वाले पीऔरके उर्वरकों की ग्रेड संख्या 22 से बढ़ाकर 28 कर दी गई है। घरेलू फॉस्फेटिक स्रोत के रूप में सिंगल सुपर फॉस्फेट (एसएसपी) के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए खरीफ 2022 से इसकी फ्रेट सब्सिडी भी जारी रखी गई है।

इसके अतिरिक्त, घरेलू डीएपी उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए अन्य लागतों के लिए 3500 रुपये प्रति मीट्रिक टन का विशेष प्रावधान किया गया है। सरकार डीएपी के कम लागत वाले स्वदेशी विकल्प के रूप में एसएसपी को भी बढ़ावा दे रही है, जिसके लिए जिंक, बोरॉन और अन्य सूक्ष्म पोषक तत्वों से युक्त फोर्टिफाइड एसएसपी पर अतिरिक्त सब्सिडी दी जा रही है। साथ ही, कीमतों की स्थिरता बनाए रखने के लिए समय-समय पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरों में संशोधन किया जाता है। इन सभी कदमों के परिणामस्वरूप देश में पी और के उर्वरकों का घरेलू उत्पादन बढ़कर 2014-15 में 159.54 लाख मीट्रिक टन से 2024-25 में 211.22 लाख मीट्रिक टन हो गया है।

राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस

राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस (एनसीडी) को सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के सहयोग से विकसित किया गया है। एनसीडी पोर्टल का शुभारंभ दिनांक 08 मार्च, 2024 को किया गया था । इस डेटाबेस को तीन चरणों में विकसित किया गया था, और इसमें सहकारी समितियों के स्थान, सदस्यता, आर्थिक कार्यकलापों, अवसरंचना, वित्तीय प्रदर्शन और संपरीक्षा विवरण जैसे मापदंडों पर डेटा शामिल है । राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस https://cooperatives.gov.in पर उपलब्ध है ।

राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस (एनसीडी) देश भर की 8.4 लाख से अधिक सहकारी समितियों की जानकारी के लिए सिंगल-पॉइंट एक्सेस प्रदान करता है, जिसमें 30 क्षेत्रों के लगभग 31 करोड़ सदस्य शामिल हैं। एनसीडी के अनुसार, सहकारी समितियों की राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र-वार कुल संख्या संलग्नक-1 के रूप में संलग्न है।

डेटा की सटीकता और अंतःप्रचालनीयता सुनिश्चित करने के लिए, राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस (एनसीडी) पोर्टल को विभिन्न सरकारी पोर्टलों और डिजिटल प्लेटफार्मों के साथ एकीकृत किया गया है, जैसे रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय का प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र (पीएमबीजेके) डेटाबेस, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) का कॉमन सेवा केंद्र (सीएससी) डेटाबेस, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय का प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके) डेटाबेस, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) का उद्यम पोर्टल और पैक्स का कंप्यूटरीकरण (ई-पैक्स) पोर्टल।

इसके अतिरिक्त, सहकारी समितियों के सटीक और अद्यतन डेटा को बनाए रखने के लिए, एनसीडी पोर्टल को एपीआई के माध्यम से सभी राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के सहकारी समितियों के पंजीयक (आरसीएस) पोर्टलों के साथ एकीकृत किया जा रहा है, जिससे स्वचालित डेटा अद्यतन, सिंक्रोनाइजेशन और कुशल सूचना प्रबंधन संभव हो सकेगा । दिनांक 01.03.2026 तक की स्थिति के अनुसार, राजस्थान, छत्तीसगढ़, बिहार, मिजोरम और दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव राज्यों ने एनसीडी पोर्टल के साथ एकीकरण पूरा कर लिया है।

नीति निमार्ताओं, राज्य सरकारों और अन्य हितधारकों द्वारा सहकारी आंदोलन को सशक्त करने के लिए राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस (एनसीडी) का उपयोग किया जा सकता है, विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जहां समितियां कम प्रदर्शन कर रही हैं । इस डेटाबेस का उपयोग राजस्थान के राजसमंद जिले सहित देश भर की आच्छादित और अनाच्छादित ग्राम पंचायतों सहित सहकारी समितियों के भौगोलिक प्रसार में कमियों को चिह्नित करने के लिए किया जाता है। राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस (एनसीडी) का उपयोग करते हुए, सरकार ने सहकारी समितियों का राज्य/ जिला/ब्लॉक-वार और क्षेत्र-वार आकलन और रैंक करने के लिए 24 जनवरी 2025 को सहकारी रैंकिंग फ्रेमवर्क लॉन्च किया है । राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र की सहकारी समितियों (आरसीएस) के पंजीयक एनसीडी पोर्टल के माध्यम से 12 प्रमुख क्षेत्रों की प्राथमिक सहकारी समितियों की रैंकिंग तैयार कर सकते हैं । इस रैंकिंग प्रणाली का उद्देश्य सहकारी समितियों के बीच पारदर्शिता, विश्वसनीयता और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना है, जिससे अंततः उनके विकास को बढ़ावा मिलेगा।

प्रसार भारती का पीबी-एसएचएबीडी लोगो के बिना समाचार सामग्री प्रदान करता है, मार्च 2027 तक निःशुल्क उपलब्ध रहेगा

पीबी- एसएचएबीडी 1500 से अधिक संवाददाताओं और 247 काम करने वाले 60 संपादन डेस्क के नेटवर्क के माध्यम से विभिन्न प्रारूपों में प्रतिदिन 1000 से अधिक समाचार प्रदान करता है

समाज जागरण

प्रसार भारती-शेयर्ड ऑडियो-विजुअल्स फॉर ब्रॉडकास्ट एंड डिसेमिनेशन (पीबी-एसएचएबीडी) को मार्च 2024 में मीडिया संगठनों को लोगो के बिना वीडियो, ऑडियो, टेक्स्ट और फोटो सहित विभिन्न प्रारूपों में दैनिक समाचार उपलब्ध कराने वाली साझा फीड सेवा के रूप में शुरू किया गया था। प्रसार भारती को यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता है कि एसएचएबीडी की सेवा मार्च 2027 तक निःशुल्क रहेगी।

1500 से अधिक पत्रकारों, संवाददाताओं और स्ट्रिंगरों के मजबूत नेटवर्क और चौबीसों घंटे काम करने वाले 60 समर्पित संपादन डेस्क के सहयोग से पीबी-एसएचएबीडी भारत के हर कोने से नवीनतम समाचार प्रस्तुत करता है। प्रतिदिन कृषि, प्रौद्योगिकी, विदेश मामले और राजनीतिक घटनाक्रम जैसी विभिन्न समाचार श्रेणियों को कवर करने वाली 1000 खबरें क्षेत्रीय समाचार इकाइयों (आरएनयू) और मुख्यालय से संयुक्त रूप से सभी प्रमुख भारतीय भाषाओं में अपलोड की जाती हैं। पीबी-एसएचएबीडी के माध्यम से प्रदान की गई सामग्री पर लोगो नहीं रहता है और इस मंच से ली गई सामग्री का उपयोग करने के लिए किसी क्रेडिट की आवश्यकता नहीं है।

पीबी-एसएचएबीडी लाइव फीड सुविधा भी प्रदान करता है जिसमें राष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रमों, अलंकरण समारोहों और विभिन्न संवाददाता सम्मेलनों सहित लाइव कार्यक्रमों की विशेष कवरेज लोगो के बिना ही उपलब्ध होती है। इस सेवा तक पहुंच को और बेहतर बनाने के लिए मीडिया सामग्री के संग्रह को आर्काइवल लाइब्रेरी के रूप में उपलब्ध कराया गया है जिससे ग्राहक आसानी से आर्काइवल फुटेज और विशेष रूप से तैयार किए गए पैकेज देख सकते हैं। विशेष पैकेज, साक्षात्कार, पूरे भारत से दैनिक मौसम अपडेट और संपादकीय लेख नियमित रूप से पीबी-एसएचएबीडी पर अपडेट किए जाते हैं जिससे मीडिया संस्थाएं आसानी से सामग्री का उपयोग कर सकें और समय की बचत हो सके।

मीडिया संगठन shabd.prasarbharati.org पर जाकर पीबी-एसएचएबीडी के लिए निःशुल्क साइन अप कर सकते हैं ।

जेवर एयरपोर्ट तक नए हाई-स्पीड कॉरिडोर को मंजूरी, 3630.77 करोड़ रुपये का संशोधित परिव्यय स्वीकृत

समाज जागरण

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने आज उत्तर प्रदेश और हरियाणा में हाइब्रिड वार्षिकी आधार पर दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के दिल्ली-फरीदाबाद-बल्लभगढ़-सोहना उपमार्ग से जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक नए सड़क निर्माण के लिए 3630.77 करोड़ रुपये के संशोधित परिव्यय को स्वीकृति दे दी।

31.42 किलोमीटर लंबा यह गलियारा दक्षिण दिल्ली, फरीदाबाद और गुरुग्राम से जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक सीधी और उच्च गति का संपर्क मार्ग होगा जिससे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आर्थिक विकास और प्रचालन दक्षता को बढ़ावा मिलेगा।

यह गलियारा ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे, यमुना एक्सप्रेसवे और डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से जुड़ेगा जिससे बहुआयामी परिवहन संभव होगा। यह उच्च गलियारा संरचनात्मक सुधार के साथ ही शहरी अवसंरचना परिवर्तन, क्षेत्रीय संपर्क और राष्ट्रीय परिचालन दक्षता का महत्वपूर्ण साधन होगा। जेवर हवाई अड्डे -दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे कॉरिडोर की पूरी क्षमता के उपयोग और फरीदाबाद में सतत शहरी विकास सुनिश्चित करने के लिए इसका निर्माण अत्यंत आवश्यक है।

इस परियोजना का लगभग 11 किलोमीटर लंबा हिस्सा एलिवेटेड मार्ग के रूप में विकसित किया जाएगा जो डीएनडी-बल्लभगढ़ बाईपास और जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बीच नए संपर्क मार्ग का महत्वपूर्ण खंड है और इसे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ता है। यह गलियारा फरीदाबाद मास्टर प्लान, 2031 के तहत घनी आबादी वाले शहरी विकास और भविष्य के बुनियादी ढांचे के विस्तार के निर्धारित क्षेत्र से होकर गुजरेगा। प्रस्तावित एलिवेटेड कॉरिडोर की अतिरिक्त लागत 689.24 करोड़ रुपये है। हरियाणा सरकार ने इसमें 450 करोड़ रुपये वहन करने पर सहमति जताई है।

भारत को दुनिया का फूड बास्केट बनाकर रहेंगे- केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान

आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पश्चिम बंगाल में केन्द्र सरकार की योजनाओं को वहां की सरकार ठीक ढंग से लागू नहीं कर रही है।

उन्होंने कहा कि इससे राज्य के गरीब किसान केंद्र की महत्वपूर्ण योजनाओं से वंचित हो रहे हैं। इसके साथ ही श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देशभर में रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन हो रहा है।

रिकॉर्ड उत्पादन, भरे भंडार; दुनिया वाह-वाह कर रही है

कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का कुल खाद्यान्न उत्पादन बढ़कर लगभग 357 मिलियन टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है जिससे भारत की खाद्य सुरक्षा और किसानों की आय दोनों मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि भारत ने करीब 150 मिलियन टन से अधिक चावल उत्पादन के साथ चावल उत्पादन में चीन को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया है, जबकि गेहूं, सरसों, सोयाबीन, मूंगफली जैसी फसलों में भी रिकॉर्ड उत्पादन दर्ज हुआ है। श्री चौहान के अनुसार, पहले भारत को पीएल-480 के तहत आयातित गेहूं पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन आज हालात यह हैं कि देश के गोदाम गेहूँ और चावल से भरे पड़े हैं और स-रकार को चिंता इस बात की है कि रखे कहाँ, जबकि दुनिया भारत के किसानों और नीतियों की सराहना कर रही है।

प्राकृतिक खेती, दालें, फल-सब्जियाँ: केंद्र की पहल, विपक्ष की चुप्पी

केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए फलों और सब्जियों के साथ-साथ दालों के उत्पादन में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी करवाई है जिससे कुल उर्वरक उपयोग और लागत में कमी के साथ पौष्टिक आहार की उपलब्धता बढ़ी है। उन्होंने बताया कि दालों का उत्पादन लगभग 19 मिलियन टन से बढ़कर 25झ26 मिलियन टन के आसपास पहुंच गया है और बागवानी उत्पादन भी 369 मिलियन टन से अधिक के स्तर पर पहुंच चुका है जो किसानों के लिए अतिरिक्त आय का बड़ा स्रोत बना है।

प्राकृतिक खेती मिशन के तहत गंगा जैसी नदियों के किनारे के विस्तृत क्षेत्रों में रासायनिक मुक्त खेती को बढ़ावा देने, लाखों किसानों को जागरूक करने और प्रति एकड़ प्रोत्साहन की व्यवस्था करने की जानकारी देते हुए श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अगर प्राकृतिक खेती सही तरीके से की जाए तो उत्पादन घटता नहीं, कई मामलों में बढ़ता है, लेकिन पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों की उदासीनता देश के लिए चिंता का विषय है। श्री शिवराज सिंह चौहान ने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल के गरीब किसान केंद्र की कई महत्वपूर्ण योजनाओं से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य भारत को दुनिया का फूड बास्केट बनाना और वसुधैव कुटुंबकम की भावना के साथ वैश्विक खाद्य सुरक्षा में योगदान देना है।

केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पिछली सरकारों ने रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अंधाधुंध और असंतुलित उपयोग से पैदा हो रही गंभीर समस्याओं पर कभी गंभीरता से ध्यान नहीं दिया, जबकि इससे एक ओर मिट्टी की उ-र्वरता और गुणवत्ता लगातार खराब हुई, दूसरी ओर इंसानों में कई तरह की बीमारियाँ बढ़ीं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती सरकारें न तो मिट्टी के स्वास्थ्य की चिंता कर पाईं, न ही किसानों और उपभोक्ताओं को शुद्ध और पोषक आहार दिलाने की दिशा में कोई ठोस पहल कर सकीं। श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इस चुनौती को समय रहते समझा और स्पष्ट संदेश दिया

मौलाना द्वारा योगी की मां विवादित बयान देने पर कार्यवाही की मांग

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी।। मौलाना अब्दुल्लाह सलीम के बिहार में विवादित वीडियो में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मां पर विवादित बनाया सामने आया था जिसके विरोध में जय भारत मंच के सदस्यों ने मौलाना अब्दुल्ला सलीम के विवादित बयानों और गौवंश पर की गई टिप्पणी के खिलाफ वाराणसी जिलाधिकारी को पत्रक सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

बिहार में एक कथित आपत्तिजनक वीडियो ने माहौल को गरमा दिया है। जय भारत मंच ने इस वीडियो में मौलाना अब्दुल्ला सलीम द्वारा दिए गए बयानों पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। आरोप है कि इस वीडियो में न केवल उत्तर प्रदेश में प्रतिबंधित गौवंश को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई हैं, बल्कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पूजनीय माता जी को लेकर भी अभद्र बातें कही गई हैं।

जय भारत मंच के काशी प्रांत अध्यक्ष उपेंद्र नाथ सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने इस मामले को समाज की एकता और शांति के लिए खतरा बताया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के बयानों से समाज की धार्मिक भावनाएं बुरी तरह आहत हुई हैं। गुड्डू सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सार्वजनिक रूप से संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों और उनकी माता के प्रति ऐसी भाषा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे लोगों को देशद्रोही घोषित किया जाए और कड़ी से कड़ी करवाही किया जाए।ज्ञापन में जिला अध्यक्ष हरिशंकर सिंह,महिला जिला अध्यक्ष सुषमा उपाध्यक्ष रितेश सिंह, विमल कुमार सिंह,अतुल सिंह,पंकज सिंह,आकाश मिश्रा,तेज बहादुर सिंह, ओम प्रकाश सिंह,ऊषा परिहार सहित अन्य लोग शामिल रहे।

पति से परेशान होने के कारण पत्नी ने दी थी जान

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी।। जंसा थाना क्षेत्र के चौखंडी रेलवे क्रॉसिंग के पास सोमवार दोपहर बाद एक विवाहिता द्वारा अपनी मासूम बेटी के साथ ट्रेन के सामने कूदकर जान देने के मामले में मंगलवार को मायके पक्ष ने कई अहम बातें बताईं।

मायके वालों के अनुसार मृतका अनीता की शादी चार वर्ष पूर्व लक्ष्छीपुर रामेश्वर गांव निवासी अजीत कुमार के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच आए दिन विवाद होता रहता था। कई बार पंचायत के बाद अनीता की विदाई भी कराई गई, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ।

बताया गया कि अजीत कुमार को शराब पीने और जुआ खेलने की लत थी, जिसके कारण दोनों के बीच अक्सर मनमुटाव बना रहता था। मृतका के पिता बद्री प्रसाद गौड़ ने बताया कि करीब चार महीने पहले अजीत अपनी पत्नी अनीता को लेकर मुंबई चला गया था, जहां उनके दो बेटे रहते हैं। वहां उसने दो दिन काम किया, लेकिन बाद में काम करना बंद कर दिया। जब मृतका के भाइयों ने उसे काम करने के लिए कहा तो वह अपनी पत्नी को वहीं छोड़कर वापस घर लौट आया। इसके बाद मृतका अपने भाइयों के साथ मायके वापस आ गई और तब से वहीं रह रही थी।बताया जाता है कि सोमवार की सुबह अजीत ससुराल पहुंचा और पत्नी को दवा दिलाने व घूमने की बात कहकर बाइक से भाऊपुर बाजार लेकर आया। वहां दवा दिलाने के बाद दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसी विवाद के बाद अनीता ने अपनी मासूम बेटी के साथ आत्मघाती कदम उठा लिया।

जागरूकता रैली निकालकर सावित्रीबाई फुले को किया याद ,दिया अधिकारों का संदेश

समाज जागरण अनिल कुमार

अधिकारों के प्रति जगरुक करती वक्ता अनूप श्रमिक

हरहुआ वाराणसी बेलवा स्थित डीएनटी यूथ रिसोर्स सेंटर में सोमवार को महिला दिवस व सावित्रीबाई फुले स्मृति दिवस के अवसर पर नट समुदाय संघर्ष समिति व उड़ान (यूडीएएन) के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें आसपास के कई गांवों से लगभग 220 नट व मुसहर समुदाय के महिला-पुरुष शामिल हुए।

वक्ताओं ने माता सावित्रीबाई फुले के जीवन व उनके शिक्षा आंदोलन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महिलाओं की शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूकता आज भी बेहद जरूरी है। इस दौरान डॉ. अनुप श्रमिक, जागृति राही व अनुप नट ने भी महिलाओं के अधिकार, शिक्षा और सामाजिक समानता पर अपने विचार रखे।कार्यक्रम में महिलाओं ने सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद बेलवा नट बस्ती में महिलाओं को जागरूक करने के लिए रैली निकाली गई।

संचालन प्रेम नट ने किया।

इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि व नट समुदाय संघर्ष समिति के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एनएसएस के स्वयंसेवकों ने साफ -सफाई कर एकांकी के जरिये किया जागरूक

समाज जागरण

वाराणसी। आज महाराज बलवंत सिंह पीजी कॉलेज गंगापुर वाराणसी के सात दिवसीय विशेष शिविर दिन -रात के दुसरे दिन भीमचंडी बाजार राजातालाब में स्वयंसेवकों ने धर्मशाला नंबर 8 की साफ- सफाई किया। स्वच्छता कार्यक्रम के बाद स्वयंसेवकों ने भोजन बनाया और सभी स्वयंसेवकों ने भोजन का आनन्द लिया। दो बजे दूसरे सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेवकों ने कई मनोरंजक कार्यक्रम एवं विभिन्न नाटक एवं एकांकी से जागरूकता का मंचन किया। भीमचण्डी प्राथमिक विद्यालय के नौनिहालों ने प्रतिभाग कर विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेकर प्रदर्शन किया।

शारीरिक शिक्षा प्रभारी अंगद प्रसाद यादव ने स्वास्थ्य एवं व्यक्तित्व के बारे में स्वयंसेवकों को विस्तार से बताया और कहा कि जब हम स्वस्थ हैं तभी हमारा जीवन सुरक्षित है।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रथम इकाई एवं द्वितीय इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अखिलानंद सिंह और डॉ0 अर्चना सिंह उपस्थिति रही।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया

समाज जागरण
ओंकार नाथ चौधरी

जनपद बलरामपुर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय जन कल्याण सेवा संस्थान, श्रावस्ती द्वारा मिलान फाउंडेशन के सहयोग से शिवाजी शिक्षा निकेतन, शिवपुरा में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के अधिकार, न्याय तथा सभी महिलाओं और बालिकाओं के लिए समान अवसर के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सशक्त बनाना था।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने महिला सशक्तिकरण, लैंगिक समानता तथा बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि ह्लसशक्त महिला, सशक्त समाजह्व के निर्माण के लिए महिलाओं को शिक्षा, सम्मान और समान अवसर प्रदान करना अत्यंत आवश्यक है।

इस अवसर पर रूबी जी ने महिलाओं की शिक्षा और आत्मनिर्भरता के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षित और आत्मनिर्भर महिला न केवल अपने जीवन को बेहतर बनाती है बल्कि पूरे परिवार और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। डी.डी. पांडेय जी ने समाज में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और समान अवसर सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। वहीं रामजी वर्मा जी (मैनेजर) ने बाल विवाह के दुष्प्रभावों के बारे में बताते हुए कहा कि कम उम्र में विवाह होने से लड़कियों की शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों प्रभावित होते हैं। उन्होंने समाज से इस कुरीति को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया। सुशीला जी ने बेटियों की शिक्षा और महिलाओं की सामाजिक भागीदारी को बढ़ावा देने पर बल देते हुए कहा कि जब महिलाएं सशक्त होंगी तभी समाज सशक्त बनेगा।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं, किशोरी बालिकाओं, समुदाय के लोगों, स्थानीय प्रतिनिधियों तथा सामाजिक कार्यकताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने सशक्त महिला, सशक्त समाज के संकल्प के साथ महिलाओं के अधिकार, न्याय और समानता को बढ़ावा देने तथा महिलाओं और बालिकाओं के लिए सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण बनाने का संकल्प लिया।

कार, बाईक एवं साइकिल के टक्कर में साइकिल व बाइक सवार दो की मौत व दो घायल

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। बड़ागाँव थाना क्षेत्र के बसनी मार्ग पर मदनपुर के पास मंगलवार को सुबह एक तेज रफ्तार कार ने पेट्रोल पंप से पेट्रोल भरवा कर निकल रहे बाइक सवारों को टक्कर मारकर अनियंत्रित होकर एक साइकिल सवार को टक्कर मारते हुए पेड़ से टकरा गई जिससे कार चालक सहित बाइक सवार दो युवक एवं साइकिल सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप घायल हो गये।

घायलों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां सभी का उपचार कराने के बाद बाइक सवारों की गंभीर चोटों को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें ट्रामा सेंटर के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार जंसा थाना क्षेत्र के हरसोस गांव निवासी डा0 इरफान अली जो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलखरनाथ प्रतापगढ़ में अधीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। घटना के समय अपनी कार से ड्यूटी पर जा रहे थे। वही प्रत्यदर्शियों के अनुसार उसी समय पेट्रोल पंप से तेल भराकर निकल रहे बाइक सवार मनोज पटेल 30 वर्ष निवासी डिघिया (कृष्णापुर) जो टिकरी खुर्द स्थित चैतन्य पब्लिक स्कूल में वाहन का चालक है एवं उसके साथ बैठा सुनील कुमार पाल निवासी नंदापुर रामपुर उसी विद्यालय में अध्यापक है को टक्कर मारते हुए अनियंत्रित कार ने एक साइकिल सवार को टक्कर मारकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई जिसमें साइकिल सवार रिजवान ऊर्फ मुन्ना 43 वर्षीय एवं कार चालक भी घायल हो गया जिसमें दोनों बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हैं। कार सवार को चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

घायल नन्दापुर गांव निवासी बाइक सवार सुनील कुमार पाल की मौत ट्रामा सेन्टर में हो गया है । मृतक दो भाई व तीन बहनों में बड़ा था अभी तक शादी नही हुआ था।

वही साइकिल सवार मदनपुर निवासी रिजवान मंसूरी का व्यास बाग स्थित प्राइमैक्स अस्पताल में चल रहा था लेकिन दोपहर बाद स्थिति गंभीर होने पर डॉक्टर ने रिजवान को दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया वही अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक ने रिजवान को मृतक घोषित कर दिया। मृतक दो भाई में बड़ा था व फर्नीचर का काम करता था मृतक को दो पुत्री व एक तीन वर्ष का बेटा है।

अपहरण के संबंध में वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी कर अपहृता को सकुशल किया बरामद।

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। थाना बड़ागांव पुलिस टीम द्वारा उपनिरीक्षक विवेकानंद द्विवेदी, चौकी प्रभारी हरहुआ के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई करते हुए मु0अ0सं0- 085/2026, धारा 137(2)/87/ 352/ 351(2) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त वारिश हाशमी पुत्र जाकिर हाशमी, निवासी हरहुआ डीह, थाना बड़ागांव, जनपद वाराणसी, उम्र लगभग 21 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से अपहृता को सकुशल बरामद कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

वादी द्वारा 9 मार्च को थाना बड़ागांव पर लिखित सूचना दी गई थी कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री को अभियुक्त द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाया गया। साथ ही वादी द्वारा अभियुक्त के परिजनों से संपर्क करने पर उनके द्वारा गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी गई थी।

प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना बड़ागांव पर अभियोग पंजीकृत कर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर अपहृता को सकुशल बरामद कर लिया गया है। अग्रिम विधिक कार्रवाई चल रही है।

ग्रामप्रधानों, सचिवों, पंचायत सहायकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत मंगलवार को चिरईगांव ब्लॉक सभागार में ग्रामप्रधानों, ग्रामपंचायत सचिवों, पंचायत सहायकों और ग्रामपंचायत सदस्यों का जीपीडीपी, बीपीडीपी, डीपीडीपी का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ।

प्रशिक्षण में उपस्थित लोगों को ग्रामपंचायत विकास योजना, क्षेत्र पंचायत विकास योजना और जिला पंचायत विकास योजना के निर्माण और क्रियान्वयन के तौर तरीकों पर विस्तार पूर्वक जानकारी प्रशिक्षकों द्वारा दी गयी।प्रशिक्षण में उपस्थित ग्रामप्रधानों ने कार्यकाल के अंतिम समय में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाने की बात उठायी।

सहायक विकास अधिकारी पंचायत चिरईगांव कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण में 38-38 ग्रामपंचायतों को आयोजित किया गया।प्रशिक्षक राधेश्याम और लता शर्मा ने सैधांतिक और व्यवहारिक पहलुओं के बारे में जानकारी प्रदान की।

समाज में जागना और जगाते रहना राष्ट्र सेवा की मूल चेतना है-चंद्रसेन तिवारी

बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर
दैनिक समाज जागरण

सत्यदेव डिग्री कॉलेज गाधिपुरम बोरसिया फदनपुर गाजीपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का आज दूसरा दिन रहा जिसमें मुख्य अतिथि चन्द्रसेन तिवारी, प्रधानाचार्य, सत्यदेव इण्टर नेशनल स्कूल गाधिपुरम बोरसिया, गाजीपुर रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ चन्द्रसेन तिवारी के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, के साथ हुई। उन्होंने अपने सम्बोधन में भारतीय परम्पराओं, भारतीय संस्कृति व भारत वर्ष के महान क्रांतिकारियों के अमूल्य योगदानों पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल उद्देश्य को रेखांकित किया तथा अपनी मूल धरोहरों को संरक्षित करने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि समाज में जागना और जगाते रहना राष्ट्र सेवा की मूल चेतना होती है । कार्यक्रम में वक्ता की भूमिका में कमलेश कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर, राजनीतिक विज्ञान, सत्यदेव डिग्री कॉलेज गाजीपुर रहे। तू खुद की खोज में निकल तू किस लिए हताश हैं जैसी ओजस्वी वाणी से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कालेज के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार सिंह ने कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा विद्यार्थियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना कर कार्यक्रम का समापन किया। तत्पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों ने बोरसिया फदनपुर ग्राम में प्रभातफेरी निकाली तथा गांव के हनुमान मंदिर की साफ-सफाई कर गांव वालों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया। कार्यक्रम का संचालन शैलेश आनंद, प्रवक्ता अंग्रेजी, सत्यदेव डिग्री कॉलेज व कार्यक्रम के आयोजनकर्ता, ने किया। कालेज के सम्मानित शिक्षकगणों में डॉ कृपा शंकर सिंह, डॉ मनीष पांडे, डॉ आलोक कुशवाहा, विमलेश सिंह यादव, शैलेंद्र मौर्या, अखिलेश वर्मा, मोती कुमार वर्मा, दिलीप कुमार, डॉ प्रगति मौर्या, रश्मि सिंह आदि मौजूद रहे।

पेस संस्था द्वारा मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह

समाज जागरण
ओंकार नाथ चौधरी

जनपद श्रावस्ती पार्टिसिपेटरी एक्शन फॉर कम्युनिटी एंपावरमेंट (पेस) सामाजिक संगठन द्वारा संचालित चाइल्ड राइट प्रोजेक्ट के तत्वाधान में सिरसिया ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत घोघवा कला के पंचायत भवन में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं अन्य हितधारकों ने प्रतिभाग किया। सर्वप्रथम संस्था के प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर विनोद कुमार पांडेय जी ने संस्था का परिचय दिया एवं कार्यक्रम का संचालन किया एवं अतिथियों का स्वागत किया तथा महिलाओं के अधिकार एवं उनके स्वाभिमान पर चर्चा किया कार्यक्रम में उपस्थित पेस संस्था से कम्युनिटी मोबिलाइजर मनोज कुमार जी ने बताया कि महिलाओं का सशक्तिकरण उन्हें आगे बढ़ाने से होगा एवं समाज में हो रहे बाल विवाह को रोकना होगा तथा बालिका शिक्षा के प्रति जागरूक होना पड़ेगा एवं कम्युनिटी मोबिलाइजर जगदंबा प्रसाद शुक्ला जी ने अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के बारे में विस्तृत जानकारी साझा किया। कार्यक्रम में उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकत्री तारा देवी जी ने बच्चों के पोषण व देखभाल पर विस्तृत जानकारी साझा किया तथा पंचायत सहायक उर्मिला देवी जी ने पंचायत स्तर पर चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दिया। एवं किशोरियों व महिलाओं ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गीत, भाषण प्रस्तुत किया। अंत में पेस संस्था के कम्युनिटी मोबिलाइजर शालिनी त्रिपाठी जी ने सभी को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम में पेस सामाजिक संस्था से प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर विनोद कुमार पांडेय जी,कम्युनिटी मोबिलाइजर मनोज कुमार, शालिनी त्रिपाठी एवं जगदम्बा प्रसाद शुक्ला टीम वॉलंटियर रामनारायण वर्मा एवं सुलोचना वर्मा आंगनवाड़ी कार्यकत्री तारा देवी पंचायत सहायक उर्मिला देवी एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं तथा किशोरियां उपस्थित रहीं।

चंदासी कोयला मंडी की स्वर्ण जयंती मनाया गया

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी।। एशिया की सबसे बड़ी कोयला मंडियों में शामिल चंदासी कोयला मंडी के 50 वर्ष पूरे होने पर स्वर्ण जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर चंदासी कोल ट्रेडर्स एसोसिएशन द्वारा भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मंडी के स्थापना काल से जुड़े वरिष्ठ पदाधिकारियों और व्यापारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बताया कि लगभग 50 वर्ष पहले चंदासी कोल ट्रेडर्स एसोसिएशन के प्रयासों से मंडी की पुनर्स्थापना हुई थी, जिसके बाद यह मंडी लगातार विकास करती हुई एशिया की प्रमुख कोयला मंडियों में शामिल हो गई।

कोल ट्रेडर्स एसोसिएशन के सचिव हरिशंकर सिंह मुन्ना ने बताया कि जब से संगठन बना है तब से कोयला मंडी की मूलभूत समस्याओं पर बार-बार सरकार को अवगत कराया जा रहा है और उम्मीद है कि जल्द ही इन समस्याओं का निवारण होगा।

पिसौर फीडर से सात घण्टे विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। आज 11 मार्च को तरना से निर्गत पिसौर फीडर पर जर्जर तार को बदलने हेतु सुबह 10 बजे से शाम 5:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। पिसौर फीडर के अंतर्गत आने वाले ग्राम जिसमें अहिरान, चमाव, सभईपुर, घमहापुर ,छतरीपुर, चुप्पेपुर , हटिया, घोड़हा, चमाव पश्चिमपुर की आपूर्ति बंद रहेगी।

सम्मानित उपभोक्ताओं से अनुरोध है की सुबह में ही अपने पानी सहित अन्य आवश्यक कार्य निपटाकर सहयोग करने का कष्ट करेंगे।

उक्त आशय की जानकारी एसडीओ श्रीपत तिवारी व दीपू प्रजापति ने दी है।

संयुक्त परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी।। आराजी लाइन विकास खंड के चौखंडी स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्थल से मंगलवार दोपहर 12 बजे पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी विकास पटेल के नेतृत्व में प्रदेशव्यापी संयुक्त परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ किया गया। यात्रा की शुरूआत अम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद यात्रा चौखंडी, भाऊपुर, हरिहरपुर, गोसाईपुर, तिवारीपुर और कपरफोरवां सहित कई गांवों से होते हुए आगे बढ़ी। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर कार्यकताओं और ग्रामीणों ने स्वागत किया। यात्रा का समापन लहिया मेला मैदान में आयोजित जनसभा के रूप में हुआ, जहां बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. गोपाल नाथ वर्मा ने जनसभा को संबोधित करते हुए यात्रा के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह यात्रा सामाजिक जागरूकता, संगठन की मजबूती और पिछड़े वर्ग के अधिकारों को मजबूत करने के उद्देश्य से निकाली जा रही है।

वहीं विशिष्ट अतिथि पूर्व राज्य मंत्री सुरेंद्र सिंह पटेल ने भी सभा में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सामाजिक एकता और विकास के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति के बैठक का आयोजन किया गया

ग्राम पंचायत को बाल श्रम मुक्त बनाने हेतु मिलकर सभी करेंगें प्रयास

समाज जागरण ओंकार नाथ चौधरी

जनपद श्रावस्ती विकास खण्ड इकौना कटरा श्रावस्ती,उत्तर प्रदेश को वर्ष 2026-27 तक पूरी तरह बाल श्रम मुक्त बनाने के माननीय मुख्यमंत्री के विजन को धरातल पर उतारने की दिशा में ग्राम पंचायत कटरा में एक सराहनीय पहल की गई। ग्राम पंचायत कटरा के सचिवालय सभागार में बाल संरक्षण समिति की विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें पंचायत को बाल श्रम मुक्त घोषित किया गया।

बैठक के दौरान मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान (श्रम विभाग) श्रावस्ती से जिला सलाहकार राजेश कुमार ने श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि बच्चों का सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करना पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसी क्रम में ग्राम प्रधान श्री छांगुर प्रसाद ने ग्राम पंचायत कटरा को बाल श्रम मुक्त घोषित किया। यह पहल क्षेत्र में बाल अधिकारों के संरक्षण और बच्चों को शिक्षा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

इस अवसर पर विज्ञान फाउंडेशन के जिला समन्वयक अरविंद जायसवाल तथा ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान के ओंकार नाथ चौधरी ने बाल संरक्षण समिति के सदस्यों को उनके दायित्वों के प्रति जागरूक करते हुए बाल श्रम उन्मूलन के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में नवीन मॉडर्न पुलिस थाना के बाल कल्याण अधिकारी, पंचायत सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकत्री, आशा बहू तथा मिशन से जुड़े कमलेश कुमार द्विवेदी और कु. मीनाक्षी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने गांव से बाल श्रम को जड़ से समाप्त करने का संकल्प व शपथ लिया ।

भारत टैक्सी का शुभारंभ

सहकारिता मंत्रालय सहकारी संस्थाओं को रोजगार सृजन, सामाजिक सुरक्षा तथा जमीनी स्तर पर आर्थिक भागीदारी के प्रभावी साधन के रूप में सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत टैक्सी को मोबिलिटी क्षेत्र में एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में परिकल्पित किया गया है, जिसमें चालकों–जिन्हें सारथी कहा गया है–को स्वामित्व, प्रबंधन और मूल्य सृजन के केंद्र में रखा गया है, जिससे एग्रीगेटर-आधारित मॉडलों के लिए एक स्थायी और सम्मानजनक विकल्प उपलब्ध कराया जा सके। भारत टैक्सी भारत का पहला सहकारी-नेतृत्व वाला राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म है। यह सहकारी क्षेत्र को सुदृढ़ करने और सहकार से समृद्धि के दृष्टिकोण के अनुरूप समावेशी, नागरिक-केंद्रित मोबिलिटी समाधान को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार के निरंतर प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

पंचमुखी हनुमान मंदिर में संगीतमय श्रीराम कथा एवं हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन 23 मार्च से

समाज जागरण जैतहरी

जैतहरी राजेंद्र ग्राम मार्ग पुरानी बस्ती में स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में आगामी 23 मार्च से 2 अप्रैल तक संगीत में श्री राम कथा एवं श्री हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।23 मार्च को विशाल कलश शोभायात्रा,24 मार्च को मंगलवारण, वंदना प्रकरण,25 मार्च को सती चरित्र, शिव पार्वती विवाह,26 मार्च नारद मोह, श्रीराम जन्मोत्सव,27 मार्च को बाल लीला, ताड़का वध, अहिल्या उद्धार,28 मार्च पुष्प उद्यान की घटना, धनुष यज्ञ, श्री सीताराम विवाह,29 मार्च श्रीराम वनगमन, केवट चरित्र,30 मार्च को भरत चरित्र, सीता हरण, जयंत प्रसंग,31 मार्च को शबरी चरित्र, सुग्रीव मैत्री, बाली वध,1 अप्रैल को श्रीराम रावण संग्राम, श्रीराम राज्याभिषेक एवं 2 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव, हवन, भण्डारा, भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा कथा का सायं 4 बजे से प्रारंभ होगा।कथाव्यास श्री वैदेही चरण चंचरीक आचार्य श्री राघवेंद्र दास जी महाराज अयोध्या धाम रहेंगे श्री पंचमुखी हनुमान जन्मोत्सव सेवा समिति, खाक चौक जैतहरी ने समस्त नागरिकों से आवाहन किया है कि इस पुनीत धार्मिक अवसर पर अपनी सहभागिता प्रदान करें।

केलहौरी राधा कृष्ण मंदिर से निकाली गई श्रीमद् भागवत कथा की भव्य शोभा यात्रा

9 मार्च से 17 मार्च तक बहेगी अमृत वर्षा

समाज जागरण

अनूपपुर |जिले के ग्राम पंचायत केलौरी के राधा कृष्ण मंदिर से श्री मद भागवत कथा की शोभा यात्रा सोमवार को दोपहर में भव्य कलश निकाली गई। इस शोभा यात्रा में नगर भर के भगवत प्रेमियों ने पीले पोशाक में सज धज कर निकली । भव्य शोभायात्रा रथ पर पूज्य अनन्या शर्मा और उनके आगे नगर की राधा कृष्ण मंदिर की झांकी, पीछे सिर पर भागवत ग्रंथ लिये भगवत प्रेमी, ग्राम वासी कलश लिये नगर की युवतियों ने नगर की गलियों में जो मनोरम झांकी प्रस्तुत की गई शोभायात्रा राधा कृष्ण मंदिर से निकल कर पूरे गांव होकर राधा कृष्ण मंदिर के दरबार में पहुँच कर राधा कृष्ण के दर्शन कर विधिवत आशीर्वाद लिया। इस शोभायात्रा में जगह जगह लोगों द्वारा स्वागत किया गया। भागवत कथा के प्रथम दिन कथा वाचक सुश्री अनन्या शर्मा ने महात्म परीक्षित व चरित्र का वर्णन किया। कथावाचक ने यह भी कहा कि श्रीमद भागवत कथा का श्रवण पान करने से मनुष्य को पुण्य लाभ की प्राप्ति होती है इसलिए सभी को कथा का श्रवण पान करना चाहिए।

ऊषा कोल के शामिल होने से मजबूत होगा कांग्रेस का हाथ

राजनैतिक चचाओं की सरगमीं बढी

समाज जागरण

बिरसिंहपुर पाली --- बीते दिवस पाली नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष ऊषा कोल ने कांग्रेस में शामिल हो गयी, उन्होंने जिला मुख्यालय उमरिया के पुराने बस स्टैंड में कांग्रेस के किसान , आदिवासी, मजदूर महासम्मेलन में पहुंचे विधा नसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार की गौरव मयी उपस्थित में काग्रेस की सदस्यता ग्रहण की है, जिनका स्वागत कांग्रेस जनो ने पाली नगर में भी बिरासनी देवी मंदिर में किया गया।विदित होवे की ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष की अगुवाई में कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री व पुष्पराजगढ़ के विधायक फून्दे लाल सिंह के साथ ऊषा कोल को लेकर बिरासनी मंदिर पहुच कर पूजा आराधना की। तत्पश्चात कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण के उपलक्ष में गुलदस्ता देते हुए स्वागत किया गया।

ऊषा कोल का राजनैतिक सफर की शुरूआत भारतीय जनता पार्टी से हुआ था, और उन्हें नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष पद की कुर्सी भाजपा की ओर से तोफे में मिली थी। आप नगर पालिका परिषद पाली के अध्यक्ष पद पर पांच साल तक सफलता पूर्वक राज की, लेकिन उनकी कार्य शैली भाजपा के कतिपय कद्दावर नेताओं को राश नहीं आयी और नगरीय निकाय चुनाव में उनकी टिकट भाजपा ने काट दी, जिससे उन्होंने निर्दलीय रूप से पार्षद पद का चुनाव लडा , और उसमें शानदार जीत दर्ज की, लेकिन अध्यक्ष पद पार्षद के मार्फत चुने जाने के कारण वह इस दौड मे शामिल नहीं हुई। नगरीय निकाय चुनाव में अपने साथ हुये घटना क्रम से क्षुब्ध होकर आपने आम आदमी पार्टी की सदस्यता मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के हाथों ग्रहण करते हुए प्रदेश सचिव पद की जिम्मेदारी से नवाजी गयी। इसके साथ ही मानपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक पद पर चुनाव लड़ी, जिसमें उन्हें सफलता नहीं मिली । अब ऊषा कोल के कांग्रेस में शामिल होने के बाद क्षेत्र की राजनीति में क्या बदलाव होगें, यह तो अभी भविष्य के सुनहरे पलों में छिपा है, लेकिन इससे कांग्रेस का हाथ मजबूत होने के आसार साफ तौर पर दिखाई दे रहा है । चूंकि कांग्रेस में फिलहाल महिला नेत्री का जो अकाल छाया था, उससे तो कांग्रेस एक बार फिर समृद्ध हो गयी है

पुलिस ट्रेनिंग स्कूलों में रामचरितमानस, गीता पाठ के बाद अब गूंजेगा दक्षिणामूर्ति स्तोत्र, अधिकारियों ने कहा- इससे हमदर्द बनेंगे आरक्षक

समाज जागरण

भोपाल। मध्य प्रदेश के सभी पुलिस ट्रेनिंग स्कूलों में सुबह दक्षिणामूर्ति स्तोत्र बजाया जाएगा, जो भगवान शिव के सम्मान में एक भजन है। पुलिस मुख्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि इससे ट्रेनिंग ले रहे आरक्षकों में दया और हमदर्दी की भावना आएगी।

मानसिक शांति और ज्ञान के स्त्रोत पर जोरः

पुलिस मुख्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह भजन भगवान शिव के लिए एक गीत है और शिव को सुपर विजडम, मेडिटेशन और नॉलेज के सोर्स के तौर पर दिखाता है। उन्होंने कहा कि भजन बजाने से ट्रेनी और ट्रेनर दोनों को मानसिक शांति मिलेगी।

धार्मिक ग्रंथों के अध्ययन के पूर्व निदेर्शः

इसके पहले एडीजी प्रशिक्षण राजा बाबू सिंह ने निर्देश

दिया था कि ट्रेनिंग ले रहे सभी पुलिस आरक्षकों को श्रीमद्भगवद्गीता पढ़नी होगी। इसी तरह से रामचरितमानस का पाठ पढ़ने के लिए भी आदेश जारी किया था। इनका पालन भी हो रहा है। अब पब्लिक एनाउंसमेंट सिस्टम पर दक्षिणामूर्ति स्तोत्र बजाने के लिए कहा गया है।

* नौरोजाबाद में ओवरलोडिंग ने तोड़ा प्रशासन का दावा

समाज जागरण विजय तिवारी

उमरिया। जिला इन दिनों अवैध ओवरलोड परिवहन का बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। कोयला खदान क्षेत्र से साइडिंग तक दिन में ओवरलोड कोयले से भरे डंपर और ट्रक बिना रोक-टोक सड़कों पर दौड़ते नजर आ रहे हैं। स्थिति यह है कि प्रशासन द्वारा की जाने वाली कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित होकर रह गई है। जानकारों के अनुसार उमरिया जिले जिले की प्रमुख कंचनपुर खदान पिनौरा एवं आसपास की कोयला खदान से नियमों को ताक पर रखकर ट्रांसपोर्टरों द्वारा कोयला परिवहन कराया जा रहा है। शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि कोयले की लोडिंग सीमित तय मात्रा में ही किया जाना चाहिए, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। खुलेआम सड़कों में ओवरलोड कोयले के भारी वाहन दौड़ रहे हैं।

साथ-साथ ओवरलोड रेत परिवहन भी बड़ी समस्या बन चुका है। ग्रामीण और शहरी मार्गों पर क्षमता से कहीं अधिक रेत लादकर वाहन चलाए जा रहे हैं। इससे जहां सड़कें कम समय में जर्जर हो रही हैं, वहीं आम लोगों की जान भी खतरे में पड़ गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि रात के समय तेज रफ्तार ओवरलोड ट्रकों की आवाजाही के कारण हादसों का डर बना रहता है, लेकिन शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही।सूत्रों का आरोप है कि कोयला ट्रांसपोर्टर के नेटवर्क के आगे संबंधित विभाग असहाय नजर आ रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि जिला मुख्यालय में पदस्थ एक सब इंस्पेक्टर द्वारा ट्रांसपोर्टरों से मैनेजमेंट की बात भी की जाती है ।परिवहन विभाग और पुलिस के बीच समन्वय की कमी के कारण अवैध कारोबार निर्बाध रूप से फल-फूल रहा है। कभी-कभार दिखावटी कार्रवाई जरूर होती है, लेकिन उसमें भी छोटे चालकों पर जुमार्ना लगाकर बड़े लोगों को छोड़ दिया जाता है। प्रशासनिक सख्ती का अभाव समझ से परे है ।जिले के नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि ओवरलोड परिवहन के खिलाफ स्थायी और प्रभावी कार्रवाई की जाए।

लावारिस हालत में बंधी गायों को कराया मुक्त, चार गायें दूसरी गौशाला भेजी गई

बजरंग दल ने पहुंचकर आधिकारियों को सूचना दी

पुलिस और राजस्व टीम ने पहुंचकर भूख प्यास तड़फ रही गायों को दूसरी गौशाला भेजा

राजस्व टीम ने पूरे मामले की रिपोर्ट एसडीएम को सौंपी

समाज जागरण संवाददाता निगोहा

लखनऊ निगोहां के हरिहरपुर पटसा स्थित एक निजी गौशाला में अवैध रूप से बंधक बनाकर रखी गई गायों को बजरंग दल की सूचना पर पुलिस और प्रशासन ने मुक्त कराया। मौके पर पहुंची पुलिस और राजस्व विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए चार गायों को छुड़ाकर सुरक्षित दूसरी गौशाला भिजवा दिया। बजरंग दल के रायबरेली जिला सहसंयोजक राजू रावत और सहसंयोजक अंशुपाल ने बताया कि कार्यकताओं को सूचना मिली थी कि हरिहरपुर पटसा स्थित एक गौशाला में कुछ गायों को बंधक बनाकर रखा गया है और उनकी देखरेख भी ठीक से नहीं हो रही है। सूचना मिलने के बाद वे अपनी टीम के साथ मौके मंगलवार मौके पर पहुंचे। वहां चार गायें बंधी मिलीं, जबकि गौशाला परिसर में कुछ गायों के कंकाल भी पड़े पाए गए।इसके बाद निगोहां पुलिस और राजस्व विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस व राजस्व निरीक्षक मौके पर पहुंचे और कार्रवाई करते हुए चारों गायों को मुक्त कराया। बाद में गायों को सुरक्षित लालपुर स्थित दूसरी गौशाला में भिजवा दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार संबंधित गौशाला निजी है। बताया गया कि गौशाला के मालिक ने कुछ दिन पहले इसे लीज पर दे दिया था। लीज पर लेने वाले व्यक्ति ने गौशाला की देखरेख करने वाले कर्मचारी को वेतन नहीं दिया, जिसके चलते वह होली से पहले ही गायों को लावारिस हालत में छोड़कर चला गया।मौके पर मौजूद ग्रामीण लीज पर लेने वाले व्यक्ति और गौशाला के मालिक का नाम नहीं बता सके। प्रशासन का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और दोषियों खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।निगोहा थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने बताया एसडीएम के निर्देश पर राजस्व टीम आई थी पुलिस बल के साथ मौके पर भेजकर गायों को सुरक्षित दूसरी गौशाला भेज दिया गया है।राजस्व टीम रिपोर्ट बनाकर अधिकारियों को भेज दी है।

दूसरों के अधिकार हेतु आवाज बुलंद करने वाला शिक्षक आज स्वंय का अधिकार पाने हेतु कर रहा संघर्ष .

(शिक्षकों को अर्जित अवकाश के नगदीकरण के लाभ से वंचित रखने की हो रही साजिस)

(शिक्षकों को उच्च अधिकारीयों से न्याय की उम्मीद बरकरार)

समाज जागरण

कटनी /लगातार बयालीस वर्षों तक शिक्षा विभाग में अपनी उत्कृष्ट और निर्विघ्न सेवाएं देकर, विगत 30 सितंबर 2025 को शिक्षा विभाग से सेवा निवृत्त हुआ एक दिव्यांग शिक्षक, मार्तण्ड सिंह राजपूत,जो कि कटनी जिला ही नहीं, अपितु प्रदेश स्तर तक के शिक्षकों और कर्म चारियों को उनका वाजिब हक दिलाने में कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। कर्मचारी हितैषी संगठनों में प्रवक्ता और मिडिया प्रभारी जैसे महत्वपूर्ण पद पर रहकर,कर्मचारी हितैषी संगठनात्मक दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए, हर जरूरतमंद कर्मचारियों के हितार्थ सदैव तत्पर रहकर उनकी वास्तविक आवाज बनकर, उन्हें न्याय दिलाने में भी कभी पीछे न रहने वाला ये शिक्षक इन दिनों अपने ही अर्जित अवकाश के लाभ से लाभान्वित होने हेतु दर दर की ठोकरें खाने हेतु विवश है । गौरतलब है, कि सेवानिवृत्त के उपरांत शिक्षकों को पूरे सेवाकाल में 300 दिन के बराबर अर्जित अवकाश के नगदीकरण की पात्रता का उल्लेख शासकीय संहिता में निहित है। बाबजूद इसके इस शिक्षक को उनके ही विभाग के संकुल प्राचार्य,उन्हें उक्त लाभ से वंचित करने हेतु उन सभी आदेशों को उनके सेवा अभिलेख में प्रविष्ठ करने में गुरेज कर रहे हैं, जिनका लाभ शिक्षक को ग्रीष्मकालीन अवकाश का उपभोग न करने की दशा में मिलना चाहिए था। प्रदेश के शिक्षकों को उनके पूरे सर्विस काल में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान जब-जब शासन द्वारा अवकाश को प्रतिबंधित या सीमित कर,शिक्षकों को मुख्यालय छोड़ने पर मनाही सहित शिक्षकों का प्रशिक्षण,शालाओं में मध्यान्ह भोजन कार्यकम का क्रियान्वयन में सहभागिता,विभिन्न परीक्षाओं के आयोजन में उनका संलग्नीकरण सहित किन्ही भी अपरिहार्य कारणों के चलते शिक्षकों को मुख्यालय में रोककर छुट्टियों का लाभ से महरूम किया जाता है,तब-तब शिक्षकों के सेवा पुस्तिका में अर्जित अवकाश की पात्रता से जुड़ी प्रविष्टियां तत्कालीन डी.डी. ओ .(संकुल प्राचार्य)द्वारा अंकित किया जाना शिक्षक का अधिकार ही नहीं,अपितु सक्षम अधिकारी का अपने अधीनस्थ कार्यरत शिक्षक के प्रति दायित्व बनता है ।जाहिर है, कि अवकाश का लाभ न मिलने के कारण, शिक्षकों को उसके बदले अवकाश नगदीकरण की सुविधा से नवाजने का शासकीय नियम शिक्षा विभाग में बनाया गया है ।लेकिन सब धान वाइस पसेरी तर्ज पर संचालित हो रहे कुछेक संकुल केंद्रों में सारी मानवीय संवेदनाओं को दरकिनार कर शिक्षकों को उनके अधिकारों से जिस तरह से एक सोची समझी नीति के तहत उनके ही संकुल के प्राचार्यों द्वारा उन्हें उनके अधिकारों से महरूम कर वित्तीय लाभ से वंचित किया जाता है, वह अपने आप में दूर्भाग्यपूर्ण पहलु है ।यह चलन इन दिनों विशेष कर कटनी जिले के शिक्षा विभाग में कुछ ज्यादा ही चरम सीमा पर नजर आती है ।निसंदेह इस प्रकरण में परेशान हो रहे भुक्तभोगी शिक्षक के विषय में ये कहा जा सकता है, कि लगातार चार दसक से भी अधिक समय तक विभाग को सेवाएं देने वाले शिक्षक ने अपनी दिव्यांगता के बावजूद भी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपने सामर्थ्य के अनुसार शासकीय आदेशों का पालन व वरिष्ठ अधिकारीयों द्वारा समय समय पर सौंपे गये दायित्वों का कर्तव्य निर्वहन उनके द्वारा हर समय पूरी तन्मयता से सुनिश्चित किया जाता रहा है ।लेकिन अर्जित अवकाश के लाभ से जुड़े प्रकरण को उनके सेवा पुस्तिका में अंकित करके अनुमोदन की प्रत्यासा में विभागध्यक्ष के पास भेजने में संस्था प्रधान का ढुलमुल रवैया ने जिले के अधिकारियों के कार्य करने के तरीका और अपने निचले स्तर के छोटे कर्मचारियों के प्रति उनकी जबाबदेही की कलई खोलता है ।इन दिनों यह शिक्षक वेहद हताश व निराश मन से मानसिक तनाव के दौर से अपना सेवा निवृत्ति का जीवन जीने हेतु मजबूर है ।जाहिर है,सेवा निवृत्ति के छः माह का समय गुजरने के बाद भी इस शिक्षक के अर्जित अवकाश से जुड़े प्रकरण को स्वीकृति हेतु उच्च अधिकारीयों तक न भेजा जाना, संकुल प्राचार्य की कर्मचारी विरोधी मानसिकता को स्पष्ट दशार्ता है ।शिक्षक द्वारा अपने अधिकारी को अर्जित अवकाश से जुड़े तमाम ग्रीष्म कालीन अवकाश के समय के, अवकाश प्रतिबंध से जुड़े आदेशों की छाया प्रति संकुल कार्यालय में सेवा समर्पित करने के बाद भी उनके सेवा अभिलेख में अर्जित अवकाश से जुड़ी प्रविष्टियां किसी पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर संबंधित संकुल प्राचार्य द्वारा दर्ज नहीं करने से शिक्षक द्वारा वेहद आक्रोशित मन से शिक्षा विभाग की चल रही मनमानी रुपी क्रिया प्रणाली पर सवालिया निशान खड़ा किया जा रहा है। विगत छः माह से भी अधिक समय से अर्जित अवकाश के नगदीकरण की समस्या से जूझ रहे शिक्षक की भावनाओं को ठेंगा दिखा रहे,अधिकारीयों की कुत्सित मानसिकता पर अफसोस जताते हुए,विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी एन.के.जे.संकुल प्राचार्य की शिक्षक विरोधी मानसिकता, और हठ धर्मिता पर सवाल खड़ा करते हुए, शिक्षक के पक्ष में आवाज बुलंद करने का निर्णय लिये हैं ।बताया गया है,कि शिक्षक द्वारा एन. के. जे. संकुल प्राचार्य से लेकर कलेक्टर कटनी के साथ-साथ स्थानीय जिला तथा विकास खंड शिक्षा अधिकारी तक अपनी आवाज आवेदन पत्रों के माध्यम से पहुंचाई गयी है। किन्तु उच्च अधिकारीयों द्वारा उनके द्वारा प्रेषित पत्रों पर अभी तक कोई संज्ञानात्मक निदान न लिये जाने से शिक्षक आज भी जिला प्रशासन की ओर न्याय की उम्मीद में टकटकी लगाये हुए उनकी ओर आशा भरी निगाहों से निहार रहा है।

शिक्षक ने बताया कि सन1985 से लेकर 2012तक के अर्जित अवकाश उनकी सेवा पुस्तिका में उस समय के तत्कालीन संकुल प्रचार्यों द्वारा सेवा अभिलेख में अंकित किये गये थे। किन्तु 2012 के बाद के अर्जित अवकाश सेवा पुस्तिका में प्रविष्ट न होने की जानकारी,उन्हें तब लगी जब वे बीते माह सितंबर 2025 में सहायक शिक्षक पद से सेवा निवृत्त हुये। उन्होंने 2013 से सेवानिवृत्ति तिथि तक के अर्जित अवकाश अपनी सेवा पुस्तिका में प्रविष्ट कराने हेतु विगत कई माहों से प्रयासरत हैं, किन्तु शिक्षा विभाग के अधिकारीयों की अब्बल दर्जे की संवेदनहीनता ने यह साबित कर रखी है,कि शासन भले ही कमजोर, पिछड़ों और दिव्यांग जनों को न्याय दिलाने में अत्यंत सहानुभूति का रुख अख्तियार करने का दावा करता है, देश की संसद में दिव्यांग विधेयक बिल पास होकर, ऐसे लोगों के हित और सर्वांगीण विकास हेतु सख्त से सख्त कानून भले ही इस देश में निर्मित हो गया हो,लेकिन प्रदेश में कटनी एक ऐसा जिला है,जहाँ जिले के शिक्षा विभाग के अधिकारीयों को इससे कतई कोई फर्क नहीं पड़ता है।

अधिकारीयों के कारनामों से तो यही संकेत मिलता है कि इस जिले में चुन चुन कर ऐसे ही लोगों को चिन्हित करके उन्हें उनके वाजिब हक से महरूम किया जा रहा है, जो दिव्यांगता के बाबजूद भी दूसरों के अधिकारों को दिलाने हेतु अपनी दिव्यांगता को बाधक नही माने। जरूरत है कि पूरे सर्विस काल में पहले कर्तव्य फिर अधिकार की मूलभावना के साथ शिक्षा विभाग की पूरे समर्पण से सेवा करने वाले इस शिक्षक को न्याय दिलाने की कड़ी में जिला कलेक्टर स्वयं सामने आकर इस जरूरतमंद सेवा निवृत्त शिक्षक को राहत प्रदान कर उसे संतुष्ट करें। यहाँ पर सबसे ज्यादा सोचने वाली बात यह भी है, कि जब एक जागरूक, सक्रिय और शिक्षकों -कर्मचारियों का नेतृत्व करने वाले शिक्षक का इस तरह से हाल बेहाल है, तब अन्य साधारण शिक्षक गण, अपना अधिकार प्राप्त करने हेतु इस जिले में कितना माथा पच्ची और जद्दोजेहद के साथ मानसिक तनाव में रहकर अपने सेवानिवृत्ति के बाद वाले दिन गुजारने हेतु मजबूर न हो रहे होंगे ।निसंदेह इस समूचे प्रकरण की जाँच होनी चाहिए तथा दोषी अधिकारी जो अपने कर्तव्यों का सही ढंग से निर्वहन नहीं कर पा रहे हैं,उनकी निष्पक्ष जबाबदेही समाज और शासन के समक्ष तय होना वर्तमान समय की मांग है । ऐसा करने से अर्जित अवकाश के नगदीकरण के लाभ जैसे हकपूर्ण मामले में शिक्षकों के भटकाव पर पूरी तरह से विराम लगाया जा सकेगा,और जिले के सभी सेवा निवृत्त शिक्षकों को उनका वाजिब हक बगैर किसी उलझनऔर भटकाव के उनको समय पर प्राप्त होता रहेगा ।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान - 2026' की मंडल स्तर पर प्रशिक्षण वर्ग हेतु तैयारी बैठक हुई।

समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। भाजपा जिला कार्या लय में आगामी पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान - 2026' की मंडल स्तर पर प्रशिक्षण वर्ग हेतु तैयारी बैठक जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपनी सशक्त विचारधारा और विशिष्ट कार्यपद्धति के कारण अलग पहचान रखती है। समय-समय पर आयोजित होने वाले प्रशिक्षण वर्ग कार्यकताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाने और संगठन की कार्यप्रणाली को और प्रभावी बनाने की सतत प्रक्रिया हैं ।कार्यकर्ता निर्माण, संगठन की मजबूती एवं सक्रियता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण आवश्यक है। पं. दीनदयाल उपा ध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत जिले के समस्त मण्डलों में ऊजार्वान कार्यकताओं से जन हितैषी कार्यों पर विशेष ध्यान देने, संगठन की शक्ति बढ़ाने एवं अन्य महत्वपूर्ण

विषयों को लेकर प्रशिक्षित वक्ताओं द्वारा विचार साझा किये जायेंगे। मण्डल प्रशिक्षण 7 मार्च से 13 अप्रैल तक आयोजित किये जायेंगे। बैठक में डॉ अमित गुप्ता जिला प्रवक्ता / मीडिया प्रभारी , आकाश शर्मा जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा , नीलकमल यादव , शैलेन्द्र सिंह , शशिकला यादव, शिव शंकर शर्मा , राघवेंद्र सिंह पूर्व चेयरमैन , सुरेंद्र सावन झा , पूरन सिंह लोधी, गोपाल कृष्ण सिंह सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

अश्वनी जैन का राज्य अध्यापक पुरस्कार में चयन होने पर माध्यमिक शिक्षा निदेशक लखनऊ ने प्रदान की शुभकामनाएं

समाज जागरण

फिरोजाबाद। प्रदेश के आगरा मण्डल के जनपद फिरोजाबाद के श्री महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज के नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन को मानविकी वर्ग में महामहिम राज्यपाल द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए नामित करने पर शिक्षा निदेशक माध्यमिक लखनऊ के कार्यालय पर शिक्षा निदेशक माध्यमिक डॉ महेन्द्र देव ने उन्हें शुभकामनाएं प्रदान कीं। अश्वनी कुमार जैन को यह पुरस्कार विद्यालय में अपने विषय में विद्यार्थियों के नामांकन बढ़ाने, नागरिक शास्त्र विषय को रुचिकर बनाने, उसमें नवाचार करने नागरिक शास्त्र मेला, भारतीय संसद का निर्माण, संविधान प्रस्तावना पाठ, संविधान क्विज, संविधान पोस्टर प्रतियोगिता, पैनल बोर्ड से वीडियो के माध्यम से अध्ययन, शैक्षिक भ्रमण, टी एल एम से विद्यार्थियों को अध्ययन, विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं में योगदान, महापुरुषों

की जयंती एवं राष्ट्रीय पर्वों पर मंच संचालक की भूमिका का निर्वहन, नगर पालिका परिषद सिरसागंज के स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर की भूमिका में स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन, वृक्षारोपण कार्यक्रम, सड़क सुरक्षा, मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम, आजादी का अमृत महोत्सव, विद्यार्थियों को संसद, चुनाव आदि की जानकारी एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका प्रदान करने के लिए दिया गया है।

डॉ महेन्द्र देव, शिक्षा निदेशक माध्य मिक लखनऊ ने उन्हें शुभकामनाएं प्रदान करते हुए बताया कि जैन कई वर्षों से इस पुरस्कार के प्रतिभागी रहे, वह विज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय हैं।

अश्वनी कुमार जैन ने डॉ महेन्द्र देव, शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिक्षा लखनऊ के साथ समस्त जन प्रतिनिधियों, समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक साथी, विद्यालय की प्रबन्ध समिति, समस्त विद्यालय परिवार, समस्त मीडिया वर्ग का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि काम ही पहचान है, उनका प्रयास सदैव यह रहा है कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ प्रायोगिक और सृजनात्मक अनुभव मिल सके।

प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा के इस्तीफे से भाकियू (भानू) में हलचल , समर्थन में सैकड़ों किसान नेताओं ने छोड़े पद

समाज जागरण संवाददाता निगोहा

लखनऊ भारतीय किसान यूनियन (भानू गुट) में मंगलवार को बड़ा घटनाक्रम सामने आया, जब संगठन के प्रदेश प्रभारी और सक्रिय किसान नेता ऋषि मिश्रा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लाइव आकर अपने इस्तीफे की घोषणा की और संगठन के पदाधिकारियों, कार्यकताओं तथा किसानों को संबोधित करते हुए अपने निर्णय के पीछे की वजह बताई। उनके इस्तीफे की खबर सामने आते ही किसान संगठनों और क्षेत्रीय राजनीति में हलचल तेज हो गई। ऋषि मिश्रा लंबे समय से किसान हितों के लिए सक्रिय रहे हैं और संगठन में प्रदेश प्रभारी के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते रहे। किसान नेता के रूप में उनकी पहचान ऐसे नेता की रही है, जो किसानों की समस्याओं को अपनी समस्या मानकर उनके समाधान के लिए लगातार संघर्ष करते रहे। क्षेत्र के किसान भी अपनी समस्याओं को लेकर अक्सर उनसे संपर्क करते थे और वह लगातार किसानों की आवाज उठाते रहे।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह भी विभिन्न बैठकों और किसान हितों से जुड़े कार्यक्रमों में ऋषि मिश्रा के कार्यों की सराहना करते रहे हैं। हाल ही में 1 से 10 फरवरी तक आयोजित क्रांति किसान पदयात्रा के समापन पर पीजीआई क्षेत्र, लखनऊ के वृंदावन मैदान में किसान महापंचायत का आयोजन किया गया था, जिसमें हजारों किसानों ने भाग लिया था। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में भी ऋषि मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी।

ऋषि मिश्रा ने बताया कि बाराबंकी जनपद के कुछ सक्रिय पदाधिकारियों को प्रदेश अध्यक्ष द्वारा बिना किसी चर्चा के संगठन से निष्कासित कर दिया गया था। इस फैसले को लेकर संगठन के भीतर असंतोष बढ़ गया था। उन्होंने इस मामले को राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह के सामने उठाते हुए निष्कासित किसान नेताओं को बहाल करने का आग्रह किया था ।उन्होंने इस मुद्दे पर संगठन को एक माह का समय दिया था और

कहा था कि यदि निष्कासित पदाधिकारियों को बहाल नहीं किया गया तो वह अपने समर्थक पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ इस्तीफा दे देंगे। निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी जब कोई निर्णय नहीं लिया गया तो मंगलवार को ऋषि मिश्रा ने सोशल मीडिया पर लाइव आकर अपने पद से इस्तीफा देने की घोषणा कर दी।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि उन्होंने हमेशा किसानों के हितों और संगठन की मजबूती के लिए काम किया है, लेकिन जब किसानों और कार्यकताओं की आवाज को नजरअंदाज किया जाने लगा तो उन्हें यह कदम उठाना पड़ा।

ऋषि मिश्रा के लाइव संबोधन के बाद उनके समर्थन में बड़ी संख्या में किसान नेता और पदाधिकारी भी सामने आ गए।

बताया जा रहा है कि सैकड़ों किसान नेताओं, पदाधि कारियों और कार्य कताओं ने सोशल मीडिया पर अपने-अपने इस्तीफे साझा करते हुए ऋषि मिश्रा के प्रति समर्थन जताया।

इस घटनाक्रम के बाद संगठन के भीतर हलचल और तेज हो गई है।

किसानों और कार्यकताओं के बीच आगे की रणनीति को लेकर चचाओं का दौर शुरू हो गया है। वहीं क्षेत्रीय स्तर पर भी इस फैसले को किसान राजनीति के लिहाज से अहम माना जा रहा है।

पेट्रोल भरवाकर बिना पैसे दिए फरार हुआ कार चालक

समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। एक पेट्रोल पंप पर एक कार चालक की दबंगई देखने को मिली। चालक पेट्रोल भरवाने के बाद रुपये दिए बिना ही मौके से फरार हो गया। भागने से पहले उसने पेट्रोल पंप परिसर में कार को फिल्मी अंदाज में तेजी से घुमाया, जिससे वहां मौजूद कर्मचारी बाल-बाल बच गए। थाना दक्षिण क्षेत्र के नगला भाऊ स्थित महावीर वाटिका के पास बने पेट्रोल पंप पर कार चालक ने पहले सामान्य तरीके से पेट्रोल भरवाया। जब भुगतान करने की

बारी आई तो वह अचानक कार को तेजी से घुमाते हुए पंप से निकल गया। मौजूद कर्मचारी चालक की हरकत देखकर स्तब्ध रह गए और कुछ समझ पाते उससे पहले ही वह कार लेकर फरार हो गया। पूरी घटना पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। उसकी लापरवाही से कर्मचारियों की जान भी जोखिम में पड़ गई। पेट्रोल पंप मालिक ने मामले की सूचना पुलिस को दे दी है। थाना प्रभारी दक्षिण योगेंद्र पाल सिंह ने बताया कि पेट्रोल पंप से मिली तहरीर के आधार पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज देख लिया है। आरोपी कार चालक की पहचान कर उसकी तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा।

जल संकट से निपटने के लिए जल संचयन इकाई होगी वरदान साबित :- जिलाधिकारी

समाज जागरण ब्यूरो

सोनभद्र। जिलाधिकारी बद्री नाथ सिंह ने आज कृषि विज्ञान केन्द्र के तत्वा वधान में ग्राम मुसही, रॉबर्ट्सगंज में अग्रणी किसान श्री जय नारायण तिवारी द्वारा स्थापित जल संचयन इकाई का निरीक्षण किये। इस दौरान उन्होंने इकाई की कार्यप्रणाली का अवलोकन करते हुए इसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने कहा कि सोनभद्र जैसे जिले में, जहाँ अक्सर जल संकट के कारण किसानों की फसलों की उपज प्रभावित होती है और पेयजल की समस्या भी बनी रहती है, वहाँ इस प्रकार की जल संचयन इकाइयाँ किसानों के लिए बेहद उपयोगी और लाभकारी सिद्ध होंगी। उन्होंने कहा कि वर्षा जल का

संरक्षण कर उसे खेती और अन्य आवश्यक कार्यों में उपयोग करना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में इस प्रकार की जल संचयन इकाइयों की स्थापना को प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक किसान इसका लाभ उठा सकें और जल संकट से राहत मिल सके। इस अवसर पर उन्होंने खेतों में लगी बागवानी तथा विभिन्न फसलों का भी निरीक्षण किया और किसान की पहल की सराहना की। इस मौके के पर के0वी0के0 वैज्ञानिक डॉ0 रश्मि सिंह, अवधेश कुमार, संस्था के प्रत्यूष त्रिपाठी उपस्थित रहे।

सोनभद्र पुलिस को IGRS पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में प्रदेश में मिला प्रथम स्थान

जनपद के सभी 22 थानों ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

समाज जागरण ब्यूरो

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में उत्तर प्रदेश सरकार के IGRS पोर्टल पर माह फरवरी 2026 में प्राप्त जनमानस की शिकायतों को नियत समय में गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के लिए सोनभद्र पुलिस प्रदेश में अव्वल रहकर कुल 100 अंक में से 100 अंक प्राप्त किया। समय-समय पर अधिकारियों द्वारा समीक्षा कर आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में आ रही कमियों को दूर किया गया तथा आईजीआरएस सेल में नियुक्त कर्मियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। शासन के मंशानुरूप अधिक लगन व मेहनत से शिकायतों का गुण वत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण किया गया तथा सोनभद्र पुलिस आगे भी प्रत्येक क्षेत्र में इसी तरह से निरंतर कार्य करती रहेगी। जनपद के सभी 22 थानों ने भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के थानों की रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किए हैं ।पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, अभिषेक वर्मा द्वारा IGRS में कार्य कर रहे सभी पुलिसकर्मियों की सराहना की गयी।

शॉर्ट सर्किट से जनरल स्टोर के दुकान में लगा आग, जलकर लाखों का हुआ नुकसान

समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरि

डाला/ सोनभद्र। स्थानीय डाला बाजार में शॉर्ट सर्किट होने से जनरल स्टोर व दोना पत्तल के गोदाम में लगा भीषण आग, घंटों कड़ी मस्कत से फायर ब्रिगेड के कमीर्यों ने आग पर काबू पाया लाखों का समान जलकर हुआ राख मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार को तड़के सुबह डाला बाजार मेन मार्केट में कटरा स्वामी स्वर्गीय गिरिजा पंडीत के किरायेदार बिंदू केशरी के जनरल स्टोर व दोना पत्तल के गोदाम में बंद शटर के अंदर अज्ञात कारण वश आग लग गई वह धिरे धिरे आग धू धू जलकर आग लग गया और आग विकराल रूप ले लिया जिसे आस पास के लोगों की नजर पड़ी और देखते देखते स्थानीय लोगों की भीड़

इकट्ठा हो गए दुकान मालिक बिंदु केसरी ने बताया कि हमको जाना था बनारस बाजार करने जो की 65000 नगद और लगभग 12 लाख रुपए का नुकसान हुआ है जिसके उपरांत स्थानीय लोगों ने तत्काल चोपन पुलिस डाला चौकी व फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची डाला पुलिस और फायर ब्रिगेड के मदद से घंटों कड़ी मस्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका है तब तक जनरल स्टोर व दोना पत्तल के गोदाम में रखा हुआ डी फ्रिजर, फ्रीज काउंटर समेत लाखों का सारा समान जलकर राख हो गया। वहीं डाला पुलिस चौकी की पुलिस ने जांच में जुटी हुई है।

अज्ञात वाहन के टक्कर से बाइक चालक गंभीर रुप से घायल, हुआ रेफर

समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरि

डाला/ सोनभद्र। ओबरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बगवनवा के पास अज्ञात वाहन के टक्कर से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से हो गये मंगलवार सुबह को अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों के सहायता से घायल को उपचार के लिए चोपन अस्पताल भेजवाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक गुंजन सिंह 25 वर्षीय पुत्र राजेंद्र प्रताप निवासी हाइडिल कॉलोनी चोपन व सचिन कुमार 17 वर्षीय पुत्र इंद्रेश कुमार निवासी हाइडिल कॉलोनी चोपन जो कि ओबरा से बाइक द्वारा चोपन जा रहे थे जैसे ही बगवनवा के कि अज्ञात वाहन के टक्कर होने से दोनों घायल हो गए स्थानीय लोगों ने तत्काल एंबुलेंस द्वारा चोपन अस्पताल भेजा गया डॉक्टर ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल

रेफर कर दिया।

ओबरा-चोपन खनन क्षेत्रों और क्रेशर इकाइयों को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग माना जाता है। इस मार्ग से दिन-रात भारी वाहनों का आवागमन होता है, लेकिन सड़क की नियमित सफाई और रखरखाव के अभाव में स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। सड़क के दोनों पटरियों पर धूल, मिट्टी, बालू और गिट्टी की मोटी परत जमा हो चुकी है। कई स्थानों पर यह परत लगभग एक-एक मीटर तक फैल गई है, जिससे सड़क की वास्तविक चौड़ाई भी कम हो गई है और आवागमन जोखिमपूर्ण बन गया है ।स्थानीय लोगों के अनुसार सूखे मौसम में यही धूल हवा में उड़कर आसपास के क्षेत्रों में प्रदूषण फैलाती है, जिससे पैदल चलने वाले और दोपहिया वाहन चालकों को भारी परेशानी होती है। वहीं बरसात के समय यही धूल-मिट्टी कीचड़ में बदल जाती है और सड़क पर फिसलन बढ़ने से दुर्घटनाओं की आशंका और बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों कहना है कि यदि दोनों पटरिया साफ हो जाए तो दुर्घटना कम हो सकता है।

डीजल पेट्रोल रिटेल आउटलेट गैंस एजेन्सी के संचालक प्रतिष्ठानों पर जमाखोरी में संलिप्त एजेन्सी संचालको के विरूद्ध होगी कड़ी कार्यवाही:- जिलाधिकारी

समाज जागरण ब्यूरो

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने अवगत कराया है कि वर्तमान में अंतराष्ट्रीय स्तर पर उत्पन्न परिस्थितियों के दृष्टिगत जनपद के सभी डीजल/पेट्रोल रिटेल आउटलेट एवं गैस एजेन्सियों के संचालको को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने प्रतिष्ठानों पर पेट्रोल डीजल एवं एल0पी0जी0 गैस सिलेण्डरों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। कृत्रिम अभाव की स्थिति उत्पन्न कर किसी भी दशा में शून्य स्टाक का प्रदर्शन न किया जाये। इसे सम्बन्धित रिटेल आउटलेट/पेट्रोल पम्प एवं गैस एजेन्सियों के संचालक सुनिश्चित करेंगे। अंतराष्ट्रीय स्तर पर उत्पन्न

परिस्थितियों की आड़ में किसी भी रिटेल आउटलेट/पेट्रोल पम्प के संचालक एवं गैस एजेन्सियों के संचालको द्वारा डीजल/पेट्रोल एवं एलपीजी गैस का स्वयं जमाखोरी नहीं करेंगे न तो इसे किसी भी दशा में बढ़ावा देंगे ऐसे कृत्यों में संलिप्त डीजल आउटलेट/पेट्रोल पम्प के संचालक एवं गैस एजेन्सियों के संचालको के खिलाफ कठोर विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। यह भी सुनिश्चित किया जाना है कि उपभोक्ताओं से निर्धारित मूल्य से अधिक एवं मात्रा से कम पेट्रोलियम उत्पाद की बिक्री न किया जाये। तेल कम्पनियों आईओसीएल / बीपीसीएल / एचपीसीएल के क्षेत्रीय समन्वयक इस निदेर्शों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। जिला पूर्ति अधिकारी सोनभद्र तेल कम्पनियों से समन्वय बनाकर आवश यक कार्यवाही सुनिश्चित करेगें और जनपद के पेट्रोल पम्प गैस एजेन्सी का निरीक्षण सुनिश्चित करायेगें।

बसपा बाबा साहेब के सामाजिक न्याय, समानता और संवैधानिक अधिकारों के सिद्धांतों पर चलने वाली पार्टी:- कृष्ण कुमार गिरी

- •~डिबुलगंज अनपरा में 11 मार्च को होगी बसपा की अहम बैठक
- •~बैठक में "लखनऊ चलो महारैली" की रणनीति पर चर्चा तथा चुनावी प्रक्रिया पर होगा मंथन
- •~आयोजित बैठक में भाजपा, सपा एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता होंगे बसपा में शामिल

समाज जागरण ब्यूरो

सोनभद्र। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के बैनर तले विधानसभा ओबरा 402 की एक अहम बैठक 11 मार्च 2026, बुधवार को दोपहर 2बजे से डिबुलगंज अनपरा स्थित रामलीला मैदान में आयोजित की जाएगी। बैठक की देखरेख जोन प्रभारी सत्यप्रकाश जायसवाल एवं सह जोन प्रभारी मनोज भारती करेंगे।इस बैठक में सेक्टर रेहटा, रेनुसागर, अनपरा, अनपरा बाजार, डिबुलगंज, खजुरा, रणहोर, सिद हवा, पार्टी, सेक्टर कमेटी, भाईचारा कमेटी, पिछड़ा मोर्चा, विधानसभा कमेटी, विधानसभा प्रभारी तथा जोन प्रभारी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं की उपस्थिति अनिवार्य मानी गई है। बैठक का मुख्य उद्देश्य बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक मा.कांशीराम जी के जन्मदिन पर लखनऊ में आयोजित "लखनऊ चलो, लखनऊ चलो विशाल महारैली" को सफल बनाने की रणनीति पर विचार-विमर्श करना है। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि बसपा मिजार्पुर मंडल के मुख्य मंडल प्रभारी पन्नालाल भारती मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन विधानसभा महासचिव सत्येंद्र भारती एवं

विधानसभा कोषाध्यक्ष संयमलाल खरवार करेंगे। इस बैठक में दर्जनों भाजपा, सपा एवं कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता व पदाधिकारी बसपा का दामन थामेंगे और पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे। इस बैठक में विधान सभा सचिव ओबरा भगवती प्रसाद अग्रहरी, जोन प्रभारी कमला सिंह कुशवाहा वामसेफ सहसंयोजक अभ्यंत कुमार सिंह, जोन प्रभारी सत्य प्रकाश जायसवाल, विधानसभा संयोजक पिछड़ा मोर्चा राजकुमार यादव उर्फ राजू यादव मौजूद रहेंगे।

इस आशय की जानकारी देते हुए विधानसभा ओबरा 402 अध्यक्ष कृष्ण कुमार गिरी उर्फ "टाम बाबा" ने बताया कि यह बैठक संगठन को मजबूती देने, क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करने और राजनीतिक दिशा तय करने के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है।बैठक को संगठनात्मक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है, उन्होंने कार्यकताओं और समर्थकों से अपील की कि वे समय पर उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाएं।बसपा के लगातार हो रहे बैठक, शक्ति प्रदर्शन और कार्यक्रमों से यह स्पष्ट हो रहा है कि पार्टी सोनभद्र जनपद में दोबारा अपनी जड़ें मजबूत कर रही है और आने वाले समय में एक बड़ी राजनीतिक चुनौती पेश कर सकती है। कार्यकताओं में इसको लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस बैठक में जनसंपर्क अभियान को तेज करने तथा क्षेत्रीय जनसमस्याओं को लेकर पार्टी की सक्रियता बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। साथ ही सामाजिक समरसता, बहुजन एकता और सर्व समाज के विश्वास को मजबूत करने की रणनीति भी तय की जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष कृष्ण कुमार गिरी उर्फ "टाम बाबा" ने कहा कि यह बैठक संगठन की मजबूती और आगामी चुनावों की तैयारियों के लिहाज से निर्णायक साबित होगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पार्टी कार्यकर्ता एकजुट होकर मैदान में उतरेंगे और जनता के मुद्दों को लेकर संघर्ष करते हुए विरोधियों को मुंहतोड़ जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि बसपा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के सामाजिक न्याय, समानता और संवैधानिक अधिकारों के सिद्धांतों पर चलने वाली पार्टी है, जो सर्व समाज को जोड़ती है।

आदिवासी की जमीन कब्जा करने वाले पिता-पुत्रों के विरुद्ध दर्ज होगी एफआईआर

- विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट, सोनभद्र कोर्ट ने चोपन इंस्पेक्टर को दिया आदेश

- सीओ करेंगे मामले की विवेचना, कोर्ट को परिणाम से अवगत कराना होगा

समाज जागरण ब्यूरो

सोनभद्र। आदिवासी की जमीन कब्जा करने वाले पिता-पुत्रों के विरुद्ध विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट सोनभद्र आबिद शमीम की अदालत ने सोमवार को चोपन इंस्पेक्टर को एफआईआर दर्ज कर

सीओ से मामले की विवेचना कराने व परिणाम से कोर्ट को अवगत कराने का आदेश दिया है। यह आदेश मनतोरा देवी पत्नी राम सिंह निवासी कोटा, थाना चोपन, जिला सोनभद्र द्वारा अधिवक्ता सीपी द्विवेदी एवं आनंद ओझा एडवोकेट के जरिए दाखिल 173(4) बीएनएसएस के प्रार्थना पत्र पर कोर्ट ने दिया है। दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि वह अनुसूचित जनजाति की महिला है। उसकी सम्पत्ति को हड़पने के आशय से पिता-पुत्रों क्रमशः कामेश्वर जायसवाल, अनिल जायसवाल व सुनील जायसवाल निवासी कोटा, थाना चोपन, जिला सोनभद्र द्वारा 3 जुलाई 2008 को पांच-पांच रुपये के स्टाम्प पर टाईप शुदा फर्जी कागजात तैयार करके उसकी माता फुलेसरी का फर्जी अंगूठा निशान लगा लिया गया। जबकि उसकी मां अनुसूचित जनजाति गोड़ जाति की है। जब उसने 11 जनवरी 2026 को सायं 4-5 बजे पिता-पुत्रों से शिकायत की तो पिता-पुत्रों ने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करके गालियां देते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी तथा फर्जी व कूटरचित कागजात के आधार पर उसकी भूमि पर कब्जा कर लिया गया। इसकी सूचना थाने पर दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। रजिस्टर्ड डाक से एसपी सोनभद्र को सूचना दी गई, फिर भी कोई सुनवाई नहीं हुई। तब मजबूर होकर न्यायालय में न्याय के लिए आना पड़ा।

मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने गम्भीर अपराध मानते हुए, मामले की विवेचना कराया जाना आवश्यक माना। कोर्ट ने चोपन इंस्पेक्टर को एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना सीओ से करवाने व परिणाम से न्यायालय को अवगत कराने का आदेश दिया है।

रोरवा ग्राम पंचायत के विकास कार्यों की जाँच 12 मार्च को निर्धारित , ग्रामीणों की निगाहें जाँच कमेटी पर टिकी

समाज जागरण ब्यूरो

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश -जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सोनभद्र नरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्रांक संख्या 630/ पि.व.क./2025-26 के माध्यम से अवगत कराया है कि ग्राम पंचायत रोरवा, विकास खण्ड कोन द्वारा कराये गये कार्यों की जाँच के संबंध में जिलाधिकारी सोनभद्र के कार्यालय पत्राक 3644/पं0-7/शिकायत/जॉच/2025-26 दिनाक 28.01.2026 द्वारा ग्राम पंचायत रोर वा विकास खण्ड कोन द्वारा कराये गये कार्यों की जाँच हेतु जिला पिछडा वर्ग
कल्याण अधिकारी, सहायक अभि

यन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, सोनभद्र एवं लेखा परीक्षक सहकारी समितियां एवं पंचायते, सोनभद्र की समिति का गठन किया गया है।
पूर्व में पत्र संख्या 524 दिनांक 09 फरवरी 2026 पत्र संख्या 581 दिनांक 21 फरवरी 2026 एवं पत्र संख्या 617 दिनांक 05 मार्च 2026 के क्रम में जाँच हेतु आवश्यक अभिलेख यथाशीघ्र कैशबुक, मस्टररोल, स्टाक रजिस्टर, कार्य आदेश रजिस्टर ग्राम सभा की खुली बैठक में प्रस्ताब रजिस्टर, कार्य अनुमोदन रजिस्टर, स्वीकृति योजना रजिस्टर चेक जारी का रजिस्टर, कार्य कराने का आर्डर बुक, बाउचर फाइल रजिस्टर, ग्राम सभा का सम्पत्ति रजिस्टर इत्यादि अन्य सुसंगत अभिलेख एक साथ संकलित कर सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) कोन के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी / समिति को उपलब्ध कराने हेतु पत्र प्रेषित किया गया था। परन्तु 09 मार्च 2026 तक उक्त अभिलेख प्राप्त नहीं कराये गये है। उक्त शिकायत के क्रम में दिनांक 12.03.2026 को जांच समिति द्वारा उक्त शिकायत की स्थलीय जाँच की जायेगी।

उक्त के दृष्टिगल सम्बन्धित ADO (पंचायत) को जाँच के समय उक्त समस्त अभिलेखों के साथ स्वयं उपस्थित रहकर जाँच कराने में सम्यक सहयोग हेतु निर्देशित किया है। जाँच के क्रम में शिकायतकताओं ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते कहा कि जाँच में सुरक्षा की दृष्टिकोण से पुलिस बल की आवश यकता है जहाँ किसी भी प्रकार की जाँच प्रभावित न हो और प्रधान प्रतिनिधि को जाँच से पृथक रखा जाए क्योंकि वे ग्राम पंचायत में शिक्षा मित्र के रूप में कार्यरत हैं।

सस्ते श्रृंगार की सामग्री बेचने के नाम पर ऑनलाइन धोखाधड़ी करने वाले 03 अभियुक्त गिरफ्तार

समाज जागरण ब्यूरो

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के पर्यवेक्षण व कुशल निर्देशन में साइबर क्राइम थाना/ साइबर सेल सोनभद्र द्वारा एनसीआरपी पोर्टल एवं प्रतिबिम्ब पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित कार्यवाही की गई

उक्त क्रम में दिनांक 27.02.2026 को शिकायतकर्ता गोविन्द कुमार पुत्र मुन्नीलाल निवासी नोडिहा थाना कोन जनपद सोनभद्र द्वारा एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई कि उनके चाचा आशीष कुमार पुत्र बुद्धी नारायण रामगढ़ थाना कोन जो रामगढ़ बाजार में टेलर का कार्य करते हैं, उनके साथ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा सस्ते श्रृंगार की सामग्री बेचने के नाम पर लगभग ₹85,000/- की धोखाधड़ी कर ली गई, जिसमें ₹20,000/- यूपीआई के माध्यम से तथा शेष नकद धनराशि ली गई।

प्रकरण के संबंध में साइबर क्राइम पुलिस थाना सोनभद्र पर मु0अ0सं0-07/2026 धारा 318(4) बीएनएस व 66डी आईटी एक्ट पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान साइबर सेल के तकनीकी सहयोग से प्रतिबिम्ब पोर्टल, सीसीटीवी कैमरों व संदिग्ध मोबाइल नंबरों के विश्लेषण के आधार पर घटना में प्रयुक्त एर्टिगा कार का नंबर चिन्हित किया गया। दिनांक 09.03.2026 को सूचना प्राप्त होने पर साइबर क्राइम पुलिस थाना की टीम द्वारा उक्त एर्टिगा कार को पकड़ते हुए 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर, अग्रेतर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

थाना ओबरा पुलिस द्वारा 01 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार

समाज जागरण ब्यूरो

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार

के निर्देशन में थाना ओबरा पुलिस द्वारा दिनांक 09.03.2026 को एक अभियुक्त के कब्जे से 01 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा, व एक मोटरसाइकिल (UP64AY8602) बरामद कर गिरफ्तार किया गया । इस संबंध में थाना ओबरा पर मु0अ0सं0 46/2026 धारा 8/20 NDPS Act पंजीकृत कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है। बरामद मोटरसाइकिल को धारा 207 एमवी एक्ट के अंतर्गत सीज किया गया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त- प्रमोद कुमार प्रजापति पुत्र नागेश्वर प्रजापति, निवासी-खैरटिया, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र।

थाना दुद्धी पुलिस ने साइबर फ्रॉड के पीड़ितों के ₹15,703/- रुपये कराए वापस

समाज जागरण ब्यूरो

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (आपरेशन) अनिल कुमार के दिशा-निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय के कुशल नेतृत्व में थाना दुद्धी की साइबर टीम द्वारा साइबर फ्रॉड के दो पीड़ितों की धनराशि वापस कराई गई। आवेदिका मीना देवी पत्नी राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम मझौली थाना दुद्धी के खाते से अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोबाइल नंबर के माध्यम से ₹60,000/- की धोखाधड़ी कर ली गई थी, जिसकी शिकायत NCRP

पोर्टल पर पंजीकृत की गई थी। शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करते हुए संबंधित बैंकों से पत्राचार व न्यायालय के आदेशानुसार कार्यवाही कर ₹12,703/- रुपये आवेदिका को वापस कराए गए। इसी प्रकार कुमारी रशिदा इकबाल पत्नी मुनीर कुरैशी निवासी दुद्धी थाना दुद्धी से नौकरी दिलाने के नाम पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा ₹58,450/- की धोखाधड़ी की गई थी। शिकायत पर आवश्यक साक्ष्य संकलित कर संबंधित पक्ष से समन्वय स्थापित करते हुए ₹3,000/- रुपये आवेदिका को वापस कराए गए। दोनों मामलों में कुल ₹15,703/- रुपये सफलतापूर्वक वापस कराए गए। पीड़ितों द्वारा पुलिस टीम की सराहना की गई।

बेटी ने अपने पिता पर लगाया दुष्कर्म का गंभीर आरोप, मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी पुलिस

समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी

चोपन/ सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र में एक पिता पर अपनी बेटी से दुष्कर्म का गंभीर आरोप लगा है। यह घटना रविवार शाम को सामने आई, जब बेटी ने पुलिस को आपबीती सुनाई। पुलिस ने आरोपी पिता के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के अनुसार, रविवार शाम को उसके पिता उसे दवा दिलाने के बहाने घर से ले गए थे। रास्ते में चोपन थाना क्षेत्र के बग्घानाला के पास एक सुनसान वन क्षेत्र देखकर उन्होंने बेटी के साथ जबरन दुष्कर्म किया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। आरोपी की पहचान लगभग 50 वर्षीय गंगा दयाल यादव पुत्र स्वर्गीय शिवपूजन यादव के रूप में हुई है। उसके 6 बच्चे है। वह मूल रूप से बिहार के कैमूर भभुआ जिले के गौरा थाना क्षेत्र का निवासी है। वर्तमान में वह सोनभद्र के रामगढ़ थाना क्षेत्र में काली मंदिर के पास रहता है और ओबरा इलाके में गल्ला बेचने का काम करता है। पीड़िता ने किसी तरह हिम्मत जुटाकर पुलिस को घटना की जानकारी दी। चोपन थाना पुलिस ने तत्काल पीड़िता की शिकायत के आधार पर आरोपी पिता के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर



लिया। पुलिस ने पीड़िता से विस्तृत पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पीड़िता की माँ का निधन कई साल पहले हो चुका है। आरोपी पिता ओबरा नगर में एक छोटा सा व्यापार करता था और अपनी बेटी का पालन-पोषण अपने साथी के साथ करता था। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है। पुलिस अधिकारियों ने दावा किया है कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

तेल की नरम धार, बाजार में आया सुधार; सेंसेक्स 640 अंक उछला

शेयर बाजार पिछले सत्र में 10 महीने के निचले स्तर तक गिरने के बाद मंगलवार को तेजी से ऊपर उठे। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और खाड़ी युद्ध जल्द समाप्त होने की उम्मीदों ने बाजार को मजबूती दी। बेंचमार्क सेंसेक्स 640 अंक यानी 0.8 फीसदी बढ़कर 78,206 पर बंद हुआ जबकि निफ्टी 234 अंक यानी 1 फीसदी बढ़कर 24,262 पर टिका। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण करीब 6 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 447 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। अमेरिकी राष्ट्रपति के यह संकेत देने के बाद कि ईरान में सैन्य अभियान उनकी पहले की चार से पांच सप्ताह की समयसीमा से पहले ही खत्म होने की दिशा में बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि वह तेहरान के साथ बातचीत के लिए तैयार हो सकते हैं। इन सबसे बाजार में निवेशकों का मनोबल बढ़ा। प्रमुख उत्पादकों के आपूर्ति में कटौती करने और खाड़ी में बढ़ते तनाव से शिपिंग में बाधा की आशंकाओं के कारण सोमवार को ब्रेंट क्रूड की कीमतें 116.8 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थी, लेकिन बाद में घटकर लगभग 90 डॉलर प्रति बैरल रह गईं। वैश्विक तेल आपूर्ति का लगभग पांचवां हिस्सा ढोने वाला होर्मुज रास्ता पूरी तरह से बंद हो गया है, जिससे भारत जैसे प्रमुख आयातक देशों की चिंता बढ़ गई है एशियाई बाजारों में भी तेजी देखी गई क्योंकि तेल की कीमतों में गिरावट से मुद्रास्फीति और आर्थिक व्यवधान को लेकर चिंताएं कम हुईं। बाजार के उतार-चढ़ाव बताने वाला सूचकांक इंडिया वीआईएक्स 19.08 फीसदी गिरकर 18.9 पर आ गया।

साइकिल चोरी के आरोप में युवक की बुरी तरह पिटाई, पुलिस जांच में जुटी

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

किशनगंज। शहर के अस्पताल रोड पर मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब साइकिल चोरी के आरोप में एक युवक को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक कथित रूप से एक साइकिल चुराने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान आसपास मौजूद लोगों की नजर उस पर पड़ गई और लोगों ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया।

देखते ही देखते वहां भीड़ इकट्ठा हो गई और गुस्साए लोगों ने युवक की जमकर पिटाई कर दी। भीड़ द्वारा की गई मारपीट में युवक बुरी तरह घायल हो गया। बताया जाता है कि काफी देर तक लोगों ने उसकी पिटाई की, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह युवक को भीड़ के चंगुल से छुड़ाया। इसके बाद घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल युवक से पूछताछ की जा रही है और घटना के संबंध में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

नबीनगर के मध्य विद्यालय लेंबोखाप के छात्राओं का दल शैक्षणिक परिभ्रमण पर

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) मंगलवार को मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण योजना के तहत नबीनगर प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय लेंबोखाप के 35 छात्र/छात्राओं का दल ऐतिहासिक स्थल उमगा और बोधगया के लिए रवाना

हुए। परिभ्रमण दल दल को पिपरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अनील कुमार सिंह उर्फ पिंटू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि ने कहा कि बोधगया और उमगा में शैक्षणिक परिभ्रमण का उद्देश्य छात्रों को ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व के स्थलों का प्रत्यक्ष अनुभव कराना है। इससे छात्रों को इन स्थलों के बारे में जानकारी प्राप्त होगी और उनका बौद्धिक और मानसिक विकास होगा । वहीं छात्रों के दल का नेतृत्व कर रहे प्रधानाध्यापिका अनीता कुमारी ने बताया कि बोधगया में छात्र महाबोधि मंदिर, बोधि वृक्ष, और अन्य ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करेंगे, जबकि उमगा में वे सूर्य मंदिर और अन्य धार्मिक स्थलों का भ्रमण करेंगे। इससे छात्रों को इन स्थलों के ऐतिहासिक, भौगोलिक और सांस्कृतिक महत्व के बारे में जानकारी मिलेगी ।परिभ्रमण दल में विद्यालय के शिक्षिका प्रेमा कुमारी,कुंती कुमारी और पूजा कुमारी शामिल है।

पटना में दवा दुकानदार पर कैंची से हमला

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के बख्तियारपुर में अपराध की एक और घटना सामने आई है, जहां एक दवा दुकानदार पर अज्ञात व्यक्ति ने कैंची से हमला कर दिया। इस हमले में दुकानदार घायल हो गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार यह घटना बख्तियारपुर के स्टेशन रोड स्थित प्रकाश मेडिकल नामक दवा दुकान की है। बताया जा रहा है कि दुकान के मालिक प्रशांत कुमार अपनी दुकान पर मौजूद थे। इसी दौरान एक व्यक्ति वहां पहुंचा और अचानक उन पर कैंची से हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले से दुकानदार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों ने घायल दुकानदार को संभाला और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। घायल दुकानदार को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही बाढ़ के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आयुष श्रीवास्तव भी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की और घटना से जुड़े तथ्यों को जुटाने का प्रयास किया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह मामला पैसों के लेन-देन से जुड़े विवाद से संबंधित प्रतीत हो रहा है। हालांकि पुलिस अभी सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि हमलावर की पहचान करने और उसे गिरफ्तार करने के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। पुलिस द्वारा आसपास लगे निगरानी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि हमलावर के बारे में कोई सुराग मिल सके। इसके अलावा घटना के समय दुकान के आसपास मौजूद लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाओं से इलाके में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। लोगों ने प्रशासन से अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस का यह भी कहना है कि किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल घायल दुकानदार का इलाज जारी है और उनकी स्थिति पर चिकित्सकों की नजर बनी हुई है।

सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल, भेजा गया अस्पताल

पंकज कुमार पाठक, समाज जागरण

पदमाः पदमाझ्इटखोरी रोड पर लाटी मोड़ के समीप मंगलवार दोपहर करीब एक बजे सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल (संख्या 02 बी सी 1470) हजारीबाग की ओर तेज रफ्तार से जा रही थी। इसी दौरान लाटी टर्निंग के पास बाइक अचानक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में चालक समेत बाइक पर सवार दूसरा युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।





घटना के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही पदमा थाना के एएसआई मोतीलाल देशवाली घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस बुलाकर दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। समाचार लिखे जाने तक घायलों की पहचान नहीं हो सकी थी।

रामनवमी पर वीर शिवाजी सेना निकालेगी भव्य शोभायात्रा, तैयारियों का हुआ शंखनाद

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।

रामनवमी महोत्सव के उपलक्ष्य में वीर शिवाजी सेना राष्ट्रसेवी संगठन द्वारा भव्य शोभायात्रा की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मंगलवार को शहर के खगड़ा स्टेडियम रोड स्थित हनुमान मंदिर में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना, दीप प्रज्वलन और ध्वज पूजन कर आयोजन का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस मौके पर संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने भगवान श्रीराम की आराधना करते हुए शोभायात्रा की सफलता के लिए प्रार्थना की।

संगठन के अध्यक्ष सुमित साहा ने बताया कि आगामी 26 मार्च को रामनवमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा खगड़ा काली मंदिर (मछमरा) से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों से गुजरते हुए गौशाला स्थित शिव मंदिर धाम में संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि इस बार शोभायात्रा को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। यात्रा के दौरान आकर्षक झांकियां, भक्ति गीत और जय श्रीराम के जयघोष से पूरा शहर भक्तिमय माहौल में डूबा रहेगा। संगठन मंत्री इंद्रजीत कुमार ने जिलेवासियों को इस आयोजन में शामिल होने का आमंत्रण देते हुए कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी वीर शिवाजी सेना राष्ट्र और धर्म के प्रति समर्पण की भावना के साथ इस आयोजन को संपन्न करने जा रही है। उन्होंने सभी रामभक्तों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शोभायात्रा को सफल बनाने की अपील की।

इस अवसर पर संगठन विस्तारक संतोष गुप्ता, संजीत, आदित्य, अभय, कृष्णा, अंकित, उदय, तरुण, चेतन, कोमल, श्रुति, पिया, लक्ष्मी, कुसुम, मुस्कान, टुम्पा और रिचा सहित संगठन के कई अन्य सदस्य मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने मिलकर आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा की और तैयारियों को अंतिम रूप देने का संकल्प लिया।

पटना में मंदिर से आभूषण की चोरी मामले में एक गिरफ्तार

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के बिहटा क्षेत्र में स्थित एक प्राचीन दुर्गा मंदिर से देवी की प्रतिमा के आभूषण चोरी होने के मामले में पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है। हालांकि अब तक चोरी किए गए आभूषण बरामद नहीं हो सके हैं। पुलिस महिला से पूछताछ कर रही है और चोरी के सामान की तलाश जारी है। यह घटना बिहटा थाना क्षेत्र के किशुनपुर गांव स्थित देवी स्थान मंदिर की है। जानकारी के अनुसार 18 फरवरी को मंदिर में पूजा के दौरान एक महिला ने मां दुर्गा की प्रतिमा से सोने की आंखें सहित अन्य आभूषण चोरी कर लिए थे। घटना के बाद गांव में काफी आक्रोश फैल गया था और ग्रामीणों ने आरोपी महिला को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। स्थानीय ग्रामीण रणजीत सिंह ने बताया कि उस दिन गांव की कई महिलाएं मंदिर में पूजा कर रही थीं। इसी दौरान एक महिला पूजा करने के बहाने मंदिर में प्रवेश कर गई। कुछ समय बाद उसने मां दुर्गा की प्रतिमा से दो सोने की आंखें निकाल लीं और मंदिर में रखे अन्य आभूषण तथा सामान भी चुरा लिए। इसके बाद वह वहां से फरार हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने आसपास के लोगों से पूछताछ की और जानकारी जुटाई। इसी दौरान पता

चला कि एक महिला को मंदिर के आसपास संदिग्ध स्थिति में देखा गया था। बाद में ग्रामीणों ने उसी महिला को गांव में देखा और उसे पकड़ लिया। महिला को पकड़ने के बाद गांव में कुछ समय के लिए हंगामा भी हुआ। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को भीड़ से सुरक्षित निकालकर थाना ले गई। पूछताछ के दौरान महिला ने बताया कि उसने चोरी किए गए आभूषण एक आभूषण दुकान में बेच दिए हैं। फिलहाल पुलिस उस आभूषण दुकान का पता लगाने और चोरी का सामान बरामद करने का प्रयास कर रही है। गिरफ्तार महिला की पहचान मनेर थाना क्षेत्र के गयासपुर गांव की निवासी के रूप में हुई है। पुलिस उसके बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि चोरी के आभूषण किस दुकान में बेचे गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार किशुनपुर गांव का यह देवी स्थान मंदिर लगभग 50 वर्ष पुराना है और गांव के सभी लोग यहां पूजा-अर्चना करते हैं। मंदिर में हुई इस चोरी की घटना के बाद से ग्रामीणों में काफी नाराजगी और चिंता का माहौल है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अब मंदिर में ताला लगाया जा रहा है। इस मामले में बिहटा थाना के प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि देवी स्थान मंदिर से मां दुर्गा के आभूषण चोरी होने के मामले में एक महिला को पकड़ा गया है। उससे लगातार पूछताछ की जा रही है। पुलिस चोरी के आभूषणों की बरामदगी के लिए प्रयास कर रही है और मामले की जांच जारी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी महिला के बताए गए तथ्यों के आधार पर आगे की जांच की जा रही है। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही चोरी किए गए आभूषणों को बरामद कर लिया जाएगा और इस मामले से जुड़े अन्य तथ्यों का भी खुलासा हो सकेगा।

कृषि मंत्री से मिले विधायक संजीव सरदार, सौंपा मांग पत्र; चेक डैम, हाट-बाजार व सिंचाई व्यवस्था मजबूत करने की मांग

दैनिक समाज जागरण 10.03.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर

झारखंड विधानसभा सत्र के दौरान पोटका के विधायक संजीव सरदार ने मंगलवार को विधानसभा अंतर्गत कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से शिष्टाचार मुलाकात कर पोटका विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के विकास और किसानों की सुविधा से जुड़े मुद्दों को लेकर एक मांग पत्र भी मंत्री को सौंपा।

विधायक ने किसानों और ग्रामीणों की समस्याओं को प्रमुखता से रखा

विधायक संजीव सरदार ने मांग पत्र के माध्यम से क्षेत्र में चेक डैम निर्माण, हाट-बाजारों के सुदृढ़ीकरण, सिंचाई व्यवस्था के विस्तारीकरण तथा किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के लागू होने से क्षेत्र के किसानों, ग्रामीणों और स्थानीय व्यापारियों को काफी लाभ मिलेगा तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

मंत्री ने दिया सकारात्मक पहल का आश्वासन

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने विधायक की ओर से उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि जनहित से जुड़े इन प्रस्तावों पर सकारात्मक पहल की जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पोटका क्षेत्र के विकास और किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए विभाग आवश्यक कदम उठाएगा।

विसर्जन घाट बने बेहतर, सड़क के मुख्य मार्ग से ऑपटिकल तारों का जाल हटाये जिला प्रशासन - अरूण सिंह

दैनिक समाज जागरण 10.03.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर

जमशेदपुर केन्द्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति का मुख्य प्रतिनिधि मंडल आज जमशेदपुर के अनुमंडल पदाधिकारी से मुलाकात कर जमशेदपुर मे होने वाले रामनवमी उत्सव 2026 के निमित सभी विषयो पर विस्तार से चर्चा किया, केन्द्रीय अध्यक्ष अरुण सिंह ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि जमशेदपुर मे लगभग 190 स्थानो से रामनवमी महोत्सव का आयोजन होना है, 16 स्थान से वसंती दुर्गा पूजा एवं दोमुहानी घाट सोनारी और स्वर्ण रेखा घाट साकची मे चैत्री छठ महापर्व होगा, शहर के 12 विसर्जन घाट पर 28 मार्च को रामनवमी अखाड़ा का विसर्जन होगा , 21मार्च को स्वर्ण रेखा घाट, साकची एवं दोमुहानी घाट सोनारी मे मारवाड़ी समाज की महिलाए गणगौर पूजन का समापन कर भगवान ईसर-गौरी की प्रतिभाओं का विसर्जन करेगीं, विहिप के जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता ने

कहा, कि रामनवमी अखाड़ा विसर्जन हेतू लाइसेंस की प्रकिया सरल होनी चाहिए, कार्यकारी अध्यक्ष नितिन त्रिवेदी ने कहा की श्रमिक एकता बजरंग अखाड़ा पाडी का पूजन स्थल को अतिक्रमण मुक्त करायें ताकी वहां से रामनवमी पूजन हो सके समिति ने अनुमंडल पदाधिकारी से मांग किया कि पहले से बेहतर विसर्जन घाट बनाया जाए एवं छठ महापर्व के दिन नदी घाट की बेहतर साफ-सफाई के साथ उस दिन नदी का जल स्तर बढ़ाने के लिए डेम से पानी छोडा जाए, सडक मार्ग के ऊपर शहर मे तारों का जाल बिछ गया है जिससे रामनवमी के बडे बडे झंडे को लेकर जाने से बहुत परेशानी होती है इसका निवारण किया जाये , सडक के मुख्य मार्ग कार पार्किंग और निर्माण के सामान के कारण बाधित न हो ताकि रामनवमी समिति आराम से विसर्जन कर सके, आज के इस बैठक मे मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष नितिन त्रिवेदी, महासचिव प्रवीण सेठी, सचिव विजय तिवारी, कोषाध्यक्ष दिलजय बोस, बंजरग दल संयोजक चंदन दास शामिल हुए ।

अलग-अलग स्थानों से शराब के साथ चार लोग गिरफ्तार

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।

किशनगंज जिले में शराब तस्करी और शराब के सेवन पर रोक लगाने के लिए उत्पाद विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में विभाग द्वारा चलाए गए विशेष जांच अभियान के दौरान अलग-अलग स्थानों से कुल 3.300 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई और चार लोगों को गिरफ्तार किया गया।

उत्पाद विभाग के निरीक्षक संगम कुमार विद्यार्थी के नेतृत्व में फरिंगोला चेक पोस्ट पर सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान आने-जाने वाले लोगों और वाहनों की बारीकी से जांच की गई। जांच के क्रम में पहली कार्रवाई में एक व्यक्ति के पास से 2.250 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई, जबकि दूसरी कार्रवाई में एक अन्य व्यक्ति के पास से 500 मिलीलीटर विदेशी शराब जब्त की गई। दोनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं दूसरी ओर देवी चौक पर सहायक अवर निरीक्षक भोले शंकर द्वारा चलाए गए जांच अभियान के दौरान दो अन्य व्यक्तियों को 1.050 लीटर विदेशी शराब के साथ धर दबोचा गया।

उत्पाद विभाग की टीम ने चारों गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद उन्हें सदर अस्पताल ले जाकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया। मेडिकल जांच के उपरांत सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बिहार में लागू शराबबंदी कानून का सख्ती से पालन कराने के लिए जिले भर में नियमित रूप से जांच अभियान चलाया जा रहा है। कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

पटना में जमीन बिक्री के नाम पर लाखों की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के जक्कनपुर थाना क्षेत्र में जमीन दिलाने के नाम पर महिला से लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी रंजन कुमार गुप्ता को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार गया जिले के टेकारी थाना क्षेत्र के अर्कदीवरीया गांव की रहने वाली सोहानी कुमारी, जो वर्तमान में पटना के इन्द्रानगर बैंक कॉलोनी रोड नंबर-4 स्थित लखी मेंशन अपार्टमेंट में रहती हैं, ओम स्ट्रक्चर सॉल्यूशन इंडिया लिमिटेड की डायरेक्टर भी हैं। उन्होंने जक्कनपुर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उन्होंने बताया कि जमीन खरीदने के क्रम में उनकी मुलाकात जक्कनपुर थाना क्षेत्र के न्यू बंगाली टोला निवासी रंजन कुमार गुप्ता से हुई। आरोप है कि रंजन कुमार गुप्ता ने 30 सितंबर 2022 को खाता संख्या 56 और सर्वे प्लॉट नंबर 193 के अंश में 1571 वर्गफीट जमीन देने का झांसा देकर उनसे आरटीजीएस के माध्यम से 21 लाख रुपये ले लिए। इसके बाद 10 अक्टूबर 2022 को 5 लाख, 25 नवंबर 2022 को 9 लाख और 27 दिसंबर 2022 को 10 लाख रुपये भी ले लिया। इस तरह जमीन दिलाने के नाम पर कुल 45 लाख रुपये वसूल लिए। पीड़िता का आरोप है कि उक्त जमीन देने के बजाय आरोपी ने वह जमीन किसी अन्य व्यक्ति को बेच दी। बाद में भरोसा दिलाकर 19 फरवरी 2023 को खाता संख्या 112, प्लॉट नंबर 293 के अंश में 1200 वर्गफीट जमीन देने का बैयाना किया और 25 फरवरी 2023 को फिर 10 लाख रुपये आरटीजीएस के माध्यम से ले लिया। इस तरह आरोपी ने कुल 55 लाख रुपये ले लिए।

महिला के अनुसार 9 अप्रैल 2023 को आरोपी ने 55 लाख रुपये लौटाने के लिए एकरारनामा लिखकर दिया और चार अलग-अलग चेक भी सौंपे। बाद में 14 जून 2023 को उसने 11 लाख रुपये वापस कर दिए, लेकिन शेष 44 लाख रुपये लौटाने से लगातार टालमटोल करता रहा और मांगने पर धमकी भी देने लगा। इस मामले में जक्कनपुर थाना में कांड संख्या 470/25 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(2), 318(4) और 317(2) के तहत कार्रवाई की जा रही है। जक्कनपुर थाना के पुलिस अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि महिला से लगभग 54 लाख रुपये लेकर धोखाधड़ी करने के आरोप में रंजन कुमार गुप्ता को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने उसे कोर्ट में प्रस्तुत किया, जहां से न्यायालय ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

सविता महतो ने सदन के शून्य काल में उठाया टीकर में नए पुल निर्माण की मांग

दैनिक समाज जागरण, संवाददाता

ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक सविता महतो ने विधानसभा सदन के शून्य काल में रंगामाटी से सिल्ली जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित टीकर पुल की जर्जर स्थिति का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि टीकर पंचायत के पास स्थित यह पुल लगभग 30 वर्ष पूर्व बना था और वर्तमान में इसकी स्थिति काफी खराब हो चुकी है ।विधायक ने सदन को अवगत कराया कि इस पुल से प्रतिदिन सैकड़ों भारी वाहनों का आवागमन होता है, जिससे कभी भी गंभीर दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है ।उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द टीकर में नए पुल के निर्माण की मांग की, ताकि क्षेत्र के लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके। विधायक सविता महतो ने कहा कि पुल की जर्जर हालत के कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए जनहित को ध्यान में रखते हुए इस दिशा में त्वरित कार्रवाई आवश्यक है। मालूम हो कि टीकर पुल काफी दिनों से जर्जर हो गया था जो चलने लायक नहीं था। विधायक के प्रयास से जर्जर सड़क का मरम्मत कराया था उन्होंने पुनः टीकर पुल की जर्जर स्थिति का मुद्दा सदन में उठाया और नया पुल निर्माण का मांग किया।

सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार के कार्यालयों का कम्प्यूटरीकरण

यह परियोजना 30 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में प्रगति पर है तथा 5 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में पूर्ण हो चुकी है। केरल राज्य ने इस परियोजना में रुचि नहीं दिखाई है। परियोजना के अंतर्गत भारत सरकार के हिस्से के रूप में कुल 82.85 करोड़ (महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश सहित) की धनराशि आवंटित की गई है। इसमें से अब तक राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को कुल 29.02 करोड़ जारी किए जा चुके हैं। इस परियोजना के अंतर्गत राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा रजिस्ट्रार सहकारी समितियों के कार्यालयों के कम्प्यूटरीकरण हेतु हार्डवेयर की खरीद, सॉफ्टवेयर के विकास तथा अन्य कार्यान्वयन संबंधी आवश्यकताओं जैसी गतिविधियों पर लगभग 18 करोड़ की राशि व्यय की गई है ।राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के रजिस्ट्रार सहकारी समितियों के कार्यालयों के कम्प्यूटरीकरण परियोजना (झारखंड सहित) के अंतर्गत लक्ष्य प्राप्ति में विलंब निम्नलिखित कारणों से हुआ है:झ्

(i) कार्यान्वयन के प्रारंभिक चरण में समय की कमी, क्योंकि क्रियान्वयन के लिए सीमित अवधि उपलब्ध थी तथा कई राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा अपने रठअ खातों को सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणाली के साथ मैप करने की प्रक्रिया पूर्ण नहीं की गई थी।

(ii) निधियों के वितरण हेतु ढत्र्ह्र में नए उरठअ मॉडल की शुरूआत तथा राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को इस प्रणाली के अंतर्गत चाइल्ड एजेंसी के रूप में मैप करने में हुई देरी।

(iii) कई राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा जारी निधियों के उपयोग में विलंब, जिसका कारण परियोजनाओं के लिए प्रशासनिक स्वीकृतियाँ लंबित होना, सॉफ्टवेयर विकास के लिए विक्रेताओं का अंतिम चयन न होना, हार्डवेयर की खरीद में विलंब तथा राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा समभाग जारी करने में देरी होना है, जिसके परिणामस्वरूप आगामी किस्तों का निर्गमन नहीं हो सका।

(iv) इसके अतिरिक्त, रठअ SPARSH मॉडल तथा ट्रेजरी सिंगल अकाउंट (TSA) मॉडल जैसी नई प्रक्रियाओं की शुरूआत, जिसके अंतर्गत राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के फ्र्इक खाते दिल्ली स्थित भारतीय रिजर्व बैंक की क्षेत्रीय शाखा में खोले जाने आवश्यक थे, जिससे आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा करने में पर्याप्त समय लगा।

मंत्रालय की पहलों के सुचारु एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए राज्यों के साथ सक्रिय रूप से समन्वय किया जा रहा है। सचिव (सहकारिता) की अध्यक्षता में राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मासिक बैठकें आयोजित की जाती हैं, जिनमें मंत्रालय द्वारा संचालित पहलों की प्रगति की समीक्षा की जाती है। इसके अतिरिक्त, राज्यों के सहकारिता विभागों के प्रधान सचिवों/सचिवों तथा राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के रजिस्ट्रार सहकारी समितियों के साथ तिमाही समीक्षा बैठकें भौतिक रूप से आयोजित की जाती हैं। हाल ही में, दिनांक 17 फरवरी 2026 को माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री की अध्यक्षता में ह्यमंथन बैठकह्न आयोजित की गई, जिसमें राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के माननीय सहकारिता मंत्रियों ने भाग लिया।

अधिकांश राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा परियोजना का कार्यान्वयन वर्तमान में प्रगति पर है। कुछ राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में परियोजना हाल ही में पूर्ण हुई है, इसलिए फ्छर कार्यालयों के कार्यकरण में हुए मापनीय सुधारों का आकलन करना अभी जल्दबाजी होगी।

मंत्रालय प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के कम्प्यूटरीकरण से संबंधित जिला-स्तरीय आंकड़े संधारित नहीं करता है। तथापि, उत्तर प्रदेश राज्य में स्वीकृत कुल 6,257 ढअउर में से 3,057 ढअउर का कम्प्यूटरीकरण किया जा चुका है। (राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस) में पंजीकृत सहकारी समितियों की राज्य-वार एवं जिला-वार (उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले सहित) संख्या का विवरण अनुलग्नक - में संलग्न है।

चूँकि अधिकांश राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में परियोजनाओं का कार्यान्वयन वर्तमान में प्रगति पर है, इसलिए सहकारी क्षेत्र में पारदर्शिता, अनुपालन दक्षता तथा सेवा प्रदायगी पर इन पहलों के प्रभाव का आकलन करना अभी जल्दबाजी होगी।